राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

आज का दिन

यह तारीख भारत में आईवीएफ तकनीक के लिहाज से खास है। इस तकनीक से जन्मे शिशु को टेस्ट ट्यूब बेबी कहते हैं। भारत के पहले टेस्ट ट्यूब बेबी के जनक डॉ. सुभाष मुखोपाध्याय हैं। डॉ. सुभाष मुखोपाध्याय का जन्म 16 जनवरी 1931 को हुआ था। कोलकाता के डॉ. सुभाष मुखोपाध्याय ने भारत में पहली बार 25 जुलाई, 1978 को टेस्ट ट्यूब बेबी का सफल परीक्षण किया। तीन अक्तूबर, 1978 को इस टेस्ट ट्यूब बेबी का जन्म हुआ।

वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 346 | रांची, बुधवार, 19 जून 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com

हजारीबाग सर्राफा

सोना (बिक्री) ₹ 6,780.00 प्रति ग्राम

चांदी ₹ 95.00 प्रति ग्राम

पहले शोरूम के रूप में स्थापित हजारीबाग शहर का गौरव

देश हित के लिए मतदान अवश्य करें!

अक्षय तृतीया मेकींग चार्जेज फ्लैट 10%*

4 दशकों से निरंतर सेवा में

अनूठे विश्वास और आईने की सच्चाई के साथ

DIAMOND, GOLD, SILVER 100% शुद्धता के साथ

A House of Traditional Trust

SRI ALANKAR JEWELLERS

MALVIYA MARG, HAZARIBAG, Mob. : 9934943065

सप्तगिरि आई.टी.आई.

भारत सरकार N.C.V.T नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त

ट्रेड- मैकेनिकल डीजल, फिटर, इलेक्ट्रीशियन

- Wi-Fi Campus
- CCTV Camera
- Campus Selection
- Scholarship Facility

नामांकन प्रारंभ सत्र- 2024-26

Hostel Facility Available

सिन्दुर, महेन्द्र कॉलोनी, हजारीबाग

9470333159

9608881460

Email: saptagiri.hzb@gmail.com

धर्मस्थल लुगुबुरु-मरांगबुरु को बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में जल्द से जल्द करें विकसित : चम्पाई सोरेन

मुख्यमंत्री ने पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा की

रांची, उज्ज्वल दुनिया सं

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में प्राकृतिक सौन्दर्यता बेमिसाल है। यहां विभिन्न समुदायों के कई अहम धार्मिक स्थल तथा अलग-अलग कला-संस्कृति का एक अनोखा मिश्रण है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आदिवासी धर्मावलंबियों के आस्था एवं विश्वास का धर्मस्थल लुगुबुरु तथा मरांगबुरु को एक बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में जल्द से जल्द विकसित किया जाए। पर्यटन विभाग के पदाधिकारी जल्द से जल्द इस निमित्त एक बेहतर डीपीआर तैयार कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ करें।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पहाड़ी मंदिर परिसर रांची का सम्पूर्ण विकास जरूरी है। पहाड़ी मंदिर आस्था और विश्वास का एक बड़ा धर्मस्थल है। राज्य सरकार द्वारा पहाड़ी मंदिर में रोप-वे बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। इसके लिए फीजिबिलिटी वेरीफिकेशन भी हुई थी। पदाधिकारी फीजिबिलिटी रिपोर्ट जल्द मंगाकर आगे की कार्रवाई प्रारंभ करें। पहाड़ी मंदिर के विकास के लिए जो भी रोड में तैयार किया गया है।

मां गंगा ने मुझे गोद लिया, तीसरी बार चुना जाना ऐतिहासिकः प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, उज्ज्वल दुनिया सं

पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की

30 हजार से अधिक कृषि सखी महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए

वाराणसी से तीसरी बार लोकसभा चुनाव जीतने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को काशी पहुंचे। उन्होंने देशभर के किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की। इसके बाद काशी की जनता का धन्यवाद किया। प्रधानमंत्री मंगलवार को वाराणसी में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद पहली बार मैं काशी आया हूं। बाबा विश्वनाथ, मां गंगा और काशी की जनता के आशीर्वाद से मुझे तीसरी बार देश का प्रधानसेवक बनने का मौका मिला है। काशी की जनता ने मुझे जिताकर धन्य कर दिया। ऐसा लगता है कि अब तो माता गंगा ने भी मुझे गोद ले लिया और मैं यहीं का हो गया हूं। मैं आपका आभारी हूं। उन्होंने कहा कि इस बार देश के चुनावों ने नया इतिहास रच दिया है। दुनिया के लोकतांत्रिक इतिहास में यह पहली बार है कि किसी सरकार को लगातार तीसरी बार चुना गया हो। भारत की जनता ने यह कर दिखाया है। उन्होंने देशवासियों को विश्वास दिलाया कि वे दिन-रात ऐसे ही मेहनत करेंगे और लोगों के सपनों और संकल्पों को पूरा करने के लिए हर प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि अंतर्गत लगभग 9.26 करोड़ लाभार्थी किसानों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की 17वीं किस्त जारी की।

ACHIEVERS' CLASSES

"Come with Dreams, Leave with Success"

A Premier Coaching Institute for VI, VII, VIII, IX, X, XI, XII, XII Pass (DROPPER), NTSE, OLYMPIAD, IIT- JEE (MAIN + ADV.) & NEET EXAMS

Congratulations to our JEE-MAIN 2024 TOPPERS....

TOTAL SELECTION FOR JEE - ADVANCED 223 STUDENTS

SAHIL 99.86 Percentile | PRAKHAR 99.82 Percentile | ASHISH 99.73 Percentile | ADITYA 99.61 Percentile | AYUSH 99.24 Percentile | SIKANDAR 99.14 Percentile | SREYAS 99.1 Percentile | SOURYA 99.05 Percentile | PRAKHAR 99.05 Percentile | And many more....

SELECTION IN 2023 | SELECTION IN JEE-ADVANCED 42 | SELECTION IN JEE-MAIN 220 | SELECTION IN NEET 50

Admission is going on....

Schooling Facility Is Available For 10th Pass Students

OUR PREVIOUS YEARS NEET TOPPERS

Anuradha — XIIth - Inter Science College, Hzb. — RIMS, Ranchi — NEET 2022, Hazaribag District Topper

Nikki Kumari — HAZARIBAG NEET TOPPER — NEET SCORE 664 — AIR : 1841 (General Rank) AIR : 647 (OBC Rank) — Student of One Year Target Batch

Shilpa, Vikash Kumar, Akanksha Priya, Abhishek, Kritika, Akansha Rani, Ruchi Jain, Many More...

Scholarship Available upto 100% on Tuition Fee

Our Pillar Of Success

Er. C.S. Singh Physics | Er. Arvind Thakur Chemisty | Dr. S.C. Jain Biology | Pawas Guru Biology | Er. Ajay Thakur Mathematics

Main Branch: ABOVE BANK OF BARODA, KALIBARI ROAD, HAZARIBAG

Cont.- 9006618149, 9955455935, 9534188949, www.achieversclasses.com

साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में लगभग 50 से अधिक आवेदकों ने की उपायुक्त से मुलाकात

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

गुमलाः आज मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित साप्ताहित जन शिकायत दिवस में जिले के दूर दराज से लगभग 50 से अधिक आवेदकों ने आकर उपायुक्त से मुलाकात की। प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को आयोजित पूर्वाह्न 11ः00 बजे से प्रारंभ जन शिकायत निवारण दिवस में लगातार सैंकड़ों आवेदकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

दिव्यांग बेटी सरोज बरला को उनके रोजगार संवर्धन के लिए मिली सहायता

इसी क्रम में पिछले माह जन शिकायत दिवस में उपायुक्त से मिलने बसिया प्रखंड की दिव्यांग बेटी सरोज बरला ने अपने रोजगार संवर्धन के लिए उपायुक्त से सहायता की मांग की थी। उन्होंने सिलाई करने की ट्रेनिंग ली थी एवं वह स्वयं दिव्यांग होते हुए भी अन्य महिलाओं को रोजगार करने के लिए प्रेरित करती हैं एवं उन्हें भी सिलाई करना सिखाती है, सरोज की प्रतिभा एवं कुछ करने की इच्छा को देखते हुए आज मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के सहयोग से सरोज को 3 सिलाई मशीन टेबल के साथ प्रदान किया गया। सरोज बरला कहती हैं कि उन्हें 1 माह में ही उपायुक्त से सहायता मिल गई जिसके लिए वे बेहद खुश है उन्होंने उपायुक्त द्वारा किए गए इस सहयोग के प्रति आभार प्रकट किया। सरोज कहती है कि वह इस मशीन से अपने संस्था को विस्तारित रूप देंगी एवं और भी महिलाओं को सिलाई करना सिखाएंगी एवं अपने साथ साथ अन्य महिलाओं को भी रोजगार करने हेतु प्रेरित करेंगी।

आज 50 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्याओं को रखा उपायुक्त के समक्ष

गुमला के पालकोट रोड में रहने वाले विकास कुमार ने अपना आवेदन समर्पित करते हुए बताया कि उनकी हार्डवेयर की दुकान शॉर्ट सर्किट होने के कारण जल गई, जिसमें लगभग 6.5 लाख रुपए के संपत्ति का नुकसान हुआ, दुकान के जलने से उनके घर की आमदनी ठप हो गई है, जिसपर उन्होंने उपायुक्त से सहायता की मांग की। उपायुक्त ने उक्त आवेदन को एसडीओ गुमला को अग्रसारित किया एवं त्वरित रूप से पूरे मामले की जांच एवं उन्हें नियमानुसार सहायता राशि देने हेतु सहयोग करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार से वन तालाब के समीप रहने वाली गायत्री देवी ने अपना आवेदन समर्पित करते हुए उनके घर के ऊपर से गुजरने वाले 11001 के तार को सुरक्षा के दृष्टिकोण से हटवाने की मांग की। घाघरा निवासी सुषमा कुमारी ने अपनी दिव्यांगता के विषय में उपायुक्त को जानकारी दी एवं उन्होंने बैटरी चालित रिक्शा की मांग की। घाघेक निवासी दिव्यांग सुशील उरांव ने बताया कि वे वर्ष 2016 से मनरेगा विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्य कर रहें हैं। सुशील ने उपायुक्त से घाघरा प्रखंड में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर स्थाई करने एवं लंबित बकाया मानदेय राशि के भुगतान कराने हेतु उपायुक्त से सहायता की मांग की। जिसपर उपायुक्त ने उन्हें आश्वस्त किया एवं निश्चित होकर जाने के लिए कहा। इसके अलावा आज जनता दरबार में राशन, पेंशन, आवास योजना, निजी एवं सामाजिक मुद्दों को लिए आवेदकों ने उपायुक्त से मुल्कात की। एवं सभी की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं सभी विषयों पर अविलंब कार्रवाई करने हेतु ।

19 जून को मनाया जाएगा विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस

गुमलाः कल दिनांक 19 जून को विश्व सिकल सेल अनीमिया दिवस है।इस अवसर पर पूरे गुमला जिला में वृहद रूप से सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।जिसके तहत विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्रों को उक्त बीमारी के संबंध में जागरूक किया जायगा। सभी बच्चों एवं शिक्षकों का सिकल सेल एनीमिया का निः शुल्क जाँच किया जाएगा।इसके लिए सभी कस्तूरबागांधी एवं आवासीय विद्यालयों में सभी छात्राओं एवं छात्रों का सिकल सेल एनीमिया की जांच करने की तैयारी की जा रही है। उक्त जानकारी स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (एसीएमओ) डॉ. प्रमोद कुमार सिन्हा के द्वारा दी गई। ज्ञात हो की सिकल सेल एनीमिया एक अनुवांशिक बीमारी है जिसमें ॠक्ष्ट हसिया के आकार का हो जाता है।यह ॠक्ष्ट जल्दी टूट जाता है और व्यक्ति खून की कमी से ग्रसित हो जाता है।सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित मरीजों को खून की कमी ,कमजोरी,थकान होना,कमर एवं जोड़ों में दर्द होसकता है।गंभीर रूप से ग्रसित व्यक्ति को बार बार खून चढ़ाना पड़ता है।गुमला जिला में 0-40 वर्ष के सभी लोगों का खून जाँच किया जा रहा है ।यह कार्यक्रम 1 नवंबर 2022 से शुरु किया जा चुका है।जाँच के बाद लोगों को विवाह पूर्व काउंसलिंग की जा रही है जिससे की विवाह के उपरान्त उनके बच्चों को बीमारी से बचाया जा सके और जिला में सिकल सेल एनीमिया के प्रसार को रोका जा सके। इस बीमारी का जाँच ही बचाव है।

मादक द्रव्यों के दुरुपयोग को रोकने हेतु जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

गुमलाः जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां की अध्यक्षता में आज एस एस प्लस टू बालक उच्च विद्यालय गुमला के सभागार में मादक द्रव्यों के दुरुपयोग को रोकने हेतु जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन के उपरांत राज्य स्तर से प्राप्त दिशा निर्देश अनुरूप संचालित इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा अपील की गई कि नशा एक ऐसी समस्या है जिसकी चपेट में किशोर अवस्था में सबसे ज्यादा स्कूली बच्चों के आने की संभावना होती है । उनके द्वारा कहा गया कि विद्यालय के शिक्षकों के समन्वय में कक्षा 9 से 12 के छात्रों पर विशेष नजर रखने तथा उनकी काउंसिलिंग करने की जरूरत है । साथ ही विद्यालय परिसर के आस पास मादक द्रव्यों या अन्य नशीले पदार्थो के विक्रय संबंधी यदि किसी तरह की संदिग्ध जानकारी मिलती है तो उच्च अधिकारियों को अवश्य सूचित करें तथा गुरु गोष्ठी एवं शिक्षकों की बैठक में इस विषय को गंभीरता से लेते हुए रूटीन से इसकी मॉनिटरिंग करें ।

कार्यशाला में 18 से 26 जून तक विभागीय रूप से निर्धारित दैनिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए कक्षा 9 से 12 संचालित सभी सरकारी, सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक तथा निजी विद्यालयों में गतिविधियां चलाने तथा शिक्षकों द्वारा अपने क्षेत्र में निगरानी रखते हुए मादक द्रव्यों सहित अन्य नशीले पदार्थ की उपलब्धता/विक्रय को रोकने के लिए उचित कदम उठाएंगे तथा आवश्यकतानुसार प्रशासन का सहयोग प्राप्त करेंगे । कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी प्रियश्री भगत, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किरण कुमारी एवम प्रीति कुजूर तथा एडीपीओ पियूष कुमार उपस्थित रहे तथा डायट से कुमार सुंदरम भारद्वाज के द्वारा मंच संचालन किया गया । कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सहित सभी बीआरपी, सीआरपी उपस्थित थे ।.

पाँच सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे ग्रामीणों को विधायक सुनीता चौधरी ने दिया समर्थन

रामगढ। छतर स्थित नगर परिषद कार्यालय के समीप सैकडो ग्रामीणों ने होल्डिंग टैक्स 60त्न कम करने एवं पाँच सूत्री मांग नगर विकास एवं आवास विभाग को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन माध्यम से अवगत कराया गया। हमारे मुख्य रूप से होल्डिंग टैक्स 60त्न कम करने एवं विकलांग, विधवा महिला, वृद्धापेंशन व्यक्तियों के होल्डिंग टैक्स माफ करने एवं किसानों को उचित सुविधा देने, होल्डिंग टैक्स का पैसा ग्रामसभा द्वारा पारित परियोजना में ग्रामीण स्वंय खर्च करेंगे, ना कि कोई ठीकेदार, नगर परिषद क्षेत्र में सरकारी काम जैसे- स?क, नाली, तालाब आदि में स्थानीय लोगों को रोजगार दे,किसानों के लिए कृषि संबंधित लाभ दिया जाए जैसे- फसल बीमा, सस्ती दर पर बीज, कृषि सामाग्री आदि एवं महिलाओं एवं छात्रों के लिए निःशुल्क वाहन सुविधा तथा कोर्ट परिसर से सदर अस्पताल तक निःशुल्क वाहन सुविधा मांगे शामिल हैं।मौके पर आंदोलन के गति देने के लिए रामग विधायक सुनीता चौधरी ने ग्रामीणों का समर्थन किए। साथ ही उन्होंने कहा कि नगर परिषद के सभी वार्ड ग्रमीण क्षेत्र है और यहाँ विभिन्न प्रकार के समस्या है और किसी तरह के सुविधा उपलब्ध नहीं है। ऐसे में होल्डिंग टैक्स से लोग परेशान है। चूँकि यहाँ के आम जनता कृषि और दिहाी मजदूरी के काम करते है कई ऐसे घर है जो वृद्धापेंशन से अपना जीवन यापन कर रहे है। ऊपर से रोजगार की कोई व्यवस्था नही है हम आपके मांगो साथ खी हूँ। रवि कुमार ने कहा कि उपर्युक्त मांग पूरी नही हुआ तो ग्रामीणों द्वारा होल्डिंग टैक्स के विरुद्ध किया जाएगा और नगर परिसद कार्यालय को तालाबंदी किया जाएगा। जिसका जवाब देहि नगर परिषद एवं प्रशासन, राज्य सरकार की होगी। मौके पर- संजय बनारसी, नीरज मंडल, राजेश महतो, विशेश्वर बेदिया, श्रवण हेम्ब्रम, फूलचंद सोरेन, वीरू मुंडा, राहुल रंजन, सूरज कुमार, नन्दू महतो, फूलकुमारी देवी, कविता देवी,प्रियंका देवी, रेशमी देवी, सुमित्रा देवी, सुनीता देवी, सीता देवी, बहामुनि देवी, सावित्री देवी, अंजू देवी, कौशल्या देवी, संजोती देवी, आशा देवी, निराशो देवी, ओहिला देवी, जशोदा देवी, धनेश्वरी देवी, पूनम देवी उर्मिला देवी, गणेश बेदिया, धर्मेंद्र बेदिया, ढेना मांझी, सूरजदेव बेसरा, जेठु मांझी, मनीष बेदिया, बहाराम बेसरा,।

पर्यावरण की हरियाली को ले लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने क्षेत्रवासियों के बीच बांटा पौधा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ)।पर्यावरण की हरियाली को लेकर लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने कोयलांचलवासियों के बीच पौधा का वितरण कर अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम के तहत एयरटेल टॉवर स्थित उत्सव मैरिज हॉल में क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा लगभग 35 फलदार व छायादार पौधा का वितरण किया गया। इस दौरान आम, अमरूद, पपीता, काजू, नींबू, अशोक आदि पौधों का वितरण कर इसके संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। कहा गया कि पर्यावरण की सुरक्षा हमसबों का दायित्व है। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा। कहा गया कि एक पे 100 पुत्र के समान होता है, इसलिए सबों को अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। कहा गया कि पौधारोपण ही काफी नहीं, पौधो का संरक्षण भी बेहद जरूरी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी, एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, निर्मल अग्रवाल, विजयंत कुमार, शिवा प्रसाद, प्रमोद शर्मा, विजय वर्णवाल, आदि का विशेष योगदान रहा।

प्रबंधन का सार्थक रुख, निरीक्षण के लिए भेजा अधिकारीः पुरुषोत्तम पाण्डेय

गिद्दी। फिल्टर प्लांट गिद्दी ए परियोजना में चोरों द्वारा विगत 9 जून को आतंक मचाने और ड्यूटी में तैनात दो सीसीएल कर्मी को बेरहमी से मारपीट कर एक रूम में बंद कर देने के साथ मोटर चोरी करने का असफल प्रयास किए जाने के बाद उत्पन्न कार्यरत कर्मियों में भय का माहौल और रोष व्याप्त था। इसे लेकर कोल फील्ड मजदुर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव पुरुषोत्तम पाण्डेय घटना स्थल पर पहुंच मजदूरों को हिम्मत दिलाते हुए प्रबंधन की लापरवाही और मनमानी पर खेद प्रकट किया।और महाप्रबंधक को पत्र लिखकर गिद्दी ए प्रबंधन और सुरक्षा विभाग की निष्क्रियता के कारण गिद्दी ए फिल्टर प्लांट में आए दिन आपराधिक घटनाएं होते रहती है। और कभी भी कर्मी के साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती है। श्री पाण्डेय ने पत्र के माध्यम से महाप्रबंधक को गिद्दी फिल्टर प्लांट में 15 दिनों के अंदर समुचित लाइट की व्यवस्था, फिल्टर प्लांट के टूटे बाउंड्री वॉल को ठीक करने और बाउड्री वाल के अंदर झाड़ी को हटवाने के लिए सूचित करने पर महाप्रबंधक द्वारा गंभीरता से लेते हुए अविलंब स्टाफ ऑफिसर सिविल गौरव तिवारी को मामले के समाधान का आदेश दिया। गौरव तिवारी गिद्दी ए स्थित फिल्टर प्लांट पहुंचकर जायजा लिया और गिद्दी के ओवरसियर नागेश महतो को बाउंड्री वाल ठीक करने के साथ साथ पूरे दीवार पर कांटेदार तार लगाने का आदेश दिया।और सहयोगी अधिकारियों से बात कर दो अतरिक्त लाइट देने की बात कही और झाड़ी कटिंग को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रबंधन की तरफ से स्टाफ ऑफिसर सिविल गौरव तिवारी, नोडल ऑफिसर सी एस आर रजत जयसवाल,ओवरसीयर नागेश महतो, मजदूरों की ओर से कोलफील्ड मजदुर यूनियन ।

रामगढ की सुशीला देवी हत्याकांड में शामिल एक अभियुक्त गिरफ्तार

रामगढ़ । शहर के पतरातू बस्ती के विद्यानगर में पिछले 30 मई को सेवा निर्मित रेलकर्मी अशर्फी प्रसाद के घर में घुसकर उनकी पत्नी सुशीला देवी की हत्या और लूटपाट मामले का रामगढ़ पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है । अब रामगढ़ पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । इस बात की जानकारी जिला के पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी है ।

पुलिस अधीक्षक विमल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रामगढ़ पुलिस अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में फरार चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी और लूटे गए जेवरात की बरामदगी के लिए लगातार छापामारी कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले का उद्भेदन पूर्व में ही कर दियागया है। उन्होंने बताया कि गठित एसआईटी की टीम ने 17 जून को गढ़वा में छापामारी कियाद्य घटना के अभियुक्त फरार चल रहे अंकित उर्फ अनिकेत कश्यप को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गयाद्य गिरफ्तार अभियुक्त में इस कांड में अपनी संलिप्ता स्वीकार कर ली हैद्य पुलिस ने अंकित को गिरफ्तार कर रामगढ़ ले आया है । उसे जेल भेज दिया गया है।अनिकेत के पास से लूटे गए चांदी का कटोरा,चांदी का एक छोटा कटोरा,एक जोड़ा चांदी का पायल और अन्य वस्तुओं को बरामद किया है ।

अनिकेत की गिरफ्तारी का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद,रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू, पुलिस अधिकारी सुमंत कुमार राय, ओंकार पाल,राजीव उरांव एवं सशस्त्र पुलिस के जवान शामिल थे ।

एक-नजर

डॉ आनन्द जगनाणी को लाइफटाइम एचीवमेंट एवार्ड

राँची : पूर्वांचल मध्यकालीन आयुर्विज्ञान एवं राँची पेडिकॉन के सह आयोजन में राँची के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ आनन्द कुमार जगनाणी को उनकी अप्रतिम एवं निरन्तर सेवा के लिए लाइफटाइम एचीवमेंट एवार्ड (स्मृति चिह्न, प्रशस्तिपत्र एवं दुशाला) से सम्मानित किया गया है । ज्ञात हो कि डॉ जगनाणी ने रिम्स, राँची तत्कालीन आर.एम.सी.एच. से एम.बी.बी.एस. (आयुर्विज्ञान स्नातक) एवं राँची विश्वविद्यालय से शिशु रोग में स्नातकोत्तर किया है । उन्होनें झारखण्ड एवं तत्कालीन बिहार सरकार में भी अनवरत सेवा प्रदान किया है । वे महाविद्यालय में समर्पित एवं लोकप्रिय शिक्षक रहे हैं । उनकी ख्याति एवं नवजात शिशु चिकित्सा में रुचि उल्लेखनीय है । उन्होंने आई.ए.पी. के विभिन्न पदों पर समय-समय पर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है । वर्तमान में वे एन.एन.एफ. (राँची शाखा) के अध्यक्ष हैं । उन्होंने स्थानीय, प्रादेशिक, आँचलिक एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयुर्विज्ञान सम्मेलनों में व्याख्यान प्रस्तुत किया है । उनके कई आलेख भी प्रकाशित हुए हैं । उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए उनको पायनियर एवं शिशु शिरोमणि विशेषज्ञ सम्मान से भी अलंकृत किया गया है । यह हर्ष का विषय है कि डॉ आनन्द कुमार जगनाणी को पुनः सम्मानित करते हुए लाइफटाइम एचीवमेंट एवार्ड प्रदान किया गया है ।

पूर्व उर्दू विभागीय अध्यक्ष रांची यूनिवर्सिटी कहकशा परवीन के आकस्मिक निधन पर लोगों में मायूसी

गुमला - पूर्व उर्दू विभागीय अध्यक्ष रांची यूनिवर्सिटी रांची व उत्कृष्ट लेखिका नायाब सितारा (कहकशां परवीन) के आकस्मिक मृत्यु की खबर से पूरे झारखंड और बिहार में उनके चाहने वाले हजारों लोगों में मायूसी छा गई है , स्वर्गीय कहकशा परवीन के मौत से झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ भी काफी मर्माहात है , संघ के महासचिव अमीन अहमद और प्रवक्ता शहजाद अनवर ने स्वर्गीय कहकशा परवीन को उर्दू भाषा को अपनी उत्कृष्ट और दमदार लेखनी के माध्यम से एक अलग पहचान बनाने वाली सितारा बताते हुए दुख प्रकट किया और अहमद ने कहां है कि झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के समस्त साथी के तरफ से मरहूम के आत्मा की शांति के लिए अल्लाह से दुआ किया जा रहा हैं और उनके घर वालों और उनके चाहने वालों को अल्लाह सब्र दे।

युवा पत्रकार रविकांत को ईरा झारखंड प्रदेश के पद पर किया मनोनीत, साथियों में हर्ष

गिद्दी। कोयलांचल अरगड्डा क्षेत्र सह गिद्दी तूफान चौक निवासी युवा संघर्षशील पत्रकार रविकांत बनर्जी को देश के वृहद पत्रकार संगठन इंडियन रिपोर्टर्स संगठन (ईरा) के द्वारा बेहतर कार्य करने को लेकर ईरा झारखंड प्रदेश के पद पर मनोनीत किया है। इसकी जानकारी सोमवार को इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन(ईरा) के राष्टीय महासचिव मोहम्मद जहांगीर ने कोलकाता राजारहाट इईरा कार्यालय में बैठक के बाद साझा किया। उन्होंने बताया कि झारखंड प्रदेश में विभिन्न पत्रकार, सामाजिक, राज्य व देश हित से जुड़े क्रियाकलाप को लेकर लगातार करीब पांच वर्षो से ईरा संगठन के झारखंड प्रदेश महासचिव रविकांत बनर्जी लगे हुए है। इनके पहल के कारण सीसीएल क्षेत्र में पत्रकारों के लिए सुविधाओं को लेकर कोल इंडिया में भी ईरा ने अपनी 10सूत्री मांगे रखी है। हमेशा कोयलांचल ग्रामीण क्षेत्र पत्रकारों के लिए हमेशा संघर्षरत है, इनके मार्गदर्शन में झारखंड के विभिन्न राज्यों में संगठन विस्तार हो रहा है, संगठन इसे लेकर लगातार मंथन में करने में लगा है कि पत्रकारों के अधिकारों और सुरक्षा कैसे हो पाए, इसी को मजबूत बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है, उन्होंने शुभकामनाएं और बधाई देते हुए पत्रकार हित में आगे बढ़ाने के लिए भी बातें कहींश है। वहीं जिला रामगढ़ व अरगड्डा क्षेत्र के पत्रकारों को खबर मिलने के बाद हर्ष का माहौल व्याप्त है, सभी साथी पत्रकारों ने ईरा के नवनियुक्त राज्य झारखंड अध्यक्ष रविकांत बनर्जी को निरंतर आगे बढ़ने, पत्रकार हितो की आवाज बुलंद करने और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। बधाई देने वालों में ईरा जिला रामग अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा, ईरा कार्यकारिणी अध्यक्ष तपन बनर्जी, ईरा उपाध्यक्ष गोपाल गिरी, सचिव बिरेंद्र पासवान, वरीय पत्रकार कृष्ण कुमार, विनोद सिंह, श्याम ठाकुर, सुनील कुमार, बबन राउत, मो. अयुब, युवा पत्रकार मोहम्मद शाहिद, सुरेंद्र राम, रंजीत सिंह, सतीश तूरी, एहसान मंजर, पवन सिंह, कमलेश मेहता, दीनानाथ महतो सहित दर्जनो पत्रकार साथी शामिल है।

मां शीतला मंदीर सयाल मोड में 24 घंटा का अखण्ड-हरिकीर्त्तन संपन्न, हुई विशेष पूजा

भुरकुंडा (रामगढ)। माँ शीतला मंदीर सयाल मो भुरकुंडा में चल रहे 24 घंटा का अखण्ड-हरिकीर्त्तन का समापन हो गया। इसके पूर्व पुरोहित रामकुमार पाठक द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद अखंड-हरिकीर्त्तन का शुभारंभ हुआ। पूजा में बतौर यजमान कैलाश ठाकुर व पत्नी रीता देवी शामिल हुईं। अखंड-कीर्त्तन के दौरान हरे रामा हरे कृष्णा के भक्ति उद्घोषों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। हरिकीर्त्तन मंडली में सेंट्रल सौन्दा, लंपगा, बनगड्डा, जवाहर नगर, पटेलनगर आदि क्षेत्रों के श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में नागो राय, व्यास कैलाश ठाकुर, भीम सिंह, सुभाष यादव, नानू यादव सहित पटेलनगर पंचायत के लोगों का विशेष योगदान रहा।

सिरका परियोजना के पीओ का ई-8 में प्रमोशन

गिद्दी। सिरका परियोजना के पीओ श्रीकांत शर्मा का ई-8 में प्रमोशन हो गया है। इस मौके पर जनता मजदूर संघ सिरका शाखा के सदस्यों ने मंगलवार को मुलाकात कर अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी। इस अवसर पर जनता मजदूर संघ के वक्ताओं ने कहा कि सिरका पीओ श्रीकांत बीते वर्ष 1990 से 2021 तक एसईसीएल में कार्यरत रहे हैं। वहां से सिरका परियोजना में आने के पश्चात कुशल कार्य व मार्गदर्शन से सिरका कोलियरी को सीटीओ प्राप्त हुआ। वर्षो के बाद लोकल सेल चालू हुआ और बेहतरीन क्वालिटी के कोयले का उत्पादन हो रहा है।अरगड्डा सिरका में जल की समस्या भी धीरे-धीरे समाप्ती के कगार पर है। इसके अलावे अनेकों समस्याओं पर सकारात्मक पहल हुई है। बधाई देने वालों में संघ के क्षेत्रीय सचिव दीपक कुमार, शाखा सचिव सिरका मनोज पाल, मोहम्मद मुख्तार, शिव शंकर कुमार, योगेश हजारी, मोहम्मद सत्तार, विष्णु राम, राजेंद्र कुमार, सुशील कुमार पांडे, आदित्य कुमार, रंजीत राम, मुन्ना राम, परमोल देव, हरिनंदन चौधरी आदि शामिल है।

टी एस पी सी एरिया कमाण्डर दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी के दस्ता का सक्रिय सदस्य बादल गंझू सहित 02 नक्सली हथियार के साथ गिरफ्तार

रांची/वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची को गुप्त सूचना मिली की टी०एस०पी०सी० संगठन के एरिया कमाण्डर दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी के दस्ता का सक्रिय सदस्य बादल गंझू, सहित 02 नक्सली बुढमू थानान्तर्गत ग्राम उमेडण्डा शिव मंदिर के पास आये हुए हैं तथा लेवी हेतु कुछ लोगों को शिव मंदिर के पास बुला रहे हैं। उक्त सूचना के आलोक में पुलिस उपाधीक्षक, खलारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया जिसमें थाना प्रभारी बुढ़मू सहित पु०अ०नि० संजीव कुमार एवं सशस्त्र बल को भामिल किया गया एवं सूचना का सत्यापन कर छापामारी का निर्देश दिया गया। जैसे हीं छापामारी दल के सदस्य उमेडण्डा शिव मंदिर के पास पहुँचने वाले थे कि दोनों उग्रवादी मंदिर से उत्तर भागने लगे जिन्हें बल की मदद से खदेड़ कर पकड़ा गया। पकडे गये दोनों टी०एस०पी०सी० संगठन के सक्रिय सदस्य हैं जिनका नाम (01) बादल गंझू, उम्र करीब 20 वर्ष, पे०-घुझा गंझू ग्राम देवगढ़, थाना-बडकागोंव, जिला-हजारीबाग तथा (02) प्रिंस जयसवाल, उम्र करीब 23 वर्ष पे०-मुकेश जयसवाल सा०-उमेडण्डा, थाना बुढमू, जिला-राँची है।

पकड़ाये उग्रवादी बादल गंझू के पास से एक देशी पिस्तौल एवं 02 जिन्दा गोली तथा दो मोबाईल फोन बरामद हुआ है। उग्रवादी बादल गंझू हजारीबाग जिला के बड़कागांव थाना, केरेडारी थाना एवं रामगढ़ जिला के पतरातू थाना के रंगदारी वसूलने, अवैध हथियार रखने एवं पुलिस बल पर हमला करने सहित कई संगीन कांडों में वांछित है तथा उग्रवादी प्रिंस जायसवाल बुढ़मू थाना के वर्श 2021 में चाकू मारकर जख्मी कर लूटपाट करने एवं बर्श 2023 में लूटपाट करने एवं लूट के सामान के साथ पकड़े जाने के कांड में आरोपित है।

पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर अफीम डोडा लदे ट्रक को जब्त

रांची/ बीते रात्रि में वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि नामकुम थाना अन्तर्गत सरवल से तुजू जाने वाली सडक से 01 कि०मी० की दुरी पर स्थित जंगल झाड़ी वाले क्षेत्र में अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा ट्रक में अफीम होडा लोड करवाया जा रहा है। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस उपाधीक्षक (मु०) प्रथम, राँची के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। गठित छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सरवल चौक से करीब 01 कि०मी० पश्चिम दिशा में अवस्थित जगल-झाडी क्षेत्र में छापामारी की गयी। पुलिस वाहन को देख कर व रात्रि के अंधेरे तथा जंगल-झाड़ी क्षेत्र का लाभ उठाकर ट्रक चालक एवं वाहन में अफीम डोडा लोड करने वाले व्यक्ति भाग गये। छापामारी दल द्वारा वाहन का भौतिक निरीक्षण करने पर 12 चक्का ट्रक सं०-RJ19GC-5246 पर प्लास्टिक के बोरे में अफीम डोडा लोड पाया गया है। ट्रक के केबिन की जाँच करने पर राजस्थान के जोधपुर जिला से पंजिकृत उक्त वाहन का पंजीकरण दस्तावेज पाया गया, जिसमें वाहन मालिक का नाम मादा राम, पिता भनवारू राम सा० तलिया नोसार ओसियों जिला जोधपुर राजस्थान अंकित है। उक्त वाहन को विधिवत जप्त किया गया है। अग्रतर जाँच के क्रम में छापामारी दल को यह स्पष्ट हुआ कि अफीम डोडा के खरीद-बिक्री/व्यापार, परिवहन एवं भंडारण में स्थानीय व्यक्तियों के अतिरिक्त राजस्थान का अन्तर्राज्यीय गिरोह शामिल है।

कार्यालयः—वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ...../ दिनांक ...../

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.05.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर सोगरा पी0 एफ0 थाना –सिसई के पास से एक ट्रैक्टर ट्रॉली सहित (बालू लदा हुआ)चेचीस न0–MBNAAADAPJRB00609, इंजन न0–RJB2DBN3826, को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर सिसई स्थायी पौधशाला परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 24.06.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 326800 (Forest, Environment and Climate Changes) 24-25 (D)

झारखंड हाई कोर्ट ने पूछा, रांची में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना का फेज दो, तीन और चार कब तक पूरा होगा

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में रांची शहर में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना को पूरा करने का आग्रह करने वाली अरविंदर सिंह देओल की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि रांची में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना का फेज टू, थ्री और फोर कब पूरा होगा?

कोर्ट ने मौखिक कहा कि पूर्व में राज्य सरकार की ओर से लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू रहने का हवाला दिया गया था। अब चुनाव खत्म हो चुका है। ऐसे में राज्य सरकार सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना को पूरा करने के लिए कब तक टेंडर निकालेगी। कोर्ट ने शपथ पत्र के रूप में इस संदर्भ में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 24 जून को होगी।

पिछली सुनवाई में कोर्ट के आदेश के आलोक में एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर कोर्ट में हाजिर हुए थे।एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने कोर्ट को बताया था कि रांची में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के फेज वन के लिए रांची नगर निगम को नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) देने के संबंध में रोड ट्रांसपोर्ट एवं हाईवे मिनिस्ट्री ने भारत सरकार को पत्र भेजा गया है। वहां से अनुमति मिलते ही रांची नगर निगम को एनओसी दे दी जाएगी।रांची नगर निगम के अधिवक्ता एलसीएन शहदेव ने कोर्ट को बताया था कि एनएचएआई से एनओसी मिलते ही फेज वन का शेष बचा 15 प्रतिशत काम जल्द पूरा कर दिया जाएगा। राज्य सरकार ने फेज-टू, फेज थ्री और फेज फोर के निर्माण कार्य के संबंध में बताया था कि इसके डीपीआर के स्क्रूटनी का काम चल रहा है। अभी लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आचार संहिता लगी है। इसलिए टेंडर की प्रक्रिया भी नहीं की जाएगी।

झामुमो ने भाजपा में जारी अंतर्कलह पर साधा निशाना

रांची, । झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने झारखंड भाजपा में जारी अंतर्कलह पर जमकर निशाना साधा है। रांची सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ के झारखंड दौरे को लेकर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि उन पर अब भाजपा के नेताओं और कार्यकताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अतिरिक्त जिम्मेदारी है। भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड में भाजपा नेताओं की सुरक्षा पर बड़ा सवाल है, जहां भी उनकी समीक्षा बैठक होती है वहां विधि-व्यवस्था का संकट पैदा हो जाता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हाल ही में दुमका और देवघर में जो कुछ हुआ, वह काफी वीभत्स है। देवघर विधायक के साथ गोड्डा सांसद से संपर्क रखने वाले आपराधिक किस्म के लोगों ने गाली गलौच और मारपीट किया। उक्त घटनायें बताती हैं कि भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा क्या है। ये अब वह भाजपा नहीं रही। केंद्रीय नेतृत्व में भी इसका असर दिख रहा है। चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति इसका प्रमाण है। भट्टाचार्य मंगलवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने झारखंड के चुनाव प्रभारी के रूप में शिवराज सिंह चौहान की नियुक्ति की है। हिमंता बिस्वा सरमा सह प्रभारी नियुक्त किए गये हैं। हिमंता के बयानों में उन्माद दिखता है। यही हाल भाजपा के कार्यकताओं का है। अपने ही नेताओं को गाली-गलौज करते हैं। समीक्षा बैठकों में हिस्सा लेने पहुंचे नेताओं संग धक्का-मुक्की की जाती है। राज्यसभा सांसद आदित्य साहू के साथ दुमका में भाजपा के ही कार्यकताओं ने धक्का-मुक्की कर दी। गढ़वा से गये बालमुकुंद सहाय संग गाली-गलौज किया।

कार्यालय, वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ...../ दिनांक ...../

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.05.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर सिसई भरनो पथ पर ग्राम जुरा थाना भरनो के पास से 08 पीस आम बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0–अज्ञात, को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर सिसई स्थायी पौधशाला में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 24.06.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी – सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR.NO.326806 Forest, Environment and Climate Changes(24-25):D

प्रतिबंधित मांस मामले में सख्त कार्रवाई करे राज्य सरकार : अमर बाउरी

रांची, । झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने मंगलवार को पाकुड़ जिलांतर्गत गोपीनाथ पुर गांव में बकरीद के अवसर पर पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के समुदाय विशेष के लोगों के द्वारा प्रतिबंधित मांस काटने और हिंदुओं के घरों को घेरने को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोला।बाउरी ने कहा कि यह एक तालिबानी मानसिकता है, जिसे तुष्टिकरण के कारण राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि भाजपा इसे कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगी। साथ ही कहा कि ऐसे लोगों का सौभाग्य है कि झारखंड में झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार है अन्यथा ऐसे विकृत मानसिकता वालों का होश ठिकाने कर दिया जाता। बकरीद पर प्रतिबंधित मांस काटने को लेकर बंगाल के समुदाय विशेष के उपद्रवियों ने पाकुड़ के हिंदू समुदाय के घरों में तोडफोड़ किया और पत्थर के साथ बम भी चलाए।

बाउरी ने कहा कि उन्होंने जिला उपायुक्त एवं अन्य वरीय पदाधिकारी से बात कर पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा अविलंब मामले में एक्शन लेने और जान-माल की रक्षा करने का निर्देश दिया है। ऐसे तालिबानी मानसिकता वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। सरकार कठोर एक्शन ले। साथ ही कहा कि झारखंड एक बड़े खतरे के दरवाजे पर खड़ा है, जिसका पालन-पोषण स्वयं झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार कर रही है। बाउरी ने कहा कि राज्य के राजधानी सहित अन्य जिलों में भी प्रतिबंधित मांस से संबंधित बातें मीडिया के जरिए प्रकाश में आई हैं। झारखंड की गठबंधन सरकार की तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति का नतीजा है कि आज राज्य में हिंदू अपने घर में भी सुरक्षित नहीं है। यह शर्मनाक और चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में सरकारी सरंक्षण में जमीन और लव जिहाद चल रहा है। झारखंड की संस्कृति नष्ट की जा रही है। इस बार के विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता इस हिंदू विरोधी सरकार को सबक सिखाएगी।

चार महिला आरोपियों को भेजा गया जेल

रातूः रातू थाना पुलिस ने कांड संख्या 275/21 के चार आरोपित महिला वारंटियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया . इन चारो वारंटियों ने जमीन विवाद के मामले में वर्ष 2021 में थाना में जम कर हंगामा एवं तोड़-फोड़ किया था.पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए जिन चार महिला वारंटियों को जेल भेजा गया उनमें रातू थाना क्षेत्र के मेरियाटांड की सीता देवी पति शंकर साहू एवं रीता देवी पति स्व सूरज साहू, मांडर थाना क्षेत्र कृष्णा साहू और फूलन देवी शामिल हैं.

कार्यालय नगर परिषद्, चतरा।

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 02/2024–25

1. कार्यालय का नाम :– नगर परिषद्, चतरा।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, चतरा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 28.06.2024 को कार्यालय अवधि तक।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 29.06.2024 को 3:00 बजे अपराहन् तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29.06.2024 को 3:30 बजे अपराहन्।
6. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय नगर परिषद्, चतरा।
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि भी घट–बढ़ सकती है।

क्र0	योजना का नाम	वार्ड नं0	परिमाण विपत्र की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	कार्य समाप्ति का समय
01	Construction of PCC Road form Chandan Singh house to Butta Ravidas house via Soni Kumari house in ward no.-04 under Nagar Parishad, Chatra	04	5,20,000.00	5,000.00	10,500.00	60 दिन
02	Construction of RCC drain from Keshari Palak Store to Ramesh Jaiswal Shop (Laklakwa nath Mandir) in ward no.-08 under Nagar Parishad, Chatra	08	4,10,000.00	1,000.00	8,500.00	60 दिन
03	Construction of RCC drain from Bijli Office boundary to Anand Motor (Culver) via Manniya Sansad Sri Kalicharan singh's house in ward no.-09 under Nagar Parishad, Chatra	09	9,50,000.00	5,000.00	19,000.00	60 दिन

नोटः– नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा।

PR 326789 (Urban Development) 24-25 (D)

झारखंड में कोल लिंकेज की हेराफेरी के आरोपित इजहार अंसारी की हिरासत अवधि एक जुलाई तक बढ़ी

रांची, । हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग से पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को हुई। कोर्ट ने उसकी न्यायिक हिरासत की अवधि एक जुलाई तक बढ़ा दी है। इजहार 70 करोड़ रुपये के कोल लिंकेज की हेराफेरी मामले में आरोपित है।

इजहार अंसारी और इश्तियाक अंसारी के अलावा उसकी एक कंपनी के खिलाफ ईडी ने पीएमएलए कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था, जिसपर ईडी की विशेष अदालत संज्ञान ले चुकी है।

बीते 16 जनवरी को ईडी ने हजारीबाग स्थित उसके आवास एवं फैक्टरी पर छापेमारी की थी। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया था।

निर्लंबित आईएएस पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार की पहल पर खान विभाग के अधिकारियों ने इजहार अंसारी की कंपनी को कोल लिंकेज देने की अनुशंसा की थी। ईडी ने मनरेगा घोटाले को लेकर की गई छापेमारी के दौरान पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार का मोबाइल जब्त किया था। इस मोबाइल फोन से मिले तथ्यों के आधार पर ईडी ने इजहार अंसारी के घर पर मार्च 2023 में भी छापेमारी की थी।

रघुनाथपुर में सम्मान समारोह आयोजित

चान्हो।बाबा मनकामेश्वर संकट मोचन धाम रघुनाथ पुर में मंगवार को ग्राम वासियों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर के ट्रेनिंग कर के लौटे अग्निवीर सैनिक नेहीत कुमार पिता सुगम्बर साहू माता बबिता देवी को मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया सभी ने कहा कि यह पूरे गांव के लिए गर्व का विषय है गांव का बेटा देश की सीमा के लिए मां भारती की रक्षा करेगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री मुकेश बैठा द्वारा माता पिता को पैर धोकर एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया और उनकी परिवरिश की चर्चा करते हुए कहा की समाज के प्रत्येक माता-पिता को अपने बच्चों के अंदर राष्ट्रभक्ति के भावना को युवावस्था में ही निहित करना चाहिए ताकि युवा आगे चलकर समाज व राष्ट्र की सेवा कर सकें। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी राजीव गुप्ता द्वारा किया गया राजीव गुप्ता ने बताया कि निहित को शिक्षा देने में माता-पिता द्वारा सब्जी बेचकर उसे पढ़ाया गया था या हम सबके लिए प्रेरणा का विषय है।मौके पर मुख्य रूप से सरस्वती देवी , सनोव देवी ,ईश्वर साहू, फलिन्दर साहू सहित मंदिर समिति के संरक्षण मिथलेश सिह, सचिव श्रीनाथ ठाकुर, पुजारी सतीश गुप्ता, मंदिर प्रभारी अनिल ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

e-mail ID: eedwsd.lohardaga1@gmail.com

प्रथम शुद्धि–पत्र

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 03/2024-25 (प्रथम आमंत्रण), जिसका PR – 326483 Drinking Water and Sanitation (24-25) D है, में निम्न प्रकार से आंशिक संशोधन किया जाता है :–

क्र0 सं0	पूर्व का प्रकाषन	संषोधित
1	ग्रुप सं0–LOH/PVTG/Peshrar-Gr.01 से ग्रुप सं0–LOH/PVTG/Peshrar-Gr.12 पूर्ण करने की अवधि क्रमषः 60 दिन एवं 30 दिन था	ग्रुप सं0–LOH/PVTG/Peshrar-Gr.01 से ग्रुप सं0–LOH/PVTG/Peshrar-Gr.12 पूर्ण करने की अवधि 90 दिन पढ़ा जाय।

निविदा की नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
लोहरदगा।

PR 326746 Water Resource(24-25)D

पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लें कृषकः डॉ. दीपक राय

खूंटी, । कृषि विज्ञान केंद्र तोरपा में मंगलवार को प्रधानमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश के वाराणसी में पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त के तहत 9.26 करोड़ किसानों के खातों में 20 हजार करोड़ से अधिक की राशि के हस्तांतरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किसानों को दिखाया गया। अब तक पीएम किसान सम्मान निधि से करोड़ों किसान लाभान्वित हुए हैं।

यह योजना किसानों के जीवन को आसान और कृषि को प्रोत्साहित करने की दिशा में ऐतिहासिक साबित हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार किसानों के कल्याण के लिए संकल्पित है। इसके साथ कृषि पैरा विस्तार कार्यकर्त्ता के रूप में ह्लकृषि सखियोंह्व का प्रमाणीकरण भी किसानों ने देखा। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक सह अध्यक्ष डॉ दीपक राय ने कहा कि इस योजना के तहत किसानों को दो-दो हजार रुपये की तीन किस्तें, साल में कुल छह जार रुपये दिये जाते हैं। स्कीम के तहत पहली किस्त अप्रैल-जुलाई के बीच, दूसरी किस्त अगस्त-नवंबर के बीच और तीसरी किस्त दिसंबर-मार्च के बीच जारी की जाती है। इस योजना की शुरूआत 2019 में किसानों को आर्थिक मदद देने के लिए की गई थी। योजना के पात्र लाभार्थी कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए भी अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।इसके अलावा स्थानीय पटवारी, राजस्व अधिकारी और योजना के लिए राज्य सरकार की ओर से नामित नोडल अधिकारी ही किसानों का रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। शुरूआत में जब पीएम किसान योजना शुरू की गई थी, इसका लाभ केवल छोटे और सीमांत किसानों के परिवारों के लिए था।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रॉची।

विशेष मध्यस्थता अभियान

दिनांक – 24.06.2024 से 28.06.2024

स्थान :– मध्यस्थता केन्द्र, व्यवहार न्यायालय, राँची।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची के निर्देश पर तथा झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार राँची के संरक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची द्वारा दिनांक – 24.06.2024 से 28.06.2024 तक समय 10:30 बजे सुबह से विशेष मध्यस्थता अभियान का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें परिवार न्यायालय से संबंधित मामलों एवं उसी से संबंधित अन्य मामले जैसे–दहेज उत्पीड़न, 498ए भा०द०वि०, घरेलू हिंसा, भरण–पोषण इत्यादि के मामले जो व्यवहार न्यायालय, राँची के विभिन्न न्यायालयों में लंबित है का निस्तारण आपसी सुलह–समझौतों के आधार पर किया जायेगा।

प्रस्तुत किये जाने वाले मामले

तलाक संबंधी मामले	दहेज प्रतिषेध अधिनियम के मामले
वैवाहिक पुर्नस्थापना के मामले	भा0 द0वि0 की धारा–498ए के मामले
दत्तक ग्रहण के मामले	घरेलू हिंसा के मामले
भरण–पोषण के मामले	घरेलू हिंसा अधिनियम के अन्य मामले
बच्चों के संरक्षकता एवं अभिरक्षा के मामले	
परिवार न्यायालय में लंबित अन्य मामले	

इस संबंध में सूचित किया जाता है कि उक्त विशेष मध्यस्थता अभियान के तहत लाभुक अपने मामलों को संबंधित न्यायालयों से मध्यस्थता केन्द्र में भेजवाकर विशेष अभियान के तहत उनका निस्तारण कराकर लाभ प्राप्त कर सकते है।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को व्यवहार न्यायालय, रांची के कार्यावधि में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के कार्यालय में आ कर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची अथवा उनके दूरभाष सं0– 0651–2223351 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

दिवाकर पांडे
न्यायायुक्त–सह–अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची।

राहुल कुमार सिन्हा
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची।

चन्दन कुमार सिन्हा
वरीय पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार राँची।

PR 326775 Law(24-25)D

संक्षिप्त खबर

बरही विधायक ने केवाल में 200 केवीए ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

बरही। बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने खोड़ाहर पंचायत के केवाल में 200 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। बताते चले कि केवाल में 100 केवीए ट्रांसफॉर्मर रहने से काफी परेशानी हो रही थी, जिसे देखते हुए विधायक के पहल पर 200 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। विधायक श्री अकेला ने नए ट्रांसफॉर्मर का फीता काटकर शुभारंभ किया और ग्रामीणों को बिजली का सदुपयोग करने का सलाह दिया। विधायक श्री अकेला ने कहा कि बिजली समस्या विधानसभा क्षेत्र में कभी नहीं होने दिया जाएगा। समस्या होने पर तुरंत सूचना दें, उन्होंने कहा कि वह आपके सेवक है। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया है। उद्घाटन के बाद गांव रौशनी से जगमगा उठी। मौके पर प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, अशोक सिंह, बिनोद सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता गौतम सिंह, शम्भू सिंह, भूषण सिंह, गंगासागर सिंह, उदय सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे I20

मुखिया ने ग्रामीणों के बीच टंकी से उपलब्ध करवा रहे है पानी

बरही। बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम के सौजन्य से पंचायत के कई क्षेत्रों में 30 मई से लगातार टंकी से पानी उपलब्ध करवा रहे है। विदित हो कि इस भीषण गर्मी में बरही चौक के आस-पास के लोग लगातार पेयजल संकट से जूझ रहे है। जिसे देखते हुए बरही पश्चिमी पंचायत के मुखिया शमशेर आलम के द्वारा टंकी से पानी उपलब्ध करवाने का बीड़ा उठाया है। इसी कड़ी में मंगलवार को मल्लाह टोली में लोगो को पानी से टंकी पहुंचाया, जिससे ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी नजर आ रही है। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि टिंकु आलाम मौजूद रहे।

महिला पर्यवेक्षिकाओं की विदाई सह स्वागत सम्मान सहारोह का आयोजन

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के सभागार में विष्णुगढ़ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अखिलेश कुमार की उपस्थिति में मंगलवार को समाज कल्याण के अंतर्गत कार्यरत चार आँगनबाड़ी पर्यवेक्षिकाओं तथा नवागंतुक तीन महिला पर्यवेक्षिकाओं का विदाई सह स्वागत सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस भावुक एवं हर्ष के दोहरे माहौल में आंगनबाड़ी सेविकाओं ने पूर्व में कार्यरत महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं नए महिला पर्यवेक्षिकाओं को पुष्पगुच्छ एवं उपहार देकर विदाई एवं स्वागत किया। इस मौके पर बी०डी०ओ अखिलेश कुमार ने कहा बीते कुछ महीनों में इन चार महिला पर्यवेक्षिकाओं के साथ कार्य का अच्छा अनुभव रहा। महिला पर्यवेक्षिका शाश्वती घोषाल, अनुसुइया कुमारी, वीणा देवी एवम प्रीति प्रसाद ने पिछले उन्नीस वर्षों से काफी लगन एवं मेहनत से सारे काम को बखूबी अंजाम दिया है इस मौके पर मुख्य रूप से सहायक महेश प्रसाद, कम्प्यूटर सहायक अभिषेक कुमार समेत सैंकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएँ मौजूद थी।

नशा मुक्ति जागरूकता को लेकर 19 जून से 26 जून तक जिला स्तर पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

उपायुक्त की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के साथ नशा मुक्ति जनजागरुकता कार्यक्रम पर चर्चा

▶ समाज में नशा का कोई स्थान न रहे यह सुनिश्चित करना सबकी जिम्मेदारी

उज्जवल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। आगामी 19 से 26 जून तक जिला में नशा मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। स्वास्थ्य, शिक्षा,महिला बाल विकास, सामाजिक सुरक्षा, खेल विभाग, कौशल विकास विभाग, पर्यटन आदि विभागों द्वारा इस कार्यक्रम के व्यापक विस्तार और जन जागरूकता अभियान को धरातल में उतराने के लिए उक्त विभागों के कार्ययोजना पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने बैठक की। उन्होंने कहा हमारा समाज विशेष कर युवा वर्ग नशे के गिरफ्त में आते जा रहे है जो अत्यंत चिंताजनक है। यह आवश्यक हो चला है कि लोगों में जन जागरूकता के माध्यम से इस अभिशाप से मुक्ति दिलाई जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अलावा सामान्य व्यक्ति की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि हमारी पीढ़ियां नशे में लिप्त हो रही है तथा अपने भविष्य को खतरे में डाल रही है, जिससे उन्हें निजात दिलाना है। इसलिए राज्य भर में नशा के विरुद्ध अभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया जाएगा।

क्या होंगे कार्यक्रम....

जागरूकता रथ को उपायुक्त ने हरि झंडी दिखाकर करेंगे रवाना। राज्यस्तर पर जागरूकता रथ को मुख्यमंत्री द्वारा रवाना किया जाएगा। नशा मुक्ति जागरूकता सप्ताह के दौरान नशा मुक्ति के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु हाट बाजार में नुक्कड़ नाटक का किया जाएगा आयोजन। शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में वाद विवाद, प्रभात फेरी,पेंटिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर पर मैराथन का आयोजन किया जाएगा। महिला बाल विकास विभाग एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा भी अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम- अफीम की खेती वाले जिला में जेएफएमसी तथा पीआरआईएस के सहयोग से ग्राम तथा पंचायत स्तर पर दिनांक 19 जून से 26 जून 2024 तक जागरूकता कार्यक्रम संचालित होंगे। पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग उक्त विभाग द्वारा तैयार किये गये कार्य योजना के अनुसार खेल प्रशिक्षण केन्द्रों (डे-बोर्डिंगतथा आवासीय), खेल सेंटर ऑफ एक्सलेंस के साथ-साथ जिस पर्यटक स्थल पर पर्यटक मित्र उपलब्ध है. वहां उनके माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जायेगा। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग दिनांक 19.06.2024 से 26.06.2024 तक अपने संसाधनों / Modules का उपयोग कर मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

- मैराथन (Mini & Long) आयोजित किया जायेगा, जिसमें Prize Money भी रखा जाएगा
- इस इस मैराथन में भाग लेने वालों को मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रचार-प्रसार हेतु स्लोगन वाला टीशर्ट वितरित किया जायेगा।
- आयोजन स्थल पर पोस्टर/बैनर/LED Screens आदि के माध्यम से भी मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रचार-प्रसार किया जायेगा।
- इस अवसर पर Human Chain बनाया जाएगा। इस कार्य में पर्यटन,कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग सूचना एवं जनसंपर्क विभाग/महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जायेगा। उपायुक्त द्वारा NGOs Corporates को शामिल करते हुए उनके सहायता तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहयोग से मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम जैसे नुक्कड़ नाटक, गोष्ठी, वर्कशॉप आदि आयोजित किए जाएंगे।

कोयला ट्रांसपोर्टिंग बंद होने से एनटीपीसी को करोड़ों की क्षति

उज्वल दुनिया संवाददाता

केरेडारी। केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में संचालित एनटीपीसी के दो कोल माइंस से कोयला ढुलाई कार्य विगत तीन दिनों से ग्रामीणों ने बंद करा रखा है। कोयला ढुलाई कार्य बंद होने से एनटी पीसी प्रबंधन को इस अवधि में करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ रहा है। चट्टी बरियातू कोल माइंस व केरेडारी कोल माइंस से जोरदाग भाया लबवनिया मोड़ मुख्य सड़क पर कोयला ढुलाई कार्य को संबंधित क्षेत्र के ग्रामीणों ने विगत तीन दिनों से बंद कराया है! ग्रामीण मुआवजा प्रदूषण समेत अन्य मांगों को लेकर कोयला ढुलाई कार्य पूरी तरह से ठप कराया है! ग्रामीणों द्वारा कोयला ढुलाई कार्य बंद कराने से ऋत्विक नक्कास प्रगति प्रणव नमन मिनरल ओ एस एल समेत अन्य कोल ट्रांसपोटिंग कंपनियों के गति पर पूर्ण विराम लग है! कोयला ढुलाई बंद होने से एनटीपीसी के पदाधिकारी एवं ग्रामीणों के साथ वार्ता जारी पर वार्ता सफल नहीं होती दिखाई दे रही है! ग्रामीणों की माने तो कई ऐसे मुद्दे हैं जिस पर प्रबंधन टाल मटोल की नीति अपनाए हुए है! वहीं ग्रामीणों की मांग पर प्रबंधन का कहना है कि लगातार पहल किया जा रहा! और आगे भी प्रबंधन ग्रामीणों की होती को ध्यान में रखकर मांग पूरी करेगी! काम को सीधे तौर पर बंद कराने से प्रबंधन को बड़ी नुकसान उठाना पड़ रहा है!

उपायुक्त के जनता दरबार में दो दर्जन से अधिक फरियादी न्याय कीलगाई गुहार

सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई का दिया निर्देश

उज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। उपायुक्त नैंसी सहाय ने सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन मंगलवार को कार्यालय वेश्म में किया। मौके पर उपायुक्त ने लगभग दो दर्जन मामलों पर सुनवाई की तथा ऑन द स्पॉट निष्पादन के लिए संबंधित विभाग व पदाधिकारी को आवेदन अग्रसारित किया। इस मौके पर जमीन, दिव्यांग, पीएम आवास, भूमि अतिक्रमण, इंदिरा आवास, राशन कार्ड, मुआवजा आदि मामलों की शिकायतें सुनी गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा की जिलेवासीओ का हित सर्वोपरी है। इस दिशा में जिला प्रशासन हर संभव कार्रवाई हेतु तत्पर है। सुनवाई के क्रम में इचाक प्रखंड की रीना देवी ने अबुआ आवास को लेकर आवेदन दिया, ओकनी न्यू एरिया रोड के दुलार राम ने राशन कार्ड बनाने के संबंध में, वीणा देवी सुनीता देवी चंचल कुमारी ने कटकम दाग ग्राम सिरसी हरिजन मोहल्ला की निवासी ने चापा नाल हेतु उपायुक्त को आवेदन दिया। अजय कुमार मंडल विष्णुगढ़ से जमीन की अवैध बिक्री के संबंध में उपायुक्त से गुहार लगाई।

सांसद मनीष जायसवाल व पूर्व विधायक मनोज यादव अपने निजी खर्च से उपलब्ध करवा रहे है पानी

उज्वल दुनिया संवाददाता

बरही। बरही चौक व उसके आस-पास कई मुहल्ला इनदिनों पेयजल संकट के दौर से गुजर रहा है। पेयजल संकट को देखते हुए पूर्व विधायक मनोज यादव ने इसे गम्भीरता से लिया और हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल से वार्ता करते हुए निर्णय लिया कि तत्काल बरही चौक और उसके आस पास मुहल्ले में टैंकर से पेयजल उपलब्ध कराएंगे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर व भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित साहू के नेतृत्व में बरही धोबी टोला, मल्लाह टोली, तेली टोला, धनबाद रोड और चौक पर पेयजल उपलब्ध कराया। ग्रामीणों ने टैंकर से पानी पाकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल व पूर्व विधायक मनोज यादव का आभार जताया और कहा कि जनता के प्रति जिम्मेवारियों का निर्वहन वह बखूबी कर रहे हैं। इधर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बताया कि इस भीषण गर्मी में लोगों के समक्ष पेयजल संकट गहराता जा रहा है। बरही चौक और उसके आस पास के लोग पानी खरीदकर पी रहे है और घरेलू काम के लिए जवाहर घाट जा रहे है। जिसे देखते हुए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव अपने निजी खर्च से उपलब्ध करवा रहे है।

श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार हजारीबाग की ओर से आयोजित तृतीय श्री श्याम मनुहार महोत्सव के पोस्टर का विमोचन

उज्जवल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 अगस्त दिन शनिवार को मुनका बगीचा के प्रांगण में तृतीय श्री श्याम मनुहार महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिससे पूर्व निर्जला एकादशी की संध्या पर श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के सदस्यों ने बाबा श्याम की जयकारों के साथ पोस्टर का विमोचन किया गया। भव्य कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के सुप्रसिद्ध भजन गायक शुभम,रूपम के साथ रोहित शर्मा एवं कृष्ण अग्रवाल अपने अनेकों भजनों से श्याम प्रेमियों को झुमाएंगे। साथ ही कार्यक्रम के दौरान बाबा श्याम की भव्य ज्योत लिया जायेगा, वही बाबा श्याम का दरबार अद्भुत एवं अलौकिक श्रृंगार से सुसज्जीत होगा, छप्पन भोग, सवामणि भोग का लगाया जाएगा। यह भव्य आयोजन श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार रामगढ़ कैंट के विशेष सहयोग से किया जा रहा है। वही श्री श्याम परिवार तुलसीधाम कोलक ता के विशेष आशीर्वाद से संपन्न होगा।

नव युवकों द्वारा किया जाता है यह कार्यक्रम

श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के सदस्यों की संख्या महज नौ है इसके अलावा श्याम भक्तों के द्वारा सेवा दी जाती है, यह युवक कोलकाता से उच्च शिक्षा प्राप्त कर हजारीबाग में अपनी निजी कार्यों के साथ बाबा श्याम की सेवा दे रहे हैं। पिछले दो वर्षों से लगातार इन युवकों के द्वारा ऐतिहासिक और अद्भुत कार्यक्रम आयोजित कर हजारीबाग में एक अलग पहचान स्थापित की गई।

निर्जला एकादशी के अवसर पर ठंडे शरबत का किया गया वितरण

निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर महावीर स्थान चौक के समक्ष श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के द्वारा राहगीर, रिक्शा चालक, मजदूर तथा आम जनता के बीच ठंडी शरबत का वितरण किया गया. यह कार्य श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के द्वारा प्रत्येक वर्ष किया जाता है वहीं देर शाम भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें कई श्याम भक्त उपस्थित होकर बाबा के भजनों पर झूमते नजर आए। मौके पर आयोजक मंडली के सदस्यों ने कहा कि 31 अगस्त को मुनका बगीचा के प्रांगण तृतीय श्री श्याम मनुहार महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसको लेकर पोस्टर विमोचन किया गया है। बाबा श्याम का विशेष आशीर्वाद से बीते दो वर्ष का कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ है बाबा इस बार भी कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से संपन्न करें। भव्य कार्यक्रम में समस्त हजारीबाग वासी सादर आमंत्रित है।

- **31 अगस्त शनिवार को मुनका बगीचा के प्रांगण में राष्ट्रीय स्तर के भजन गायक देंगे अपनी प्रस्तुति**
- **रोहित शर्मा, शुभम-रूपम एवं कृष्ण अग्रवाल अपने गायकी से बांधेंगे समा**

इंद्र देव को मनाने को लेकर 12 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन

उज्वल दुनिया संवाददाता

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बेड़ाहरियारा पंचायत स्थित ऐतिहासिक देवी मंडप परिसर में जानलेवा गर्मी से निजात दिलाने के लिए बारह घंटे का अखंड हरि कीर्तन आयोजित की गई। शुरूआत सोमवार संध्या छह बजे हुई थी और समापन मंगलवार सुबह छह बजे हुआ। भीषण गर्मी सभी का हाल बेहाल है। आदमी समेत पशु पक्षी त्राहिमाम कर रहे हैं। यह कहते सुना जा रहा है कि यहां ऐसी गर्मी पहले कभी नहीं पड़ी थी। पारा 44 डिग्री तक पहुंच चुका है। साल दर साल तापमान में रिकॉर्ड वृद्धि हो रही है। पशु-पक्षी पानी की खोज में भटकते फिर रहे हैं। गर्मी का आलम यह है कि विष्णुगढ़ के गोला चौक में एक बछिया सड़क पर चलते हुए गिरकर दम तोड़ दी। आसपास के लोग पानी की बाल्टी लेकर दौड़े और उसपर पानी छिड़कने लगे, मगर उसकी जान नहीं बच पाई। घटना सोमवार की है। कहा जा रहा है कि उसकी मौत लू लगने की वजह से हुई। हालात बहुत भयावह है। इससे निजात पाने हेतु प्रह्लाद कसेरा की अगुवाई में बारह घंटे का अखंड हरी कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अखंड कीर्तन में प्रखंड के बनासो, नवादा, बकसपुरा, नावाडीह एवम देवी मंडप भजन मंडली टीम ने रात भर, हरे राम-हरे कृष्ण का भजन कीर्तन किया। वही बनासो महिला शिव चर्चा टीम ने भक्तों को रात भर खूब झुमाया। इस संबंध मे अखंड कीर्तन के अध्यक्ष प्रह्लाद कसेरा ने कहा कि इस भीषण गर्मी में इंद्र देव को मनाने का एक अच्छा हमने विकल्प ढूंढा जिसको लेकर सभी ग्रामीणों की सहयोग से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देवी मंडप भजन मंडली कीर्तन कमेटी द्वारा यह अखंड पूजा संपन्न हुआ। इस मौके पर कीर्तन मंडली के अध्यक्ष लखन प्रसाद सोनी, अखंड कीर्तन के अध्यक्ष प्रह्लाद कसेरा, सचिव बिरजू प्रसाद कसेरा, डालेश्वर प्रसाद साहू, मनोज साव, दशरथ ठाकुर, किशुन सोनी, नीरज प्रसाद सिन्हा, भगवान लोहार, गंधौरी कसेरा, नीतीश बरनवाल एवम अनूप कसेरा सहित कई लोग उपस्थित थे।

पांच दिवसीय ओपन समर कैंप ताइक्वांडो प्रतियोगिता संपन्न

इस प्रतियोगिता के बाद प्रतिभागी अवश्य हजारीबाग तथा झारखंड का नाम करेंगे रोशन : हर्ष अजमेरा

प्रतियोगिता के समापन समारोह में राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

उज्जवल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। गर्मी की छुट्टी समापन की ओर है और ऐसे में विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं। वहीं इसी बीच कार्यक्रम की समापन समारोह भी हो रहा है, संत रॉबर्ट बॉयज मिडिल स्कूल में पांच दिवसीय ओपन समर कैंप का आयोजन किया गया था, जिसका समापन सोमवार को किया गया। इस कैंप को राष्ट्रीय स्तर के ताइक्वांडो खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को हुआ था, वहीं समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग के समाज सेवी हर्ष अजमेरा शामिल हुए। हजारीबाग ताइक्वांडो प्रशिक्षक रोशन कुमार चौहान एवं उनकी पूरी टीम ने श्री अजमेरा का स्वागत किया गया। कोच के रूप में ज्योति यादव अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी एवं चीन एशिया गेम 2022 की प्रतिभागी मुख्य रूप से उपस्थित हुई है। मुख्य अतिथि श्री अजमेरा को पौधा देकर सम्मानित किया गया, इसके बाद प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन अतिथियों के समक्ष रखा। इसके उपरांत अतिथियों के द्वारा प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागी राज्य स्तर तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का जलवा दिखलाएंगे। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि इस प्रतियोगिता के बाद प्रतिभागी अवश्य हजारीबाग तथा झारखंड का नाम रोशन करेंगे। ताइक्वांडो एक माध्यम है जिसमें खिलाड़ी अपनी ऊर्जा को भर कर अपने लक्ष्य को पूरा कर पाते है। इस कैंप को सफल बनाने में ताइक्वांडो प्रशिक्षक रौशन कुमार चौहान, रौशन गुप्ता, निरंजन कुमार यादव, सुमन सौरभ, सचिन कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

बाजारटांड़ स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में चोरी

उज्वल दुनिया संवाददाता

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ के बाजारटांड़ स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में बीती सोमवार की रात अज्ञात चोरों के द्वारा कार्यालय का ताला तोड़कर बेखौफ चोरी की घटना को अंजाम दिया। बताया गया कि गर्मी की छुट्टी के बाद 18 जून 2024 को जब विद्यालय खुला तो प्रातः करीब 06 बजकर 45 मिनट में विद्यालय के प्राचार्य समेत अन्य सहयोगी शिक्षक विद्यालय पहुंचे तो पाया कि कार्यालय के दोनों दरवाजों के ताले गायब थे। कार्यालय के अंदर दाखिल होने पर पाया कि सभी अलमारी खुले थे साथ ही बैट्री-इनवर्टर सेट, साउंड बॉक्स, माइक, सीसीटीवी कैमरा, मॉनिटर समेत पूरे सेटअप, दीवाल घड़ी, वाल फैन, विद्यालय के आवश्यक कागजात, रजिस्टर, वाउचर इत्यादि समेत सामानों की चोरी कर ली गई। उपरोक्त घटना की जानकारी विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार ने स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी। घटना की सूचना पाकर ए०एस०आई० सगेंन मुर्मू अपने दल बल के साथ परियोजना बालिका उच्च विद्यालय पहुँचे और मामले की छानबीन की।

संक्षिप्त खबरें

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, पसरा मातम

केरेडारी। केरेडारी बड़कागांव मुख्य सड़क के केरेडारी प्रवेश द्वार के ठीक सामने मंगलवार को अहले सुबह लगभग पांच बजे सड़क दुर्घटना में एक युवक कि मौत हो गई! मृत युवक केरेडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत गरी कलां ग्रामपंचायत के पतरा गांव निवासी अमित कुल्लू उम्र 26 वर्ष पिता राजेंद्र कुल्लू है! घटना की सूचना पाकर केरेडारी पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव की शिनाख्त करने के पश्चात उसे अपने कब्जे में लेकर थाना ले गई! इसके उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया! घटना के संदर्भ में गरी कलां ग्रामपंचायत समिति सदस्य राम इकबाल सिंह ने बताया कि युवक अपने बहन के घर बुंडू गांव से वापस आ रहा था! वापसी के क्रम में दुर्घटना घटी है! पांच वर्ष पूर्व उसके पिता की भी एक दुर्घटना में हो चुकी है! मृतक बिलकुल गरीब परिवार का रहने वाला था! घटना के उपरांत परिजनों का रो रो कर हाल बेहाल है! वही पतरा कलां ग्रामीण भी घटना से शोकाकुल है!

शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग के साथ यौन शोषण मामले में प्राथमिकी दर्ज, जेल

बरही। बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग ने पड़रिया के युवक पर शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी है। बरही थाना में कांड संख्या 242/24 में धारा 376 (2)(एन), 6 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया हैं। नाबालिग के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए पड़रिया के रहने वाले सोनू कुमार पिता खगेन्द्र महतो को गिरफ्तार कर बरही पुलिस ने हजारीबाग जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक पहले से शादी शुदा है।

विष्णुगढ़ के भेलवारा निवासी ट्रक चालक की बिहार में लू लगने से मौत

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत भेलवारा पंचायत के बेलवाटांड़ निवासी ट्रक चालक ललित गंझू उम्र 34 वर्ष पिता धनेश्वर गंझू की भीषण गर्मी ने जान ले ली। बताया गया है कि शुक्रवार को बोकारो के खासमहल कोलियरी से ट्रक में कोयला लोड कर डेहरी ओनसोन गए थे। शनिवार को मंडी में कोयला उतारने के लिए ट्रक खड़ाकर ट्रक से उतरते ही वे अचेत होकर गिर पड़े। वहां मौजूद लोग उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की वजह लू लगना बताई गई। रविवार देर शाम उनका पार्थिव शरीर एम्बुलेंस के जरिये पैतृक गांव बेलवाटांड़ पहुंचा। शव पहुंचते ही गांव में मातम पसर गया। पत्नी वसंती देवी के क्रंदन से माहौल ज्यादा गमगीन हो गया। उनके बच्चों के आंसू नहीं थम रहे थे। उसी रात उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। भेलवारा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो ने देवघर के ट्रक मालिक से बातकर मदद मांगी।

17 दिवसीय हरली मंडा मेला संपन्न.....

दहकते अंगारों पर चलकर दिया आस्था का परिचय

- दर्जनों शिव भक्तों ने पीठ में कील लगाकर 45 फीट ऊपर की परिक्रमा
- हजारों लोगों ने रात भर उठाया जागरण का आनंद, बीच-बीच में नेताओं का लगा रहा तांता

उज्ज्वल दुनिया
संवाददाता/अरुण कुमार गुप्ता

बड़कागांव। 17 दिवसीय हरली मंडा मेला दर्जनों शिव भक्तों द्वारा पीठ में कील लगाकर 45 फीट ऊपर परिक्रमा करने के उपरांत मंगलवार को संपन्न हो गया। इसके पूर्व सोमवार रात दर्जनों शिव भक्तों ने दहकते अंगारों पर चलकर आस्था का परिचय दिया और बड़ी खुशी खुशी चेहरे पर मुस्कान लिए शिव पार्वती का गीत गाते हुए अंगारों पर चलकर पार किया। जहां एक ओर हरली ग्राम के साथ-साथ क्षेत्र के हजारों लोगों

का जनसैलाब जागरण व झांकी देखने में मशगुल थे वहीं दूसरी ओर दर्जनों शिव भक्त एवं उनके सहयोगी लोहटन पूजा, अंगारों पर चलना, 45 फीट ऊंचे ऊपर परिक्रमा करना एवं रात भर शिव पार्वती के ग्रामीण गीतों से पूरा गांव भक्ति विभोर था तथा आस्था के कई मिसाल प्रस्तुत किए गए। वहीं दूसरी और क्षेत्र के नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों का तांता लगा रहा तथा एक दूसरे से मिलकर मंडा मेला व पूजा की शुभकामनाएं दी। जिसमें मुख्य रूप से विधायक अंबा प्रसाद, वरिष्ठ आजसू नेता रोशन लाल चौधरी, मुखिया कविता देवी, पंचायत समिति सदस्य कोशीला देवी आदि शामिल थे। वहीं विधि व्यवस्था को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार कुमार सिंह के नेतृत्व में दर्जनों पुलिस बल अपनी नजर रखे हुए थे। इसके पूर्व एक जून को प्रत्येक वर्ष की भांति विधिवत कलश स्थापना की गई और उसके 5 दिन बाद पटभंगी के उपरांत भिक्षाटन के लिए शिव भक्त गांव गांव निकल पड़े और 12 दिनों तक गांव-गांव घूम कर शिव पार्वती की महिमा की गाथा गाकर तथा वहां से प्राप्त फल, सब्जी व चावल आदि हरली शिव मंदिर में लाकर सामूहिक भोजन बनाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण करते रहे तथा मेला के एक दिन पूर्व से निर्जला उपवास का व्रत धारण किया गया। इस कठोर तपस्या को देख लोगों के मन में आस्था के प्रति और अधिक विश्वास बढ़ गया। उक्त कार्य को संपन्न कराने में हरली पूजा समिति अध्यक्ष रामसुंदर महतो, सचिव उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष धनेश्वर महतो, संगठन मंत्री त्रिवेणी महतो, संयोजक मंडल अध्यक्ष उमेश कुमार दांगी, पुजारी शबुर महतो, राजेश पंडित, बिगेश्वर महतो, महेंद्र महतो, सुरेश कुमार दांगी, भुवनेश्वर महतो, भागीनाथ महतो, कन्हाई कुमार, नरेश कुमार दांगी, विधी साव, सुंदर महतो, वासुदेव दांगी, नरेश महतो, रामप्रसाद महतो, गणेश करमाली, लोकनाथ महतो, परमेश्वर महतो, प्यारी महतो समेत दर्जनों महल्दार एवं सैकड़ों ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

कौन-कौन शिव भक्त हुए शामिल

कलश स्थापना के उपरांत एक एक कर पूजा में शामिल हुए और आस्था का परिचय दिया जिसमें मुख्य रूप से अजय भगत, बीरबल भगत, मुन्ना भगत ,विकास करमाली ,अमित भगत, विजय भगत, आकाश भगत, धोनी भगत, सचिन भगत ,कृष्ण भगत ,तुलसी भगत, कुंदन भगत, विनय भगत,विशाल भगत, पंकज भगत, रतन भगत ,आकाश भगत, रंजीत भगत, अनिल भगत, परमेश्वर भगत, दीपक भगत, मन्नू भगत एवं सोना राणा का नाम शामिल है।

सनकी युवक ने लाठी से पीट कर दो लोगों को मार डाला, दो गंभीर रुप से घायल

प्रतापपुर पुलिस हत्या आरोपी युवक को ग्रामीणों के सहयोग से किया गिरफ्तार, कर रही है पूछ-ताछ

उज्जवल दुनिया संवाददाता

चतरा। जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के भरही रबदा गांव में एक सनकी युवक ने दो लोगों को लाठी से पीटने के कारण भरही गांव निवासी 63 वर्षीय जमाल मियां की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। जबकि रबदा गांव निवासी 64 वर्षीय द्वारिका राय की मौत रांची इलाज के दौरान सोमवार की सुबह हो गई। वहीं इस सनकी युवक आशिक खांन ने मृतक द्वारिका राय के 64 वर्षीय बड़े भाई कृष्णा राय को मार कर एक हाथ एवं पसुली तोड़ दिया गया है। इसका इलाज गया में किया जा रहा है। इसके अलावा आशिफ उल्ला खान को भी उठा कर पटक देने से मामुली रूप से चोट आई है। उसे स्थानीय चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया जा रहा है। गांव

वालों ने बताया कि इस सनकी युवक ने कई अन्य लोगों को भी मारपीट किया है। इस घटना से दोनों गांवों में मातम पसरा हुआ है। वहीं हत्या आरोपी सनकी युवक को ग्रामीणों के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस के द्वारा उसे पूछताछ किया जा रहा है। घटना के संबंध में हत्या आरोपी युवक आशिक खांन के परिजनों का कहना है कि आशिक कुछ दिनों से मानसिक तनाव में रह रहा था। और घटना को अंजाम देने के पहले वह कब्रिस्तान में सोया हुआ था। वहां से उठा और सबसे पहले घर से जानवर को खेत की तरफ ले जा रहें जमाल मियां को लाठी से पीट कर मौत की घाट उतार दिया वहां से वह बगल के गांव रबदा गया और वहां घर में बैठे दोनों भाई कृष्णा राय एवं द्वारिका राय को लाठी से पीटकर अधमरा कर भाग गया जिससे द्वारिका राय की स्थिति गंभीर देखते हुए रांची इलाज के लिए लेजाया गया जहां इलाज के दौरान सोमवार को सुबह उनकी मौत हो गई है। जबकि कृष्णा राय का एक हाथ,पसुली टुट गया है माथे पर गंभीर चोट लगी है उसे गया में इलाज चल रहा है। आशिफ उल्ला खान को मामुली रूप से चोट लगने के वजह से उसका इलाज स्थानीय चिकित्सकों के द्वारा किया जा रहा है। गिरफ्तार युवक के विरुद्ध प्रतापपुर थाना में कांड संख्या 67/24 के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया है।इस संबंध में पुलिस अधिकारी जुली गुड़िया ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर भरही गांव पहुंचे जहां ग्रामीणों ने बताया कि आशिक खांन घटना के पूर्व घर में निर्वस्त्र होकर घर वोलों के साथ मारपीट कर रहा था और पास एक कूआं में भी कुदा था बाद में सिढी से चढ़ कर उप निकल कर इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।

जेबीकेएसएस के प्रथम स्थापना दिवस पर केंद्रीय उपाध्यक्ष ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को दी बधाई

आगामी विधानसभा चुनाव में टाइगर जयराम महतो की सरकार बनाने का ले संकल्पःकृष्णा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बरही। बरही विधानसभा के युवा नेता सह जेबीकेएसएस/जेएलकेएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष कृष्णा यादव ने झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति जेबीकेएसएस/जेएलकेएम के केंद्रीय अध्यक्ष, पदाधिकारियों एवं पार्टी के सम्मानित कार्यकताओं को पार्टी के प्रथम स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामना दिया है। उन्होंने झारखंड के माताओं बहनों के प्रति आभार व्यक्त किया। जिन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 में पार्टी को लगभग 8 लाख से अधिक वोट देकर पार्टी का मनोबल बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा की आइए संकल्प ले कि आगामी विधानसभा चुनाव में टाइगर जयराम महतो के नेतृत्व में झारखंड में सरकार बनायेंगे एवं झारखंडियत की आवाज बुलंद करेंगे।

प्लस टू हाई स्कूल कटकमसांडी में योग दिवस को लेकर योग प्रोटोकॉल अभ्यास का आयोजन

हजारीबाग। जिले के प्लस टू हाई स्कूल कटकमसांडी में मंगलवार को आगामी 21 जून योग दिवस की तैयारी को लेकर विद्यालय परिसर में तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल अभ्यास शुभारंभ किया गया। जिसमें कक्षा नवम से लेकर 12वीं तक के सैकड़ो छात्राओं ने भाग लिया। योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय मसीह के निर्देश पर किया गया ।

एनजीटी के प्रतिबंध के बाद भी पुलिस के नजरों के सामने से बालू का अवैध खनन और ढुलाई कार्य जारी

- इस अवैध धंधे के कारण सरकार को लाखों रुपए राजस्व की हो रही क्षति
- रात के अंधेरे में होता बालू का उठाव, दिखावे के लिए कभी कभार होती छापेमारी
- पदमा और बरही क्षेत्र स्थित छोटी-बड़ी नदियों से हो रही अवैध बालू का उठाव,स्थानीय पुलिस बनीं है मूकदर्शक

उज्जवल दुनिया संवाददाता/
अजय निराला

हजारीबाग। चोर चोर मोसेरे भाई

आपने यह कहावत सुना ही होगा यह कहावत स्थानीय प्रशासन पर सटीक बैठता है। ज्ञात हो कि पदमा थाना के सीमा क्षेत्र में बहने वाली किसी भी नदी से 15 जून से बालू के उठाव पर प्रतिबंध लगा हुआ है। इसके बावजूद अवैध बालू का उठाव हो रहा है और क्षेत्रो मे परिवहन कार्य भी हो रहा है। इसकी जानकारी स्थानीय पदमा के प्रखंड और पुलिस प्रशासन को भी है। लेकिन इस गोरखधंधे पर प्रशासन की ओर से अंकुश नहीं लगाया जाना, प्रशासन की कमजोरी को उजागर कर रहा है। इससे स्पष्ट होता है कि इस अवैध कारोबार में संलिप्त लोगो को स्थानीय पुलिस प्रशासन का संरक्षण प्राप्त है। जानकार सूत्र बताते हैं कि इधर कुछ महीनों से पदमा, बरही, मयूरहण्ड,जैसे क्षेत्रो में बहने वाली विभिन्न नदियां बालू माफियों के वजह से अब दम तोड़ रही है। फिर भी यहाँ से पीले बालू का उत्खन्न एवं परिवहन कार्य का काला धंधा बदस्तूर जारी है। लगातार बालू माफीयां खुले आम सरकारी आदेश, खनन विभाग,भूतत्व विभाग, जिला पुलिस एवं प्रशासन को चुनौती दे रहे है इसके बवजूद भी प्रशासन मौन है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऊपर से जब कभी ज्यादा दवाब आने पर कभी-कभार मात्र कुछ वाहनों को जब्त कर तथा उसको जुमार्ना लगा कर स्थानीय पदमा प्रशासन अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेते है। इस धंधे परअंकुश नहीं लगने के वजह से प्रत्येक दिन सैकड़ों ट्रेक्टर दर्जन भर नदियों से बिना चलान के अवैध बालू का उठाव कर पदमा, इचाक होते हुए क्षेत्रो मे परिवहन कार्य कर सरकार को प्रति माह लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ स्वयं दिन-दूनी, रात चौगुनी तरक्की कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि स्थानीय पुलिस प्रशासन यह मानने को तैयार नहीं की उनके क्षेत्रो से अवैध बालू का उत्खनन हो रहा है।

सेवा सहयोग समिति ने डेढ़ सौ (150) से भी अधिक जगहों पर चापाकल को मरम्मत और नया लगाया गया

उज्जवल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। जल ही जीवन है और इसके बगैर जीवन अधूरा है। कहा जाता है कि जीवन में कुछ मिले ना मिले दो घुट पानी मिल जाए तो वही जिंदगी की एक दिन गुजर जाती है। इसी दृष्टिकोण से सेवा सहयोग समिति ने पूरे गर्मी में ग्रामीणों का सेवा किया। सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न पंचायत में करीब डेढ़ सौ से भी अधिक चापाकल को मरम्मत एवं नया लगाया गया। भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से ग्रामीण जूझ रहे थे। ऐसे वक्त पर उनका मसीहा बनकर सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष व युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा सामने आए। हर्ष अजमेरा का लक्ष्य है कि सदर विधानसभा क्षेत्र के कोई भी ग्रामीण पानी की किल्लत से परेशान न हो। ग्रामीणों के बीच आए समस्याओं को तत्काल रूप से हल किया जा रहा है ।करीब डेढ़ सौ से भी अधिक चापाकल का मरम्मत एवं नया लगाया गया। पूरे सदर विधानसभा क्षेत्र में पानी की किल्लत दिन पर दिन बढ़ती जा रही है और ऐसी स्थिति में चापाकल भी उनके साथ नहीं दे रहा है।

ग्रामीणों को नहीं होगी कोई तकलीफ सदैव मैं साथ हूं : हर्ष अजमेरा

जल ही जीवन है, इसी दृष्टिकोण से जनहित में कराया गया काम, पूरी गर्मी में पानी की वजह से परेशान थे ग्रामीण

गड्ढे का दूषित पानी पीने को मजबूर हो रहे लोग

उज्जवल दुनिया संवाददाता

चतरा। जिले के टंडवा प्रखंड के सराढू पंचायत के कनकट्टा गांव के लोगों को भीषण गर्मी में पीने के लिए पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। यह गांव मगध कोल परियोजना के विस्थापित है। और इस गांव के जंगल उजाड़ कर कोयला ले जाने के लिए एनटीपीसी कन्वेयर बेल्ट बनाई है। गांव में मात्र एक चापाकल है जो खराब पड़ा हुआ है वही कुआं भीषण गर्मी ने कुआं सुख गया हैं। लोगों ने बताया सरकार द्वारा दिए चापाकल जनप्रतिनिधियों द्वारा कई गांव में चापाकल लगाया गया पर यहां पर किसी ने नहीं लगाकर नेताओं को करीबियों अपना आंगन में चापाकल लगाया है। गांव के एक नदी है जो नाला में तब्दील है। उसी नाला से गांव के दलित परिवार पानी पीने के लिए मजबूर है। इसी नाला से जानवर अपनी प्यास बुझाते हैं। कन्वेयर बेल्ट बनाने समय एनटीपीसी के कई वरीय अधिकारी इस गांव में केम्प कर कोयला ढुलाई की के लिए कन्वेयर बेल्ट का निर्माण शुरू करवाया पर किसी ने भी एनटीपीसी के अधिकारियों मूलभूत सुविधा पानी के लिए नहीं सोचा। गांव कैलाश मुंडा ने बताया नेताओं साहिल नेताओं के प्रतिनिधि बड़े-बड़े बात बोलकर वोट लेते हैं पर जब सरकार की योजना आती है तो यहां के मिलने वाले सुविधा अपना घर आंगन में लगाते हैं।

संक्षिप्त खबरें

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में शामिल होने के लिए घर-घर दिया जगह है निमंत्रण

झुमरीतिलैया : दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए घर-घर जाकर निमंत्रण दिया जा रहा है योग क्रांतिकारी योगी सुषमा सुमन योगी प्रदीप कुमार सुमन एवं पतंजलि परिवार की पूरी टीम ईद कार्य मे लगी हुई है। घर-घर जाकर निमंत्रण दिया जा रहा है यह कार्यक्रम ब्लॉक मैदान में सुबह 4:30 बजे से लेकर 6:00 बजे आयोजित होगी।पतंजलि परिवार की ओर से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की जा रही है।

अबुआ आवास योजना का कार्य जल्द पुरा करें : गौतम कुमार

जयनगर :- प्रखण्ड सभागार में दिनांक 18 जून 2024 दिन मंगलवार को जयनगर सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार एवं प्रखंड प्रमुख अंजू देवी की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं को लेकर 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत अबुआ आवास योजना एवं मनरेगा की समीक्षा की गई। वहीं प्रखंड सभागार में समीक्षा के दरमियान 15वें वित्त आयोग के तहत कम राशि खर्च करने वाले पंचायत घरौंजा, डंडाडीह, गडगी, ककरचोली, गोहाल, कंद्रपडीह, रूपायडीह आदि के संबंधित पंचायत सचिव पर प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा अगले एक सप्ताह में जनहितकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए राशि खर्च करने का निर्देश दिया गया। वहीं अबुआ आवास योजनाओं में तेजी से कार्य करते हुए प्लिंथ स्तर के भुगतान की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वहीं इस प्रखंड सभागार के बैठक में मुख्य रूप से मुखिया कौसर खान, महेश साव, विनोद दास, संगीता कुमारी संजय कुमार साव, अजय यादव, सुबंती देवी, फरीदा खातून, पंचायत समिति सदस्य मिस्बाउद्दीन, बलराम यादव, अरमान खान, किरण देवी, सुरेंद्र राणा, अंजू देवी, हेमिया देवी, बीपीओ रवि शंकर कुमार, प्रखंड समन्वयक रवि कुमार, विवेक कुमार, पंचायत सचिव चंदन कुमार गुप्ता, बिंदु कुमारी, सुरेश चंद्र पासवान, एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

पानी बिजली की समस्या के समाधान के लिए जनहित में उपायुक्त ले संज्ञान

झुमरीतिलैया :- निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि शहर मे मूलभूत सुविधा बहाल करने की जिम्मेदारी नगर प्रशासन की है परंतु बिजली पानी ट्रैफिक की समस्या से शहर जूझ रहा है शहर में रहने वाले लोगों के रिलेटिव बहन बेटी गर्मी के दिनों में आने से कतराते हैं शर्म महसूस करते हैं पानी की बेहद कमी विकराल समस्या का रूप लेते जा रही है इस भीषण गर्मी में बोरिंग और कुआं का पानी सूख चुका है सप्लाई पानी की आपूर्ति ही एकमात्र सहारा है शहर की सम्मानित जनता सप्लाई पानी पर आश्रित है जिसका पैसा तो नगर परिषद के द्वारा प्रति महीने 30 दिन का ले लिया जाता है परंतु पानी नियमित नहीं दिया जाता है बहुत प्रयास प्रार्थना के बाद के बाद महीना में लगभग 8 दिन मात्र 10 मिनट के लिए पानी दिया जाता है जनहित में प्रशासन के द्वारा सुविधा हेतु जो भी कार्य किया गया है उसका कोई भी रिजल्ट नहीं निकला है पिएचडी का नंबर दिया गया है उससे जुड़े पदाधिकारी फोन ही नहीं उठाते हैं सिर्फ खाना पूर्ति करते हैं समस्या का समाधान नहीं करते हैं पिएचडी और नगर परिषद यदि शहर में सप्लाई पानी की आपूर्ति गर्मी के दिनों में नियमित नहीं कर सकते हैं तो शहर की आम जनता से लेने वाले भारी भरकम पानी का बिल वापस कर दे सप्लाई पानी दिए बिना पैसा लेने का हक नहीं है शहर की जनता पानी की समस्या से त्राहिमाम है ।

निधन के बाद पैतृक गांव भखरा पहुचाँ सीआरपीएफ सब इंस्पेक्टर का पार्थिव शरीर

उज्जवल दुनिया संवाददाता

सतगावां :- थाना क्षेत्र के कटैया पंचायत अंतर्गत ग्राम भखरा निवासी सीताराम पासवान के 54 वर्षीय पुत्र सीआरपीएफ के सब -इंस्पेक्टर उमाचरण पासवान का निधन बीते 16 जून को इलाज के दौरान दिल्ली में हो गया। वे दिल्ली - हरियाणा बॉर्डर में पदस्थापित थे।तीन माह पूर्व हुए किसान आंदोलन के धरना स्थल पर ड्यूटी के दौरान माथे पर चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बेहोशी हालत में उन्हें दिल्ली के वेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था । जहाँ उनका इलाज किया जा रहा था। करीब तीन माह तक जिंदगी और मौत से जूझते रहे। आखिरकार बीते 16 जून को मौत के आगे हार गए। बताते चलें कि वे मई वर्ष 1988 में सीआरपीएफ कांस्टेबल के पद पर अपना योगदान मोकामा बिहार में दिए थे। वर्ष 2022 में पदोन्नति के बाद सब इंस्पेक्टर के रूप में प्रभार सँभाला। वे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सुरक्षा में भी 2 वर्ष तक सेवा दिये थे। राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार, अंतिम यात्रा में सैकड़ो लोग शामिल हुए।

सतगावां थाना से मंगलवार की अहले सुबह अंतिम यात्रा निकाली गई।

इस यात्रा में सीआरपीएफ के पदाधिकारी मनोज सिंह थाना प्रभारी -विजय गुप्ता ,सीआईएसएफ के जवान व पुलिस बल शामिल हुए। इस दौरान युवाओं ने उमाचरण अमर रहे आदि नारे लगाते हुए यात्रा उनके पैतृक आवास भखरा पहुँची। जहाँ पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में शामिल हुए। पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, जिप सदस्य नीतू कुमारी, उप प्रमुख -मनोज कुमार निराला, भाजपा मंडल अध्यक्ष -जयशंकर प्रसाद, महामंत्री -प्रदीप यादव, सांसद प्रतिनिधि विनोद यादव, प्रमुख प्रतिनिधि -रामावतार चौधरी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि -नरेश यादव, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि - श्रवण रविदास, मनोज भगत, धीरज सिंह, शिवबालक प्रसाद यादव, समेत सैकड़ों युवा व ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

निधन की सूचना मिलते ही मच गया हाहाकार

सब इंस्पेक्टर के निधन की सूचना मिलते ही घर में मानो हाहाकार मच गया। अचानक रोने पीटने की आवाज सुन आसपास के लोग जब उनके घर की ओर भागे-भागे पहुँचे तो उन्हें यह मनहूस खबर मिली।इसके बाद तो उनके दरवाजे पर भीड़ का तातां लग गया।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल,पूरे क्षेत्र में शोक की लहर

सीआरपीएफ जवान के निधन पर परिजन निः शब्द हो गए। वहीं पत्नी ,बेटा-बेटी का रो-रोकर बुरा हाल है ।उनकी आंखों से आंसू थम नहीं पा रहे थे। निधन से गांव सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर है।

कोडरमा पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में मासिक समीक्षात्मक बैठक संपन्न

उज्जवल दुनिया संवाददाता

कोडरमा पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में 18/06/24 दिन मंगलवार को मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व माह में प्रतिवेदित एवं लंबित कांडों की समीक्षात्मक बैठक की गई। वही सभी थाना क्षेत्रों में संघन गश्ती करने व विशेष सतर्कता बरतने, फरार चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी करने एवं हाल ही में रिहा हुए व अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिया गया ।वही साथ ही साथ पुलिस सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समस्याओं को सुना गया एवं उनके समाधान हेतु आदेश दिए गए।वही मौके पर सभी थानों के थाना प्रभारी लोग मौजूद थे।

सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने कल्याण पदाधिकारी की भूमिका पर जताया आक्रोश

उज्जवल दुनिया संवाददाता

कोडरमा : सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने वर्ष 2012 एवं 13 में लगभग 1000 साइकिलों को आठवीं कक्षा की छात्राओं को न बांट कर कबाड़ बना देने वाले कल्याण पदाधिकारी की भूमिका पर आक्रोश जताया है। वर्ष 2012 में प्रति साइकिल की कीमत 2000 थी जिसे खरीदकर कल्याण विभाग के छात्रावास में रख दिया गया। पर जरूरतमंद एससी, एसटी एवं अल्पसंख्यक छात्राओं को नहीं बांटा गया। अगले वर्ष पुनः साइकिल खरीदी गई और 6 कमरों मे रख दी गई। साइकिल खरीदना और ना बांटना पूरी तरह कमीशन खोरी, लूट एवं छात्राओं को साइकिल से वंचित कर देना उनकी घृणित सोच को दर्शाता है।इसके लिए आज तक जितने भी कल्याण पदाधिकारी आए एवं अन्य जिनकी जानकारी में यह है, पूरी तरह जवाबदेह हैं। विभाग द्वारा इन साइकिलों की मरम्मत के नाम पर आवंटन और पुनः लूट का खेल खेला जा रहा है।आज भी सैकड़ों साइकिलें उत्क्र +2 बालिका उच्च विद्यालय के प्रांगण में खुले आसमान में बांटने के लिए रखी गई है जो सूर्य की गर्मी से बर्बाद होने के कगार पर है और इसे तुरंत नहीं बांटा गया तो दो चार दिनों में मानसून की वारिश में इसे कबाड़ होने में देर नहीं लगेगा।बसंत ने इस प्रकरण से उपायुक्त के साथ ही सभी वरीय पदाधिकारियों एवं मुख्यमंत्री के साथ ही राज्यपाल को अवगत कराते हुए वर्ष 2012 से आज तक के सभी पदाधिकारियों के निलंबन के साथ ही क्षतिपूर्ति की राशि उनके वेतन से वसूलने की मांग की है।

वर्ष 2012 एवं 13 में लगभग 1000 साइकिलों को आठवीं कक्षा की छात्राओं को न बांट कर कबाड़ बना दिया गया

एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला कोऑर्डिनेशन ऑफिस कोडरमा में संपन्न

सामूदायिक विकास में संस्थाओं की भूमिका अहम : मंजू कुछल

उज्जवल दुनिया संवाददाता

कोडरमा : धौनी फाउंडेशन के मेंबर सेक्रेटरी मंजू पुष्कल ने राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के कार्यकताओं एवं पदाधिकारी सहित कार्यकारणी समिति के सदस्यों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में बोली। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान कोडरमा जिले में कई वर्षों से विकास की संभावनाओं की तलाश के साथ कार्य कर रही है। बदलते परिवेश मैं संस्थाओं को आंतरिक रूप से कैसे मजबूत एवं पारदर्शी रखा जाए किस प्रकार से दस्तावेजीकरण और कंप्लेंसेस को अद्यतन रखा जाए इस पर गंभीरता और बारीकी से बात किया। संस्था के कार्यकारी समिति के सदस्यों का कार्य एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

झुमरी तिलैया नगर के महिलाओं के साथ विचार-विमर्श वाद-संवाद के साथ-साथ नीरा यादव उनके समस्याओं से अवगत

संचालित योजनाओं का लाभ लेकर महिलाएं सशक्त हो : नीरा यादव

कोडरमा। सोमवार को झुमरी तिलैया के शिव वाटिका में आयोजित नगर के महिलाओं के साथ विचार विमर्श एवं वाद संवाद का कार्यक्रम आयोजित की गई थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव थी एवं मंच संचालन रंजीता सेठ ने किया। नीरा यादव को प्रेरणा शाखा की महिलाओं ने शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया एवं काली मंडा की अध्यक्ष सरोजनी सिंह के नेतृत्व में महिलाओं ने आशीर्वाद के रूप में माता रानी का चुनरी विधायक को ओढ़ाया। कार्यक्रम में विधायक नीरा यादव ने कहा कि हम सभी गौरवान्वित है क्योंकि कोडरमा लोकसभा में मतदान करने में पुरुषों से अव्वल रहीं हैं। कोडरमा में नारियों के द्वारा विभिन्न प्रयोजनों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना, सामाजिक कार्यों में जागरूक रहना, अपने क्षेत्रों में अधिकतम वोट करना और झारखंड में सबसे अधिक अंतर के मत से अन्नपूर्णा देवी जी का जीत दर्ज कराना यह हरेक क्षेत्र में नारी शक्ति के उन्नति को दशार्ता है। इसके सभी के प्रति आभार जताया। कोडरमा में महिलाओं की अधिकतम भागीदारी को देखते हुए केंद्रीय शीर्ष नेतृत्व ने भी अपने मंत्री मंडल में महिला एवं बाल विकास विभाग का अहम विभाग कोडरमा सांसद को सौंपा। कार्यक्रम में प्रेरणा शाखा की सारिका लड्ढा, काली मंडा समिति अध्यक्ष सरोजिनी सिंह, इनर व्हील की पूर्व अध्यक्ष माला दारूका, गांधी स्कूल प्राचार्य निशा भारद्वाज, योगा प्रशिक्षिका सीमा वर्णवाल, डीपीएस स्कूल प्राचार्य सुनिता पांडे, भारतीय विकास परिषद की प्रांतीय संयोजिका जूही दास गुप्ता, माहुरी समाज की अध्यक्ष ललिता बडगवे, नीलम महर्षि, नीलम भदानी आदि सैंकड़ों महिलाएं उपस्थित थी।

जिसकी नैया श्याम भरोसे , डोल भले सकती है, डूब नहीं सकती.....

निर्जला एकादशी को ले नगर में निकली निशान यात्रा , ताली कीर्तन के साथ-साथ राहगीरों को पिलाया गया शर्बत

उज्जवल दुनिया संवाददाता

झुमरी तिलैया : निर्जला एकादशी को लेकर झुमरी तिलैया में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । इस अवसर पर झंडा चौक स्थित दुर्गा मंदिर से निशान यात्रा निकल गई । एक टोटो में भगवान श्याम का दरबार सजाया गया । वहीं पूजा अर्चना पंडित जीवकांत झा ने करवाई । वहीं यजमान के रूप में ज्योति शेखावत शामिल हुई। निशान यात्रा झंडा चौक, स्टेशन रोड़, अड्डी बंग्ला होते हुए श्याम बाबा पथ स्थित श्याम मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई । इस अवसर पर हारे का सहारा श्याम बाबा हमारा ... जो छू ले तेरे चरणों की धूल वह मिट्टी से सोना बन जाए, एक नजर तेरी जिस पर पड़ जाए वह मिट्टी भी कोहिनूर कहलाए ....जैसे पंक्तियों से गुंजमन होता रहा । निशान यात्रा में पिंकी खेतान, कृतिका मोदी , अंजुला खाटूवाला , पूजा शर्मा , मधु शर्मा , बबीता जोशी , सुमन सर्राफ , शालिनी सेठ , कुसुम चौधरी , सोनिया छाबड़ा , प्रिंस वर्मा , देव कुमार , अमरतल वर्मा , आदि उपस्थित थे । वहीं पानी टंकी रोड स्थित श्याम मंदिर में ताली कीर्तन का आयोजन किया गया । मौके पर मनोज पिलानिया , हिमांशु केडिया , पप्पू सिंह , तन्मय लड्ढा, संदीप हिसारिया , संतोष लड्ढा , विष्णु चौधरी , अमित संघई , हार्दिक लड्ढा , विद्यासागर , अमित बंसल , पप्पू खेतान , अनुराधा देवी , प्रीति केड़िया , दिव्या संघई आदि मौजूद थे।

रमता योगी बहता पानी कहावत के अनुसार ....

परम पूज्य आचार्य श्री 108 विमर्श सागर महाराज का भव्य मंगल प्रवेश

उज्जवल दुनिया संवाददाता

झुमरीतिलैया :- ज्ञात हो की परम पूज्य आचार्य श्री 108 विमर्श सागर जी महामुनिराज ससंघ का मंगल चातुर्मास दिल्ली में 2023 का संपन्न हुआ । इसके बाद दिल्ली से मंगल विहार जैन धर्म के सबसे बड़े तीर्थ सम्मेदशिखर जी की ओर हुआ रास्ते में प्रयागराज, बनारस गया, ओर कई जैन तीर्थ का दर्शन कर लगभग 2000 किलोमीटर की यात्रा करते हुवे आज धर्म नगरी झुमरीतिलैया में मंगल आगमन हुआ। रास्ते में भीषण गर्मी में भी मुनि श्री बिहार करते हुए चल रहे थे कोडरमा की धरती में आगमन के साथ नगर भ्रमण में समाज के द्वारा रास्ते मे कई जगह चरण वंदन ओर आरती की गई । आचार्य श्री ससंघ ने नगर भ्रमन कर श्री दिगम्बर जैन मंदिर पहुँचे जहाँ समाज के लोगो ने आरती किया गया।

लवली राष्ट्रीय योग ओलंपियाड प्रतियोगिता में कर रही है झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व

उज्जवल दुनिया संवाददाता

झुमरी तिलैया :- आकाश योग केंद्र की योग प्रशिक्षु लवली कुमारी जो वर्तमान में सी. डी. बालिका उच्च विद्यालय झुमरी तिलैया मे अपनी पढ़ाई कर रही है उन्होंने झारखंड शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रांची द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय योग ओलंपियाड 2024 राज्य स्तरीय योग ओलंपियाड में राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया था इसके बाद झारखंड शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रांची द्वारा विजय खिलाड़ियों के लिए राज्य स्तरीय योग शिविर का आयोजन किया गया था इस शिविर मे उनके अच्छे प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन किया गया है लवली मैसूर ,कर्नाटक मे 18 से 21 जून तक आयोजित राष्ट्रीय योग ओलंपियाड प्रतियोगिता में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व कर रही है लवली सहित पुरे झारखण्ड टीम को झारखण्ड शिक्षा विभाग के द्वारा हवाई जहाज से रांची से बंगलौर होते हुए मैसूर भेजा गया है जिसका सारा खर्च झारखण्ड सरकार के शिक्षा विभाग के द्वारा दिया गया है जिस से सभी खिलाड़ी बहुत ही उत्साहित हैं लवली बहुत ही साधारण परिवार से है उनके पिता रामललित मुंबई मे हार्ड वेयर के दुकान मे काम करते है और माता आशा देवी गृहणी है लवली आकाश योग केंद्र मे विगत 3 वर्षो से योग का अभ्यास अंतरराष्ट्रीय योग प्रशिक्षक योगाचार्य आकाश सेठ एवं राष्ट्रीय योग प्रशिक्षक योगाचार्या ईशा गुप्ता के निर्देशन मे अभ्यास कर रही है उनके प्रशिक्षक आकाश सेठ ने कहा की जो व्यक्ति निस्वार्थ परिश्रम करते है और अपने कर्मो पर विश्वास रखते है उन्हें सफलता अवश्य मिलती है लवली बहुत परिश्रमी योग प्रशिक्षु है आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोडरमा जिला का नाम रोशन करेंगी लवली ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता का सहयोग एवं अपने प्रशिक्षकों के कुशल निर्देशन को दिया है।

जो व्यक्ति निस्वार्थ परिश्रम करते है उन्हें सफलता अवश्य मिलती है : आकाश सेठ

जाम की समस्या को ले शीघ्र होगी बैठक, चलाया जाएगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का लेना होगा संकल्प : रिया सिंह

उज्जवल दुनिया संवाददाता

झुमरी तिलैया :- ग्रीन तिलैया क्लीन तिलैया व शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ साथ जाम की समस्या से निदान के लिए यत्र तत्र वाहनों को नहीं खड़ा करने का संकल्प लेना होगा। तभी समस्या से निजात मिल पाएगी। उक्त बातें एसडीओ रिया सिंह ने विशेष बातचीत में कही। उन्होंने कहा की प्रशासन की प्राथमिकता है की, लोगों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके इसके लिए नगर परिषद, पुलिस प्रशासन के सहयोग से जाम और अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा।

एसडीओ ने बताया की डी सी के मार्गदर्शन के बाद शहर के व्यवसायियों और सामाजिक संगठनों के साथ बैठक कर सुझाव लिए जाएंगे। उन्होंने कहा की शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए आने वाले दिनों में जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। आगे कहा की शहर के मुख्य मार्ग स्टेशन रोड़, झंडा चौक तथा ब्लॉक रोड़ के मुहाने तक रोड़ के दोनो साइड ठेले एवं फुटपाथ पर बैठने वाले लोगों से अपील की की वे सब्जी बाजार एवं प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थानों पर हीं दुकान लगाएं ताकि आवागमन में लोगों को असुविधा ना हो। बताते चलें की इन दिनों चिलचिलाती धूप की वजह से लोग दिन भर अपने दैनिक कार्यों को देर शाम के बाद हीं निपटा रहे हैं। इस वजह से संध्या 5:30 के बाद से पूर्णिमा टॉकीज से झंडा चौक और झण्डा चौक से ओवर ब्रिज तक घंटों जाम की स्थिति उत्तपन्न हो जा रही है। वहीं दूसरी ओर इस सम्बंध में झुमरी तिलैया नगर प्रशासन ने हर्षवर्धन ने बताया की पुलिस अधीक्षक के सहयोग से और डीएसपी के नेतृत्व में शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान 1,2 दिनों में शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया की ओवर ब्रिज के नीचे पार्किंग की व्यवस्था की गई है। जहां पर लोग अपने वाहन को खड़ा कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा की गांधी स्कूल के समीप, गौशाला रोड स्थित गोवर्धन तालाब एवं ब्लॉक के समीप चिल्ड्रन पार्क के पास लगभग 2 करोड़ के लागत से अलग अलग वेंडिंग जोन बनाया जाएगा। इसकी स्वीकृति नगर विकास विभाग से मिल चुकी है। और डीपीआर बनाया जा रहा है। वहीं उन्होंने यह भी कहा की सरकारी बस स्टैंड में सब्जी और फल वाले को सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जहां पर बैठ कर सामग्रियों की बिक्री वो कर सकते हैं। यहां बोरिंग कराई गई है और पानी के साथ साथ शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं दूसरी ओर रेलवे बाईपास के रास्ते फोर लेन बनाने का कार्य किया जा रहा है। ऐसे में रेलवे के द्वारा ओवरब्रिज के समीप रेलवे का गटर लगाने का कार्य कल पूरा कर लिया गया, एक और गटर लगाया जाएगा। गटर लगाने के समय ट्रेनों का परिचालन पर ब्रेक लगा दिया जा रहा है। और लगभग 1 से 2 घंटे तक कोडरमा गया रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन पर भी ब्लाक लिया जाता है।

प्रतिबंधित मांस का टुकडा मिलने से विवाद

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। जिले के पिपराटाड थाना के बहेरा गांव में मंगलवार के सुबह प्रतिबंधित मांस का टुकडा मिलने से विवाद उत्पन्न हो गया है। दो समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए, हालांकि सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय हो गए हैं और बहेरा गांव में बडी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। जिला पुलिस व सीआरपीएफ के सैकडों जवानों को गांव में तैनात किया गया है। कहा जा सकता है कि पूरा गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। प्रशासनिक व पुलिस के पदाधिकारी गांव पहुंचकर मामले को सुलझाने के प्रयासों में जुटें हुए है। समाचार लिखे जाने तक स्थिति तनावपूर्ण किन्तु नियंत्रण में होने की सूचना है।

शब्दों में विष घोलना अच्छे समाज के लिये घातक : उपायुक्त

इंटरनेशनल डे फॉर कॉउंटरिंग हेट स्पीच के अवसर पर सूचना भवन सभागार में कार्यशाला का हुआ आयोजन

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। इंटरनेशनल डे फॉर कॉउंटरिंग हेट स्पीच के अवसर पर मंगलवार को सूचना भवन के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिले के उपायुक्त शशि रंजन,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार व जिले के कई वरिष्ठ पत्रकारों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए उपायुक्त श्री रंजन ने इतने अच्छे व गंभीर विषय पर कार्यशाला का आयोजन करने को लेकर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह विषय इतना महत्वपूर्ण है कि इस विषय के बारे में बच्चों को अवगत कराना बेहद आवश्यक है। अगर हम बच्चों को छोटे उम्र से ही हेट स्पीच के बारे में बतायेंगे तो बे होकर वे इस विषय से दूर रहेंगें। उन्होंने कहा कि घृणास्पद भाषण लोकतंत्र के सिद्धांत को खतरे में डालते हैं,जो लोकतांत्रिक देश में सामाजिक व्यवस्था को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि घृणा और पूर्वाग्रह कभी-कभी व्यक्तियों या समूहों के धर्म,जाति,रंग और जातीय मूल या विकलांगता और बुापे के आधार पर उत्पन्न हो सकते हैं और दैनिक जीवन में हिंसा के विभिन्न रूपों में बदल सकते हैं जो कहीं से उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि हेट स्पीच विभिन्न माध्यमों से फैलता है या यूं कहे फैलाया जाता है और इसके रोकना हम सबकी सामूहिक जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान के मुताबिक भी हम किसी के प्रति हेट स्पीच नहीं दे सकते हैं जिसका अनुश्रवण हम सबको करना चाहिए।उन्होंने कहा कि शब्दों में विष घोलना अच्छे समाज के लिये घातक है।उन्होंने सभी पत्रकारों से कहा कि आप सभी लोकतंत्र के चैथे स्तंभ हैं ऐसे में हेट स्पीच को खत्म करने में आप सब की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है।उन्होंने सभी से अपने-अपने स्तर से हेट स्पीच का प्रतिकार करने पर बल दिया। इसके पूर्व सभागार में आये विभिन्न संस्थानों के पत्रकारों को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार ने आज के विषय पर प्रकाश डालते हुये इंटरनेशनल डे फॉर कॉउंटरिंग हेट स्पीच का इतिहास,कहाँ से यह विषय की उत्पत्ति हुई,आज के दौर में इसकी क्या महत्ता है व भविष्य में यह कितना महत्वपूर्ण विषय है इन सभी बिंदुओं पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अजित कुमार तिवारी ने किया। कार्यशाला में बी संख्या में विभिन्न संस्थाओं के पत्रकारगण उपस्थित रहे।

एक-नजर

मांस का टुकडा मिलने की घटना बहुत ही निंदनीय : अमित

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने आरक्षी अधीक्षक से आग्रह किया है की इस प्रकार की घटना बहुत ही निंदनीय घटना। पांकी के नौडीहा बहेरा में बकरीद के दूसरे दिन मनोज मिश्रा के गौशाला में मांस का टुका फेका हुआ मिला वहीं नौडीहा मस्जिद के पीछे पुराना कुंआ से दो बोर में पशु के अपशिष्ट मिलने से गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। सूचना मिलते ही भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने आरक्षी अधीक्षक से आग्रह किया है की इस प्रकार की घटना बहुत ही निंदनीय घटना है और पहले भी इस प्रकार की घटना हुई है हम मांग करते हैं कि दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए जो लोग माहौल बिगाना चाहते हैं और हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवा करना चाहते हैं वैसे लोग अपनी हरकत से बाहर आए और प्रशासन से आग्रह करते हैं कि इस प्रकार के लोगों को अभिलंब पका जाए और यथाशीघ्र कार्रवाई हो जिससे कि सौहाद्रपूर्ण माहौल और शांति व्यवस्था भंग ना हो।
इस प्रकार के लोगों के चलते कई अवसर पर शांति व्यवस्था भंग हुई है और इन्हीं शरत शरारती तत्वों ने क्षेत्र को असंतुलित करने का कार्य किया है। हम प्रशासन से मांग करते हैं कि इस प्रकार के लोगों को अभिलंब प?कर विधि संवत का कार्रवाई करें।

दो बच्चों के साथ सडक पार करती दिखी मादा तेंदुआ

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। पलामू टाइगर रिजर्व अंतर्गत दक्षिणी वन प्रमंडल के वन प्रक्षेत्र के गारू-महुआडांड मुख्य सक पार करते हुए रविवार की रात वन विभाग के गश्ती दल ने मादा तेंदुआ व उसके दो बच्चों की तस्वीर ली है। बारेसांढ वनपाल परमजीत सिंह ने बताया कि द्वारसेनी घाटी के पास एक मादा तेंदुआ अपने दो बच्चों के साथ गारू-महुआडां मुख्य स?क पर घूमती दिखी, लेकिन गाी नजदीक आते ही तेंदुआ अपने एक छोटे बच्चे को लेकर रोड के किनारे झाी में घुस गयी। जबकि बा वाला तेंदुआ मेन रोड पर काफी देर तक घूमता रहा। उन्होंने इस मार्ग पर यात्रा करने वाले राहगीरों को सतर्क करते हुए सावधानी पूर्वक यात्रा करने की अपील की है।

भूमि विवाद में चले लाठी-डंडे, पांच घायल

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। तरहसी थाना क्षेत्र के देलहा गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। लाठी-डंडे भी चले। जिसमें दो महिला और तीन पुरुष घायल हो गये। घायलों में चनारिक महतो, संतोष कुमार, राज रोशन कुमार, भगवती देवी एवं ज्ञानती देवी का नाम शामिल है। सभी घायलों को स्वास्थ्य केंद्र तरहसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर किया गया है।
इस संदर्भ में चनारिक महतो ने बताया कि गोतिया से जमीन का पुराना विवाद चल रहा है। उन्हें आवास मिला है, जिसे बनाने के लिए 15 दिन पूर्व नींव की खुदाई की थी। उसका भी मामला तरहसी थाना में चल रहा है। सोमवार की सुबह भैंस को पानी पिला रहा था, उसी दौरान रमेश महतो, सामू महतो, रामपति महतो, बसंत महतो एवं वशिष्ठ महतो आवास निर्माण के लिए खोदी गयी नींव में मिट्टी भरने लगे।
यह देखकर जब वहां गया, तो उक्त लोगों ने लाठी से हमला कर दिया। यह देखकर जब परिजन आये, तो उन्हें भी लाठी-डंडे से मारा। जिससे जिसमे सभी का सिर फट गया है। इस संबंध में तरहसी थाना में मामला दर्ज कराया गया है।

बटाने नदी पर पुल निर्माण का काम होगा पूराः विधायक

हुसैनाबाद (उज्ज्वल दुनिया)। हरिहरगंज के बलरा-सरसोत सक में बटाने नदी पर पुल निर्माण की निविदा निकलने से हरिहरगंज प्रखंड के साथ-साथ सक से जु अन्य गांवों के लोगों में भी हर्ष है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि हरिहरगंज क्षेत्र के संबंधित गांव के लोगों की एक मात्र मांग पुल निर्माण कराने की थी। उन्हें हरिहरगंज आने-जाने के लिए नदी पार कर आना-जाना पता है। श्री सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार ने करीब पांच करो की लागत से पुल निर्माण कार्य की निविदा निकाल दी है। छह माह में कार्य पूरा करने का समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की लगभग सभी सकों का कायाकल्प करने का काम इस वर्ष पूरा हो जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के नकारात्मक रवैया के बावजूद काफी प्रयास कर धरातल पर योजनाओं को उतारा जा रहा है। उन्होंने आम लोगों से निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी द्वारा विकास कार्यों में गबी की जाती है तो उसकी सूचना जरूर दें, तत्काल कार्रवाई की जायेगी।

योग शिविर 21 को

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जायंट्स ग्रुप ऑफ डालटनगंज द्वारा सुबह 6 बजे से होटल निर्वाणा के बंकेट हॉल में योग शिविर लगाया जायेगा। यह शिविर में योग प्रशिक्षक एनके तिवारी के सौजन्य से लगाया जा रहा है। क्लब के प्रशासनिक निदेशक ने कहा कि इसमें आम लोग भाग ले सकते हैं। योग प्रशिक्षन पश्चात सभी प्रतिभागियों के लिए चाय एवं बिस्कुट की भी व्यवस्था है।

कुंदरी लाह बागान की टीम मिला डीसी से

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। कुन्दरी लाह बागान के पुनरुत्थान के लिए एक प्रतिनिधिमंडल पलामू उपायुक्त मिला। उपायुक्त से लाह बागान से सृजित होने वाले रोजगार, पर्यवरणहित पर विस्तृत की गयी। उपायुक्त ने इसी सप्ताह में कुन्दरी लाह बागान दौरा करने का आश्वासन दिया।

एसपीसीबी की मनमानी, खतरे में जिंदगानी

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। जिले में खनन पट्टा देने में अहम भूमिका रखने वाले राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मनमानी से खदान क्षेत्र का जनजीवन खतरे में पता जा रहा है। पहले तो स्टेट पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा बगैर स्थल का भौतिक सत्यापन किये रिपोर्ट देकर संबंधित पट्टाधारी को सीटीओ निर्गत कराया जाता है और बाद में भी कभी बोर्ड के पदाधिकारी प्रदूषण नियंत्रण के लिए दिये गये आवश्यक निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का भौतिक सत्यापन भी नहीं करते।
सूत्रों की माने तो बोर्ड के पदाधिकारियों द्वारा सभी आवश्यक रिपोर्ट पैसा व पैरवी के बल पर संबंधित लीज धारकों को बिना जांच पताल के निर्गत दिया जाता है। इस बाबत एक आरटीआई कार्यकर्ता ने बताया कि माइंस या क्रशर स्थापन के लिए संबंधित पदाधिकारी द्वारा दी गई रिपोर्ट की कॉपी मांगे जाने पर बोर्ड के पदाधिकारियों के हाथ पैर फूलने लगते हैं। उन्होंने बताया कि जिले के चैनपुर अंचल के नावाडीह मौजा में मिशन स्कूल से सटे संचालित एक क्रशर प्लांट के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी किये गये पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित रिपोर्ट की कॉपी की मांग आरटीआई के तहत चालू वर्ष के मार्च माह में की गई है।
निर्धारित अवधि गुजरने के बाद प्रथम अपीलीय पदाधिकारी के यहां मामला दर्ज कराया गया है, किन्तु वहां से भी अब तक मांगी गई सूचना उपलब्ध नहीं कराई जा सकी है, जबकि करीब दो माह का समय गुजर चुका है। आरटीआई कार्यकर्त्ता ने बताया कि बोर्ड द्वारा मांगी गई सूचना को नहीं दिये जाने से कई तरह के सवाल खडे होने लगे हैं। गौरतलब हो कि स्टोन माइंस या क्रशर के लिए राज्य प्रदूषण बोर्ड द्वारा प्रदूषण नियंत्रण से जु आवश्यक मानकों के अनुपालन के दिशा निर्देशों के साथ दी जाने वाली रिपोर्ट के आधार पर ही खनन विभाग माइंस या क्रशर संचालन की स्वीकृति प्रदान करता है।
किन्तु सूत्रों की माने तो एसपीसीबी के पदाधिकारी बिना स्थल जांच किये अपनी रिपोर्ट देते हैं। नतीजतन माइंस व क्रशर से फैल रहा प्रदूषण जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है।

एक बूंद पानी भी मय्यसर नहीं सदर अस्पताल में सभी आरो मशीन खराब, बाहर से पानी खरीदन को हैं मरीज

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। भीषण गर्मी में सदर अस्पताल में पानी की किल्लत से मरीज और उनके परिजन काफी परेशान हैं। पानी के लिए उन्हें दर-दर भटकना प रहा हैं। अस्पताल में लगा एक भी आरओ मशीन काम नहीं कर रही है। न ही उसमें पानी की सुविधा है। इमरजेंसी कक्ष के सामने लगा आरो मशीन कई महीनों से खराब पा है। स्थिति यह है कि मरीज और उनके परिजन बाहर दुकान से बोतल का पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। अस्पताल के कर्मी भी घर से बोतल में पानी लेकर आ रहे हैं। मरीज व कर्मियों की समस्या से अब तक अधिकारी अनभिज्ञ हैं। मंगलवार को सदर अस्पताल में पैर का इलाज कराने पहुंची छतरपुर गांव की महिला विमला देवी ने बताया कि अस्पताल में आधे घंटे से पानी खोज रहे हैं परंतु कहीं नहीं मिल रहा। अंत में पता चला कि अस्पताल में आरो मशीन खराब है। पीने के पानी का अस्पताल परिसर में कहीं भी इंतजाम नहीं है, तो उन्होंने बाहर की दुकान से पानी मंगाकर अपनी प्यास बुझाई। अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे अन्य मरीजों ने बताया कि सरकारी अस्पताल में अधिकतर गरीब मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। यहां पानी न मिलना बी समस्या है। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना प रहा है। मरीज के परिजनो का कहना है कि मरीजों को दवा खिलाने के लिए भी उन्हें बाहर से पानी खरीदना प रहा है। इस समस्या की सुधि लेने वाला कोई नहीं है।
मालूम हो कि अस्पताल के मेंटेनेंस के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर राशि मुहैया करायी जाती है, लेकिन इन समस्या को देख कर अनुमान लगाया जा सकता है कि सदर अस्पताल में मेंटेनेंस का क्या हाल है। बताते चलें कि यह समस्या कोई नई नहीं है लेकिन इसके स्थायी समाधान के लिए सदर अस्पताल प्रशासन गंभीर नजर नहीं आ रहा है। सदर अस्पताल में प्रतिदिन तीन सौ से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। पलामू जिले के अलावा आसपास के कई जिलों के मरीज यहां इलाज करवाने पहुंचते हैं। मरीजों में ज्यादातर गरीब तबके से जु होते हैं। दूरदराज के इलाकों से आने वाले मरीजों को सदर अस्पताल में दिनभर गुजारना प?ता है। पसीने से तर-ब-तर मरीजों को प्यास बुझाने के लिए ।

आहर को भरकर आबादगंज को ड्राइजोन बनाया गया हैः आशीष

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। आबादगंज शहर का सबसे पुराना ड्राइ?ोन एरिया। क्योंकि यहां का सबसे पुराना जलस्रोत चिनीगिया आहर के अस्तित्व को ख़त्म कर दिया गया है। पानी के अभाव में शहर को छो?कर अधिसंख्य लोग अपने गांव पलायन कर गये है। अगर यही स्थिति रही तो एक दिन पूरा मोहल्ला पलायन करने को मजबूर हो जायेगा। इसलिए आबादगंज के इस पुराने तालाब को फिर से पुर्नजीवित करने की जरूरत है। सरकार अगर रोड, रेलवे हेतु भूमि अधिग्रहण कर सकती है तो जल को संरक्षित करने वाले जलस्रोतों का भी अधिग्रहण किया जाना चाहिए। ये बातें आशीष भारद्वाज कही। वे पानी यात्रा के

सातवें दिन युवाओं की टोली के साथ आबादगंज क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे। श्री भारद्वाज ने बताया की 'पानी यात्रा' को लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। पानी यात्रा का उद्देश्य कोई राजनीति नहीं है और इसमें शामिल लगभग युवा अपने अपने रोजगार में व्यस्त रहने के बावजूद सुबह के चार -पांच घंटे सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में देते हैं। सातवें दिन की यात्रा में मुकेश तिवारी, रवि शर्मा, शैलेश तिवारी, बबलू चावला, साहेब जी नामधारी, संदीप प्रसाद, दीपक प्रसाद, बीजू मिश्रा राजन पंडित, मुन्ना दुबे, ज्ञानेश तिवारी, संजीत पांडेय, आकाश विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, संजीत तिवारी, शशांक सुमन, रोशन तिवारी, सूरज सिंह, गणेश कुमार, सूरज कुमार, प्रभात सिंह, नवनीत मेहता, रविकांत शर्मा, निरंजन मेहता, प्रशांत सिंह, ।

पलामू में पानी एवं बिजली की घोर संकट को लेकर 22 जून को भाजपा समाहरणालय के समक्ष करेगी आक्रोषपूर्ण प्रदर्शन।

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। बिजली-पानी के मुद्दे को लेकर भाजपा 22 जून शनिवार को आक्रोसपूर्ण प्रदर्शन करेगी। इसमे सांसद सहित सभी विधायक शामिल होंगे। इसे लेकर आज जिला कार्यालय में बैठक की गयी।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित तिवारी एवं संचालन युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे ने किया। बैठक में प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें प्रदर्शन को मेदिनीनगर काली मंदिर के सामने एरिगेसन ऑफिस के मैदान से सुबह 10 बजे शुरू करने का निर्णय लिया गया, जो रे?मा चैक होते हुए ओवर ब्रिज के रास्ते कचहरी चैक होकर जिला समाहरणालय तक जाएगी जहां कार्यालय का घेराव एवं आक्रोषपूर्ण प्रदर्शन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि इस

भीषण गर्मी में बिजली और पानी की घोर कमी से पलामू की जनता त्राहिमाम कर रही है जनता त्रस्त है और सरकार मस्त है सरकार के पदाधिकारी बेलगाम हो चुके है प्रशासन बालू लगी ट्रैक्टरों से वसूली में लगी है यहां तक की जो लोग साइकिल से बालू ले जा रहे हैं उन्हें भी प्रशासन नहीं छो? रही है उनसे भी पैसे वसूल रही है और राज्य सरकार संवेदनहीन बनी बैठी है। पिछले 10 दिनों से लगातार बिजली की बेतहाशा कटौती की जा रही है, जिससे बच्चों की प?ई लिखाई प्रभावित तो हो ही गई है, लोग रात में सो भी नहीं पा रहे हैं। जिले के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान ठप से प? गए हैं।एक-एक बूंद पानी के लिए जिले में लोग तरस रहे है टैंकर से एक बाल्टी पानी लेने के लिए लोग दिन दिन भर इस भीषण गर्मी में इंतजार कर रहे हैं बालू का घोर संकट पूरे जिले में फैला हुआ है किलो के भाव से बालू बिक रहे हैं कितने मजदूर बालू की कमी के कारण बेरोजगार होकर दूसरे राज्य में पलायन कर रहे हैं प्रधानमंत्री आवास का कार्य बालू की कमी के कारण पूर्ण नहीं हो पा रहा है।जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं एवं जिले के जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि उनके आसपास जहां भी घर घर जल नल योजना में ग?ब?ी पाई जा रही है इसकी शिकायत तुरंत मेरे पास लिखित जमा करें।पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता कहा कि जून के दूसरे सप्ताह में पहुंचने के बाद भी देश के कई राज्य भीषण गर्मी की मार झेल रहे हैं।.

बिजली समस्या को ले कांग्रेस ने दिया जीएम को ज्ञापन

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। पलामू में बिजली की समस्या को लेकर आज पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में बिजली विभाग के जीएम को ज्ञापन सौंपा गया। बिट्टू पाठक ने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार है और झारखंड सरकार की प्राथमिकता है उत्तम बिजली की सुविधा लोगों को मिले। मगर पलामू जिला में पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण लोग इस भीष्म गर्मी में बिजली कटौती से परेशान हैं। पलामू जिला में रात हो या दिन, किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है। एक दिन में 8 से 10 बार बिजली गुल होना आम बात हो गयी है। गर्मी में छोटे-छोटे बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना प?ता है। उन्हों ने जीएम से जल्द से जल्द बिजली समस्या का समाधन करने की मांग की। मौके पर प्रदेश सचिव पूर्णिमा पांडे, मिथिलेश सिंह, गिरजा राम, जितेंद्र कमलापुरी, अजय साहू, सच्चिदानंद मिश्रा, देवांग शुक्ला, सौरव पांडे, संतोष गुप्ता, अनिल सिंह, सुरेंद्र सिंह, ।

कल्पना सोरेन पहुंची गढ़वा, कार्यकर्ताओ ने किया भव्य स्वागत

गढ़वा = झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की वरिष्ठ नेत्री गांडेय विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन मंगलवार को गढवा पहुंची। यहां बिरसा मुंडा हेलीपैड पर उनका भव्य स्वागत किया गया। मंत्री मिथिलेश ठाकुर, डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय सहित झामुमो नेताओं व कार्यकर्ताओं उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। महिला कार्यकर्ताओं ने तिलक लगाकर एवं पत्तों से बनी झारखंड के पारंपरिक टोपी पहनाकर स्वागत किया। श्रीमती सोरेन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पहुंचीं। यहां कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवाद भी की। श्रीमती सोरेन हुसैनाबाद में आयोजित कार्यक्रम में जा रही थीं। यहां से श्रीमती सोरेन एवं मंत्री श्री ठाकुर दोनों हुसैनाबाद के लिए

रवाना हो गए। गढ़वा आगमन पर कल्पना सोरेन ने झामुमो कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा और हेमंत जी की अनुपस्थिति में आपकी मेहनत ने ही गत लोकसभा चुनाव में बेहतर सफ़लता दिलाई है। अब हम सबों के सामने विधानसभा का चुनाव है। जिसे भी उसी जोश और जज्बे के साथ केवल लड़ना ही नहीं बल्कि अद्वितीय सफ़लता हासिल करनी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा रूपी एक पड़ाव को तो हमने सभी वरीय नेता और अपने जुझारू कार्यकर्ताओं के बदौलत पार कर लिया। अब दूसरा पड़ाव विधानसभा का चुनाव है। लेकिन चुनाव में जुटने के साथ साथ अभी राज्य की जनता को काफ़ी लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सरकार के मुख्यमंत्री बेहतर काम कर रहे हैं। जनहित की कई नई योजनाएं शुरू की जा रही हैं। अभी राज्य के लिए बहुत कुछ करना बाक़ी है। श्रीमती सोरेन ने कहा कि हमें बातें कम और काम ज़्यादा करना है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राजनीति में सबकी अपनी अपनी नीति और रणनीति होती है। साथ ही चुनाव के बाद सभी अपनी-अपनी तरह से समीक्षा करते हैं, बैठकें होती हैं। इसमें कई तरह की बातें होती हैं।

डंडई बिरसा ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र का किया गया वितरण

डंडई (उज्ज्वल दुनिया) प्रखंड मुख्यालय निवासी रंजीत कुमार उर्फ वरुणेंद्र कुमार के मकान में संचालित बिरसा ट्रेनिंग सेंटर के प्रांगण में मंगलवार को प्रशिक्षण प्राप्त किये प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण सह विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जेआरएस टेक्नोलॉजी प्राइवेट स्टेट हेड विकास सिंह, जिला पार्षद मोहन पासवान,20 सूत्री अध्यक्ष मोहम्मद क्यामुद्दीन अंसारी, प्रमुख प्रतिनिधि घुरबीगन बैठा,उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद,मुखिया प्रतिनिधि महेश राम व अंचल निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से द्विप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की । तब पश्चात नए बैच के छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वागत गान सहित अन्य प्रस्तुति देकर अतिथियों का

स्वागत किया। वही अतिथियों के द्वारा परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया । उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य मोहन पासवान ने कहा कि सरकार का उद्देश्य मात्र प्रशिक्षण और प्रमाण पत्र देना नहीं है बल्कि ट्रेनिंग प्राप्त कर चुके सभी छात्र-छात्राओं का भविष्य उज्जवल के लिए स्वरोजगार एवं नौकरी से जोड़ना भी है । उन्होंने कहा कि बिरसा ट्रेनिंग सेंटर प्रखंड के युवा युवतियों के लिए वरदान साबित हो रहा है। यहां युवा युवती प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने मुकाम तक पहुंच सकते हैं। कोई इसमें शक नहीं है। उन्होंने लोगों से स्वरोजगार एवं नौकरी करने के लिए भी अनुरोध किया। वही प्रोजेक्ट हेड विकास सिंह ने कहा कि डंडई प्रखंड के लिए यह बहुत ही सुनहरा अवसर है। यह ट्रेनिंग सेंटर खुलने से पहले यहां के बच्चे दूसरे जिला में जाकर ट्रेनिंग प्राप्त करते थे परंतु अब यहीं पर रहकर सिलाई ।

संपादकीय

भारत में लैंगिक असमानता की बढ़ती खाई

विश्व आर्थिक मंच द्वारा हाल में प्रस्तुत किये गए लैंगिक अंतर के आंकड़ों ने एक ज्वलंत प्रश्न खड़ा किया है कि शिक्षा, आय, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में आधी दुनिया को उसका हक क्यों नहीं मिल पा रहा है? निस्संदेह, हमारे सत्ताधीशों को सोचना चाहिए कि लैंगिक अंतर सूचकांक में भारत 146 देशों में 129वें स्थान पर क्यों है? लगातार महिलाओं की दोयम दर्जा की स्थिति का बना रहना नीति-नियंताओं के लिये आत्ममंथन का मौका हैं। निश्चय ही यह स्थिति भारत की तरक्की के दावों से मेल नहीं खाती। इसके बावजूद उम्मीद जगाने वाला तथ्य है कि पिछले वर्ष जनप्रतिनिधि संस्थाओं में महिलाओं की एक तिहाई हिस्सेदारी को लेकर विधेयक पारित हो चुका है। इसके बावजूद हाल में सामने आए आंकड़े परेशान करने वाले हैं और तरक्की के दावों पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं। यह विचारणीय प्रश्न है कि सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक नीतियां बनाने और कायदे कानूनों में बदलाव के बावजूद लैंगिक असमानता की खाई गहरी क्यों होती जा रही है। ये स्थितियां समाज में इस मुद्दे पर खुले विमर्श की जरूरत को बताती हैं। हालिया लोकसभा चुनाव में सीमित मात्रा में महिलाओं के संसद में पहुंचने ने भी कई सवालों को जन्म दिया है। निश्चित रूप से तमाम सरकारी घोषणाओं के बावजूद जमीन पर महिला असमानता के दंश विद्यमान रहना बड़ी चुनौती है।

लैंगिक अंतर सूचकांक में पिछले साल भारत 127वें स्थान पर था, जो 2022 में 135वें स्थान से 1.4 प्रतिशत अंक और आठ पायदान ऊपर था। लेकिन इस वर्ष फिर दो पायदान ऊपर चढ़ा है। सूचकांक में भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश को 99वें, चीन को 106वें, नेपाल को 117वें, श्रीलंका को 122वें, भूटान को 124वें और पाकिस्तान को 145वें स्थान पर रखा गया है। आइसलैंड (93.5 फीसदी) फिर से पहले स्थान पर है और डेढ़ दशक से सूचकांक में सबसे आगे है। शीर्ष 10 में शेष नौ अर्थव्यवस्थाओं में से आठ ने अपने अंतर का 80 फीसदी से अधिक हिस्सा पाट लिया है। निश्चित तौर पर किसी भी समाज में पूर्ण लैंगिक समानता हासिल करने में लंबा समय लगता है, लेकिन इस दिशा में सत्ताधीशों की तरफ से ईमानदार पहल होनी चाहिए। यह भी एक हकीकत है कि दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश के आंकड़ों की तुलना दक्षिण एशिया के छोटे देशों से नहीं की जा सकती। इसमें दो राय नहीं कि पूरी दुनिया में सरकारों द्वारा लैंगिक समानता के लिये नीतियां बनाने के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं निकले हैं। जिसकी एक वजह समाज में पुरुष प्रधानता की सोच भी है। जिसके चलते यह आभास होता है कि आधी दुनिया के कल्याण के लिये बनी योजनाएं महज घोषणाओं तथा फाइलों तक सिमट कर रह जाती हैं।

भारत में महिलाओं की उपेक्षा, भेदभाव, अत्याचार एवं असमानता की स्थितियों का बना रहना विडम्बनापूर्ण हैं। भारत में रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के स्वर तो बहुत सुनने को मिलते हैं, महिलाओं को आजादी के बाद से ही मतदान का अधिकार भी पुरुषों के बराबर दिया गया है, परन्तु यदि वास्तविक समानता की बात करें तो भारत में आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी महिलाओं की स्थिति चिन्ताजनक एवं विसंगतिपूर्ण है। हमारे सत्ताधीशों के लिये यह तथ्य विचारणीय है कि हमारे समाज में आर्थिक असमानता क्यों बढ़ रही है? हम समान कार्य के बदले महिलाओं को समान वेतन दे पाने में सफल क्यों नहीं हो पा रहे हैं? जाहिर है यह अंतर तभी खत्म होगा जब समाज में महिलाओं से भेदभाव की सोच पर विराम लगेगा। यह संतोषजनक है कि माध्यमिक शिक्षा में नामांकन में लैंगिक समानता की स्थिति सुधरी है। फिर भी महिला सशक्तीकरण की दिशा में बहुत कुछ किया जाना बाकी है। देर-सवेर महिला आरक्षण कानून का ईमानदार क्रियान्वयन समाज में बदलावकारी भूमिका निभा सकता है। जरूरत इस बात की है कि राजनीतिक नेतृत्व इस मुद्दे को अपेक्षित गंभीरता के साथ देखे।

महिलाएं ही समस्त मानव प्रजाति की धुरी हैं। वो न केवल बच्चे को जन्म देती हैं बल्कि उनका भरण-पोषण और उन्हें संस्कार भी देती हैं। महिलाएं अपने जीवन में एक साथ कई भूमिकाएं जैसे- मां, पत्नी, बहन, शिक्षक, दोस्त बहुत ही खूबसूरती के साथ निभाती हैं। बावजूद क्या कारण है कि आज भी महिला असमानता की स्थितियां बनी हुई है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये जरूरी है कि अधिक महिलाओं को रोजगार दिलाने के लिए भारत सरकार को जरूरी कदम उठाने होंगे। सरकार को अपनी लैंगिकवादी सोच को छोड़ना पड़ेगा। क्योंकि भारत सरकार के खुद के कर्मचारियों में केवल 11 प्रतिशत महिलाएं हैं। सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिये अधिक एवं नये अवसर सामने आने जरूरी है। भारत में महिला रोजगार को लेकर चिंताजनक स्थितियां हैं। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) नाम के थिंक टैंक ने बताया है कि भारत में केवल 7 प्रतिशत शहरी महिलाएं ऐसी हैं, जिनके पास रोजगार है या वे उसकी तलाश कर रही हैं। सीएमआईई के मुताबिक, महिलाओं को रोजगार देने के मामले में हमारा देश इंडोनेशिया और सऊदी अरब से भी पीछे है। रोजगार या नौकरी का जो क्षेत्र स्त्रियों के सशक्तिकरण का सबसे बड़ा जरिया रहा है, उसमें इनकी भागीदारी का अनुपात बेहद चिंताजनक हालात में पहुंच चुका है। यों जब भी किसी देश या समाज में अचानक या सुनियोजित उथल-पुथल होती है, कोई आपदा, युद्ध एवं राजनीतिक या मनुष्यजनित समस्या खड़ी होती है तो उसका सबसे ज्यादा नकारात्मक असर स्त्रियों पर पड़ता है और उन्हें ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है।

दावोस में हुए वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में ऑक्सफैम ने अपनी एक रिपोर्ट ह्यटाइम टू केयरह्व में घरेलू औरतों की आर्थिक स्थितियों का खुलासा करते हुए दुनिया को चौका दिया था। वे महिलाएं जो अपने घर को संभालती हैं, परिवार का ख्याल रखती हैं, वह सुबह उठने से लेकर रात के सोने तक अनगिनत सबसे मुश्किल कामों को करती है। अगर हम यह कहें कि घर संभालना दुनिया का सबसे मुश्किल काम है तो शायद गलत नहीं होगा। दुनिया में सिर्फ यही एक ऐसा पेशा है, जिसमें 24 घंटे, सातों दिन आप काम पर रहते हैं, हर रोज क्राइसिस झेलते हैं, हर डेडलाइन को पूरा करते हैं और वह भी बिना छुट्टी के। सोचिए, इतने सारे कार्य-संपादन के बदले में वह कोई वेतन नहीं लेती। उसके परिश्रम को सामान्यतः घर का नियमित काम-काज कहकर विशेष महत्व नहीं दिया जाता। साथ ही उसके इस काम को राष्ट्र की उन्नति में योगभूत होने की संज्ञा भी नहीं मिलती। प्रश्न है कि घरेलू कामकाजी महिलाओं के श्रम का आर्थिक मूल्यांकन क्यों नहीं किया जाता? घरेलू महिलाओं के साथ यह दोगला व्यवहार क्यों?

नरेन्द्र मोदी की पहल पर निश्चित ही महिलाओं पर लगा दोयम दर्जा का लेबल हट रहा है। हिंसा एवं अत्याचार की घटनाओं में भी कमी आ रही है। बड़ी संख्या में छोटे शहरों और गांवों की लड़कियां पढ़-लिखकर देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे उन क्षेत्रों में जा रही हैं, जहां उनके जाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। वे टैक्सी, बस, ट्रक से लेकर जेट तक चला-उड़ा रही हैं। सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा कर रही है। अपने दम पर व्यवसायी बन रही हैं। होटलों की मालिक हैं।

नोबेल पुरस्कार से सम्मानित वैज्ञानिक जेरोम कार्ले

संजय गोस्वामी

जेरोम कार्ले एक अमेरिकी भौतिक रसायनज्ञ थे। हर्बर्ट ए. उन्हें 1985 में संयुक्त रूप से रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। अमेरिकी भौतिक रसायनज्ञ (हर्बर्ट ए हौप्टमैन के साथ साझा), जिन्होंने क्रिस्टल संरचनाओं के निर्धारण के लिए प्रत्यक्ष तरीकों के विकास में अपनी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए रसायन विज्ञान में 1985 का नोबेल पुरस्कार जीता, उनके काम ने अणुओं की 3 डी क्रिस्टल संरचनाओं के निर्धारण को सक्षम किया हार्मोन, विटामिन और एंटीबायोटिक्स। शुरूआत में कुछ समय के लिए शिकागो में काम करने के बाद, वह 1968 में नौसेना अनुसंधान प्रयोगशाला के कर्मचारियों में शामिल हो गए। उनका जन्म 18 जून, 1918 को न्यूयॉर्क शहर में कई कलाकारों के परिवार में हुआ था, उनके पिता के भाई और एक बहन के पति थे। संभवतः सबसे प्रसिद्ध थे। बाद वाले न्यूयॉर्क शहर में आर्ट स्टूडेंट्स लीग में पढ़ाते थे। उनके दादा ने अपनी पीढ़ी के लोगों के घरों को पेशेवर तरीके से सजाया था। जेरोम कार्ले (एक्स-रे स्कैटरिंग तकनीक का उपयोग करके क्रिस्टल संरचनाओं के प्रत्यक्ष विश्लेषण के लिए 1985 में रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया) उनकी माँ एक उत्कृष्ट पियानोवादक और ऑर्गेनिस्ट थीं और उन्हें आशा थी कि वह एक पेशेवर पियानोवादक बनेंगे। एक युवा के रूप में उन्होंने न्यूयॉर्क शहर में म्यूजिक वीक प्रतियोगिताओं में भाग लिया। उन्होंने कुछ मामूली सफलता हासिल की, लेकिन कम उम्र में ही उन्हें पता चला कि उन्हें सार्वजनिक प्रदर्शन में कोई दिलचस्पी नहीं है। दूसरी ओर, मैं कम उम्र में ही विज्ञान को आजीवन करियर के रूप में अपनाने के प्रति बहुत आकर्षित हो गया था। उन्हें न्यूयॉर्क सिटी पब्लिक स्कूल सिस्टम में शिक्षा प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनकी शिक्षा, चरित्र निर्माण और अनुशासन के मानक बहुत ऊंचे थे और इससे उन्हें निश्चित रूप से लाभ हुआ। उन्होंने अधिक उन्नत छात्रों को अलग किया और उन्हें अपनी गति से आगे बढ़ने की अनुमति दी। उनके मामले में, यह कभी-कभी कुछ अजीब स्थितियों को जन्म देता है। हाई स्कूल (अब्राहम लिंकन) के अपने अंतिम वर्ष के दौरान लड़कियों ने लड़कों के साथ नृत्य का अभ्यास किया। उस वक्त उनकी उम्र 14 साल थी और लड़कियां आमतौर पर 17-18 साल की होती थीं. यह था 14 साल के लड़के और 17-18 साल की लड़की के बीच शारीरिक अंतर। उनकी पहली प्रतिक्रिया अविश्वास थी, लेकिन थोड़ी देर बाद उन्हें उनकी उपस्थिति की आदत हो गई और उन्होंने उनके साथ नृत्य करना शुरू कर दिया। उन्होंने रसायन विज्ञान और भौतिकी में पाठ्यक्रम लिया, दोनों एक ही व्यक्ति द्वारा पढ़ाए गए। उन्होंने मेरी रुचि को पहचाना और मुझे बहुत प्रोत्साहित किया. उन्होंने कई खेलों का आनंद लिया जिनमें उन्होंने हर अवसर पर भाग लिया, पास के समुद्र में तैराकी, खेल जिसे सिंगल-वॉल हैंडबॉल कहा जाता है, जो थोड़ी कठोर काली गेंद से खेला जाता है और जो मुख्य रूप से कुछ महानगरीय क्षेत्रों में लोकप्रिय खेलों को पसन्द करते थे , टच सॉकर, जो है चोटों से निपटने के नियम, और आइस-स्केटिंग को समाप्त कर दिया गया है, जो स्थानीय अग्निशमन विभाग द्वारा एक बड़े पार्किंग स्थल को भरने से संभव हुआ है। उन्होंने 1933 में न्यूयॉर्क के सिटी कॉलेज में प्रवेश लिया और शुरूआत में उन्हें थोड़ा संघर्ष करना पड़ा। उनका शैक्षणिक स्तर बहुत ऊँचा था और वह न्यूयॉर्क शहर के सर्वश्रेष्ठ छात्रों में से एक थे। इसके अलावा, मैं मेट्रो प्रणाली पर घर आने-जाने में प्रतिदिन तीन घंटे बिताता था। इससे पियानो प्रथा समाप्त हो गई। सिटी कॉलेज में कोई ट्यूशन फीस नहीं थी। लाइब्रेरी कार्ड के लिए वित्तीय आवश्यकता केवल एक डॉलर प्रति वर्ष थी। कॉलेज में, गणित, भौतिकी, सामाजिक विज्ञान और साहित्य सभी छात्रों के लिए व्यापक पाठ्यक्रम आवश्यकताएँ थीं। दो साल का अनिवार्य सार्वजनिक भाषण पाठ्यक्रम भी था। उन्होंने कुछ अतिरिक्त विषयो यथा गणित, कुछ भौतिकी,

मंत्रिमंडल गठन ने तोड़े सारे भ्रम

ऋतुपर्ण दवे

एक बार में ही 72 सदस्यीय भारी भरकम मंत्रिमंडल की वजह लोग कुछ भी बताएं लेकिन यह नरेन्द्र मोदी की चतुराई कही जाएगी जो उन्होंने एक बारगी सारे किन्तु-परन्तु पर विराम लगा एक तीर से कई निशाने साधे

मोदी मंत्रिमंडल का गठन जरूर हो गया है लेकिन कयासों का दौर खत्म नहीं हुआ। एक बार में ही 72 सदस्यीय भारी भरकम मंत्रिमंडल की वजह लोग कुछ भी बताएं लेकिन यह नरेन्द्र मोदी की चतुराई कही जाएगी जो उन्होंने एक बारगी सारे किन्तु-परन्तु पर विराम लगा एक तीर से कई निशाने साधे। इससे न केवल सहयोगियों बल्कि भाजपा के आनुषांगिक संगठनों को भी बड़ा संदेश गया कि भले ही सीटें घटीं लेकिन मोदी की हैसियत वही है। घटक दलों के सहयोगियों का मोदी के तीसरे कार्यकाल में मंत्रिमंडल बंटवारे में मिले पद और कद से भी काफी भ्रम टूटा। साफ दिखा कि नरेन्द्र मोदी ने जो चाहा वो किया। जिस शांति और धैर्य से घटक दलों के साथ पहली बैठक हुई, प्रमुख दोनों सहयोगी नीतीश बाबू और चंद्रबाबू ने मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े उससे राजनीतिक नब्ज टटोलने वालों की भी धड़कनें असहज हुई। हमउम्र और राजनीति में मोदी से सीनियर होने के बावजूद नीतीश का उनके पैर छूने के लिए झुकना सबको अब भी हैरान कर रहा है।

यह भ्रम ही साबित हुआ कि जेडीयू को रेल तो टीडीपी को सड़क परिवहन मंत्रालय मिलना तय है। पुरानी सरकारों में रेल मंत्रालय प्रायः गठबन्धन के सहयोगियों के खाते में रहा। मौजूदा मंत्रिमंडल में 33 नए चेहरे हैं जिनमें तीन पूर्व मुख्यमंत्री हैं। पहली बार मंत्री बनने वालों में 7 सहयोगी दलों से हैं। 7 महिलाएं भी मंत्री बनीं जिनमें 2 कैबिनेट और 5 राज्य मंत्री हैं। एक भी मुस्लिम मंत्रिमंडल में नहीं है। आजादी के बाद पहला मौका है जब मुसलमान को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। नए मंत्रिमंडल में 21 सवर्ण, 27 ओबीसी, 10 एससी, 5 एसटी, 5 अल्पसंख्यक मंत्रियों को जगह मिली। भावुक अपीलों और जनता से कनेक्ट होने में हुनरमंद मोदी का कोई सानी नहीं। अब उन्होंने नई अपील कर विपक्ष को बहस का नया मुद्दा दे दिया। अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल से ह्यमोदी का परिवारह्व हटाने की गुहार लगा दी। भले ही डिस्प्ले नाम बदले लेकिन भारत की तरक्की की कोशिशों के खातिर प्रयास करने वाले एक परिवार के रूप में हमारा बंधन मजबूत और अटूट है। इशारा अबकी बार एनडीए सरकार की ओर तो था ही साथ ही गठबन्धन के सहयोगियों को भी बता दिया कि अब वो कितने अहम हैं?

इसी बीच संघ प्रमुख मोहन भागवत के उस बयान को देखना होगा जिसमें उन्होंने मणिपुर में शांति बहाली नहीं होने पर चिंता व्यक्त जताई। यह बयान शायद भाजपा प्रमुख नड्डा के उस बयान का जवाब लगता है जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा अब अपने पैरो पर खड़ी है। भागवत के बाद संघ के बड़े नेता इंद्रेश कुमार का बयान भी सुर्खियों में रहा जिसमें उन्होंने भी भाजपा की टॉप लीडरशिप पर निशाना साधा। हालांकि इस पर सफाई भी आई। अब सबकी निगाहें लोकसभा अध्यक्ष पर हैं। जिस पर फिर कयासों का दौर शुरू हो गया है। निश्चित रूप से विविधताओं से भरे भारत देश और उसकी राजनीति में मतांतर नए नहीं है। इसीलिए कभी लगता है कि मोदी के नेतृत्व की एनडीए सरकार बेहद मजबूत है तो कभी लगता है कि भाजपा और उसके अपने महत्वपूर्ण आनुषांगिक दल ही क्यों खफा हैं।

आंध्र प्रदेश विधानसभा में गजब का प्रदर्शन करते हुए टीडीपी-भाजपा गठबंधन ने बड़े बहुमत वाली जीत हासिल की। दोनों का एजेण्डा सबको पता है। टीडीपी मुस्लिम आरक्षण, परिसीमन, सीएए, अमरावती के विकास और विशेष दर्जे पर तबज्जो चाहेगी तो कमोवेश जेडीयू भी बिहार में ऐसे ही एजेंडे के साथ अगले साल विधानसभा चुनाव में जाएगी। महाराष्ट्र में तो अभी चुनाव होने हैं। इन हालातों में महत्वपूर्ण घटक कब तक भाजपा के हमराह रहेंगे? जबकि महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश सहित बिहार में पद और कद पर कई बातें होनी शुरू हो गई हैं।

मंत्रिमंडल गठन के बाद विभाग वितरण से लोग भौंचक्का हैं कि यह कैसा जादू? क्या सचमुच राजनीति में मंजे दोनों बाबू न केवल मोदी के साथ हैं बल्कि ब्रान्ड मोदी के दो हाथ हैं? बहुमत का आंकड़ा न छू पाने के बावजूद मंत्रिमंडल बंटवारे में दिखी मोदी के मन की बात ने क्या सभी का लोहा मनवा लिया? हालांकि चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण में नीतीश का न जाना फिर चर्चाओं में है। लेकिन इटली में जी-7 सम्मेलन में बिना सदस्य रह कर भी विशेष रूप से प्रधानमंत्री को बुलाना और दुनिया के शीर्ष नेताओं से मेल-मुलाकात के बाद मोदी की नई छवि और कार्यप्रणाली को लेकर राजनीतिक चर्चाओं ने नया मोड़ जरूर ले लिया है। लेकिन देश के अंदर उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब और दक्षिण के चुनाव परिणामों के मायने पर भी जानकारों की राय बंटी हो सकती है। लेकिन यह सच है कि असल परीक्षा के लिए लोकसभा के नियमित सत्र और नए अध्यक्ष तक इंतजार करना ही होगा।

नई परिस्थितियों में खुद की छवि को बजाए मसीहाई दिखाने के बड़ी सहजता और विनम्रता से लबरेज दिखाकर भी प्रधानमंत्री मोदी नई एनडीए सरकार के वैसे ही सख्त मुखिया दिख रहे हैं जैसे बीते दोनों कार्यकाल में रहे। लोग तब और अब में फर्क भले ढूंढें लेकिन यह कब दिखेगा, कोई नहीं जानता। फिलहाल 30 जून का इंतजार है जब मन की बात के जरिए तीसरे कार्यकाल में नरेन्द्र मोदी का पहला संबोधन क्या होगा?

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

आधुनिक भारत के सच्चे निमार्ता कौन है

विनोद तकियावाला

विश्व के सबसे बड़े व प्राचीन प्रजातंत्र भारत में इन दिनों एक बहस की शुरूआ हो गयी आधुनिक भारत के निंमाता स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु जी है या कोई और है।आधुनिक भारत के निमार्ता का सरताज का असली हकदार नेहरू जी ना हो कर-सन 2014 के बाद में ही भारत को आजादी मिली व आधुनिक भारत का नव निर्माण कार्य शुरू किया है।सर्व विदित रहे कि स्वतंत्र लोकतंत्र की स्वस्थ्य प्रम्पराओ में स्वस्थ्य चर्चा होना अच्छी बात है।लेकिन बिना सिर पैर के कही,कुछ भी चर्चा के नाम बहस करना है लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है।भारत को 1947 में आजादी नही मिली बल्कि 2014 में भाजपा के कुशल नेतृत्व में मिली है।आज हम अपने इस आलेख में चिन्तन मनन कर रहें है।क्या जो देश सदीयों से गुलामी के बेड़ियो म जकड़े था।वर्षो रहने के बाद आखिरकार हमारा देश स्वतंत्र हुआ।यह जग जाहिर था हमारी वास्तविक स्थिति राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय स्तर पर क्या रही होगी!आजादी के पूर्व कुछ लोग आज भी साक्षी है।अंग्रेजो ने हमें आजादी तो दी,लैकिन देश को चलाने के लिए ना तो कोई संसाधन ना कोई धन का श्रोत।हाँ1947 में हमारे देश को दो टुकड़े कर अंग्रेजो ने दो भाई में एक दुशमनी की दीवार खड़ी कर दी।ऐसे में तत्कालीन प्रधानमंत्री व राजनेताओ के समाने देश को सुचारू रूप से चलाने व भारत की एक नई पहचान अन्तराष्ट्रीय मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कोई आसान काम नही था।ऐसे विषय परिस्थित में मै यहाँ कुछ घटनाओं का उल्लेख कर रहा हूँ। बात सन 1950 के दशक के आखरी साल थे।स्वतंत्र भारत प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू चाहते थे कि देश की राजधानी नई दिल्ली के मध्य में विदेशी दूतावासों तथा उच्चायोगों के लिए जगह निकाला जाए।आप को स्पष्ट कर दें कि उस समय अमेरिकी,ब्रिटिश, पाकिस्तान वगैरह देशों के दूतावास बंगलों या छोटी जगहों से चल रहे थे।इसके बाद शहरी विकास मंत्रालय तथा नई दिल्ली नगर परिषद(ठउ्टउ) ने नेहरू जी के सपनों को साकार करते हुए जगहों को विकसित किया जिसे चाणक्यपुरी के नाम से लगा।यह नाम स्वयं नेहरू जी ने खुद चाणक्यपुरी नाम तय किया था।इसके पीछे पं० नेहरू की गहन सोच थी कि कूटनीति, अर्थनीति,राजनीति के महाविद्वान थें जिन्होने अपने ज्ञान का सदुपयोग,जनकल्याण तथा अखंड भारत के निर्माण जैसे सृजनात्मक कार्यो में करने के कारण चाणक्य के प्रति सारा देश कृतज्ञ रहता है।उन्हें ही कौटिल्य भी कहा गया।आप को स्पष्ट कर दे कि चाणक्य और कौटिल्य दोनों एक हैं।जो चन्द्रगुप्त मौर्य के प्रधान सलाहकार थे।

राजधानी के इसी डिप्लोमेटिक एरिया चाणक्यपुरी की एक खास सड़क का नाम पंचशील मार्ग रखा गया है।इसके पीछे तर्क यह थी कि भारत-चीन के बीच रहने वाली तनातनी के चलते पंचशील शब्द बेमानी हो गया है।लैकिन इन दोनों देशों ने विश्व कूटनीति को पंचशील का सिद्धांत दिया।पंचशील मार्ग 1960 में दिल्ली के नक्शे में आया था।पंचशील शब्द मूलतः बौद्ध साहित्य व दर्शन से जुड़ा शब्द है।चौथी-पांचवी शताब्दी के बौद्ध दार्शनिक बुद्धघोष की पुस्तक विशुद्धमाग्गो में पंचशील मतलब,पांच व्यवहार की विस्तृत चर्चा है जिस पर बौद्ध उपासकों को अनुसरण करने की हिदायत दी गई है।पंचशील में शामिल सिद्धांत थे राष्ट्रवाद,मानवतावाद, स्वाधीनता,सामाजिक न्याय और ईश्वरआस्था की स्वतंत्रता।इतने महत्वपूर्ण शब्द पर राजधानी की एक खास सड़क का नाम रखा जाना सुखद है।पंचशील शब्द पर सड़क का नाम रखने का सुझाव डॉ विधिवेत्ता डॉ. लक्ष्मीमल सिंघवी ने दिया था।नेहरू जी ने इस पर मोहर लगाई थी।डॉक्टर सिंघवी के पुत्र अभिषेक मनु सिंघवी जो काँग्रेस के नेता हैं।

कूटनीति के जानकार डॉ भगवान प्रसाद सिन्हा कहते हैं कि 29 जून 1954 को तिब्बत के मसले पर भारत और चीन के बीच एक समझौता हुआ। इस समझौते में भारत और चीन के संबंधों तथा अन्य देशों के साथ पारस्परिक संबंधों में भी शांतिपूर्ण सह- अस्तित्व के पांच आधारभूत सिद्धांतों का प्रतिपादन किया गया।इन्हीं पांच सिद्धांतों का नाम पंचशील रखा गया जो इस बात पर जोर देता था कि सभी राष्ट्र एक दूसरे की संप्रभुता एवं प्रादेशिक अखंडता का सम्मान करेंगे।जग जाहिर है,इस शब्द का अर्थ गहरा है।

एक बात जान लें कि चाणक्यपुरी क्षेत्र का समय के साथ विस्तार होता रहा।वहां पर विभिन्न देशों को अपने दूतावास बनाने के लिए स्पेस मिलते रहे।जिस सड़क पर संयुक्त अरब अमीरत एंबेसी और अमेरिकन स्कूल है उसका नाम रखा गया चंद्रगुप्ता मौर्या मार्ग। चंद्रगुप्त मौर्या ने संसार को केन्द्रीयकृत शासन का विचार दिया।चंद्रगुप्त मौर्य ने अपने शासनकाल में जितनी भी सफलताएं प्राप्त की थी,इतनी उपलब्धियां किसी अन्य भारतीय शासक ने प्राप्त नहीं की।उनके नाम पर कभी किसी को आपति हो ही नहीं सकती।

मोदी 3.0 की मजबूती को लेकर अलग-अलग चचाओं के दौर

ऋतुपर्ण दवे

मोदी मंत्रिमण्डल का गठन जरूर हो गया है लेकिन कयासों का दौर खत्म नहीं हुआ। एक बार में ही 72 सदस्यीय भारी भरकम मंत्रिमण्डल की वजहें लोग कुछ भी बताएं लेकिन यह नरेन्द्र मोदी की चतुराई कही जाएगी जो उन्होंने एक बारगी सारे किन्तु-परन्तु पर विराम लगा एक तीर से कई निशाने साधे। इससे न केवल सहयोगियों बल्कि भाजपा के आनुषांगिक संगठनों को भी बड़ा संदेश गया कि भले ही सीटें घटीं लेकिन मोदी की हैसियत वही है। घटक दलों के सहयोगियों का मोदी के तीसरे कार्यकाल में मंत्रिमण्डल बंटवारे में मिले पद और कदसेभी काफी भ्रमटूटा।साफ दिखा कि नरेन्द्र मोदी ने जो चाहा वो किया।जिस शांति और धैर्य से घटक दलों के साथ पहली बैठक हुई, प्रमुख दोनों सहयोगी नीतिशबाबू और चंद्रबाबू ने मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े उससे राजनीतिक नब्ज टटोलने वालों की भी धड़कनें असहज हुई। हम उम्र और राजनीति में मोदी से सीनियर होने के बावजूद नीतिश का उनके पैर छूने झुकना सबको अब भी हैरान कर रहा है।

यह भ्रम ही साबित हुआ कि जेडीयू को रेल तो टीडीपी को सड़क परिवहन मंत्रालय मिलना तय है।पुरानी सरकारों में रेल मंत्रालय प्रायः गठबन्धन के सहयोगियों के खाते में रहा।मौजूदा मंत्रिमण्डल में 33 नए चेहरे हैं जिनमें तीन पूर्व मुख्यमंत्री हैं। पहली बार मंत्री बनने वालों में7 सहयोगी दलों से हैं।7 महिलाएं

भी मंत्री बनीं जिनमें2 कैबिनेट और 5 राज्य मंत्री हैं। एक भी मुस्लिम मंत्रिमण्डल में नहीं है। आजादी के बाद पहला मौका है जब मुसलमान को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया।नए मंत्रिमंडल में 21 सवर्ण, 27 ओबीसी, 10 एससी, 5 एसटी, 5 अल्पसंख्यक मंत्रियों को जगह मिली।

भावुक अपीलों और जनता से कनेक्ट होने में हुनरमंद मोदी का कोई सानी नहीं। अब उन्होंने नई अपील कर विपक्ष को बहस का नया मुद्दा दे दिया।अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल से मोदी का परिवार हटाने की गुहारलगा दी। भले ही डिस्प्ले नाम बदलेलेकिन भारत की तरक्की की कोशिशों के खातिर प्रयास करने वाले एक परिवार के रूप में हमारा बंधन मजबूत और अटूट है। इशारा अबकी बार एनडीए सरकार की ओर तो था ही साथ ही गठबन्धन के सहयोगियों को भी बता दिया कि अब वो कितने अहम हैं?

इसी बीच संघ प्रमुख मोहन भागवत के उस बयान को देखना होगा जिसमें उन्होंने मणिपुर में शांति बहाली नहीं होने पर चिंता व्यक्त जताई और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसा।नागपुर में आरएसएस प्रशिक्षुओं को मोहन भागवत ने कहा कि 10 साल पहले मणिपुर में शांति थी। लेकिन साल भर सेएकाएक हिंसा बढ़ गई। इसपर प्राथमिकता के साथ विचार करना होगा। चुनावी बयानबाजी से ऊपर उठकर राष्ट्र के सामने मौजूद समस्याओं पर ध्यान देने की जरूरत है। मणिपुर साल भर से शांति की राह देख रहा है। अब सरकार भी बन गई तब भी चर्चा नहीं रुकी कि जो हुआ वह क्यों हुआ, कैसे हुआ, क्या हुआ? झूठ भी कायदे से पेश किया गया। ऐसे में देश कैसे चलेगा? विपक्ष को विरोधी नहीं मानना चाहिए। उसकी राय जरूरी है। चुनावी गरिमा का ख्याल नहीं रखा गया जो जरूरी है।अभी चुनौतियां खत्म नहीं हुई है।यह बयान शायद भाजपा प्रमुख नड्डा के उस बयान का जवाब लगता है जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा अब अपने पैरो पर खड़ी है। भागवत के बाद संघ के बडे नेता इंद्रेश कुमार का बयान भी सुर्खियों में रहा जिसमें उन्होंने भी भाजपा की टॉप लीडरशिप पर निशाना साधा। हालाकि इस पर सफाई भी आई। लेकिन यह भी सही है कि इस बार संघ वैसा सक्रिय नहीं दिखा जैसे पहले के चुनावों में दिखता था।वहीं प्रधानमंत्री का एनडीए का 400 पार और भाजपा खुद 370 जीतने का नारा लक्ष्य से बहुत पीछे रह गया। अब सबकी निगाहें लोकसभा अध्यक्ष पर है। जिस पर फिर कयासों का दौर शुरू हो गया है।

निश्चित रूप से विविधताओं से भरे भारत देश और उसकी राजनीति में मतांतर नए नहीं है। इसीलिए कभी लगता है कि मोदी के नेतृत्व की एनडीए सरकार बेहद मजबूत है तो कभी लगता है कि भाजपा और उसके अपने महत्वपूर्ण आनुषांगिक दल ही क्यों खफा हैं।

आंध्र प्रदेश विधानसभा में गजब का प्रदर्शन करते हुए टीडीपी-भाजपा गठबंधन ने बड़े बहुमत वाली जीत हासिल की। दोनों का एजेण्डा सबको पता है। टीडीपी मुस्लिम आरक्षण,परिसीमन, सी.ए.ए., अमरावती के विकास और विशेष दर्जे पर तबज्जो चाहेगी तो कमोवेश जेडीयू भी बिहार में ऐसे ही एजेण्डे के साथ अगले साल विधानसभा चुनाव में जाएगी। महाराष्ट्र में तो अभी चुनाव होने हैं। इन हालातों में महत्वपूर्ण घटक कब तक भाजपा के हमराह रहेंगे? जबकि महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश सहित बिहार में पद और कद पर कई बातें होनी शुरू हो गई हैं।

अपने दम पर बहुमत हासिल करने में नाकाम भाजपा नीत गठबंधन सरकार को लेकर दुनिया भर में कौतूहल था। लेकिन मंत्रिमण्डल गठन के बाद विभाग वितरण से लोग भौंचक्का हैं कि यह कैसा जादू? क्या सचमुच राजनीति में मंजे दोनों बाबू न केवल मोदी के साथ हैं बल्कि ब्रान्ड मोदी के दो हाथ हैं?बहुमत का आंकड़ा न छू पाने के बावजूद मंत्रिमण्डल बंटवारे में दिखी मोदी के मन की बात ने क्या सभी का लोहा मनवा लिया? हालांकि चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण में नीतिश का न जाना फिर चचाओं में है। लेकिन इटली में जी-7 सम्मेलन में बिना सदस्य रह कर भी विशेष रूप से प्रधानमंत्री को बुलाना और दुनिया के शीर्ष नेताओं से मेल-मुलाकात के बाद मोदी की नई छवि और कार्यप्रणाली को लेकर राजनीतिक चचाओं ने नया मोड़ जरूर ले लिया है।

लेकिन देश के अंदर उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब और दक्षिण के चुनाव परिणामों के मायने पर भी जानकारों की राय बंटी हो सकती है। लेकिन यह सच है कि असल परीक्षा के लिए लोकसभा के नियमित सत्र और नए अध्यक्ष तक इंतजार करना ही होगा।

नई परिस्थितियों में खुद की छवि को बजाए मसीहाई दिखाने के बड़ी सहजता और विनम्रता से लबरेज दिखाकर भी प्रधानमंत्री मोदी नई एनडीए सरकार के वैसे ही सख्त मुखिया दिख रहे हैं जैसे बीते दोनों कार्यकाल में रहे।लोग तब और अब में फर्क भले ढूंढें लेकिन यह कब दिखेगा, कोई नहीं जानता। फिलाहाल 30 जून का इंतजार है जब मन की बात के जरिए तीसरे कार्यकाल में नरेन्द्र मोदी का पहला संबोधन क्या होगा?

ड्राइवर महासंघ ने मृत ड्राइवर के आश्रित को नगदी सहयोग

चंदनकियारी : ऑल झारखंड ड्राइवर महासंघ की और से मंगलवार को नौडीहा में मृतक ड्राइवर अब्दुल हाकिम अंसारी के आश्रित को आर्थिक सहायता दिया। जिन्हें महासंघ के सभापति इरफान खान तथा बोकारो जिला अध्यक्ष समर कुमार मुख्य रूप से मौजूद होकर नगद राशि सहयोग किया। मौके पर ऑल झारखंड ड्राइवर महासंघ के सभापति इरफान खान ने बताया कि महासंघ हमेशा पीड़ित परिवार के साथ हैं। उनके सुख दुख में महासंघ हमेशा के लिए तत्पर है। कहा कि बच्चों के पढ़ाई लिखाई एवं अन्य के लिए महासंघ भविष्य में भी साथ रहेगा। बताते चले कि नौडीहा गांव निवासी अब्दुल हाकिम अंसारी पेशे से ड्राइवर थे। जिनका बीते दो माह पहले ओड़िसा में सड़क दुर्घटना में मौत हो गया था। इस अवसर पर अध्यक्ष वाहिद खान, मो हुसैन अंसारी, मो आलम, मो रमजान, मो सुलेमान, इस्माइल अंसारी, अल्लाउद्दीन अंसारी, मो दिलशाद अंसारी, सद्दाम अंसरी के अलावा अन्य उपस्थित थे.

पश्चिमी टुंडी के पारा शिक्षक लुथरू टुड्डू पांच वर्षो से लकवा एवं गरीबी से जुझते हुए हुई मृत्यु

टुंडी : टुंडी प्रखण्ड के पश्चिमी टुण्डी क्षेत्र के नया प्राथमिक विद्यालय नारों, संकुल झिनाकी, अंचल+ प्रखंड टुंडी के 53 वर्षीय पारा शिक्षक लुथरू टुड्डू का निधन हो गया। पारा शिक्षक को सहायक अध्यापक भी कहा जाता हैं । बताते चलें की लुथरू टुड्डू सर्वप्रथम नया प्राथमिक विद्यालय पोखरिया, मनियाडीह थाना के बगल में शिक्षा मित्र के रूप में चयन 2002 में हुआ था,परन्तु बाद में नया प्राथमिक विद्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया । उनके निधन पर टुंडी प्रखंड सहायक अध्यापक संघ में शोक की लहर है। उनके निधन पर संघ के जिला प्रधान सचिव नवीन चन्द्र सिंह, जिला कोषाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, जिला संयुक्त सचिव लिलानाथ मंडल, प्रखंड अध्यक्ष कुलदीप पाण्डेय, मंगल प्रसाद महतो,मनोज पाठक, मल्याशीष बनर्जी, संजय महतो, सुखन महतो,विश्वनाथ रजक, महमूद आलम,पंकज विश्वकर्मा, मथुरा मंडल, अनिल राजवंशी शत्रुघ्न चौधरी गिरिश कुमार , संतोष ओझा, सुनिल चौधरी सतेन्द्र चौधरी कोमेश हांसदा, रामदेव बास्की के अलावा समस्त पारा शिक्षक समाज ने शोक जताया हैं ।

सांसद प्रतिनिधि के नेतृत्व में टुंडी के कदमाहरा छठ तालाब का सुनीता फाउंडेशन नामक संस्था के घेराबन्दी के विरुद्ध सफल वार्ता हुआ

टुंडी : मंगलवार को धनबाद जिला कृषि पदाधिकारी शिवकुमार राम से जिला सांसद प्रतिनिधि भास्कर ओझा एवं सांसद प्रतिनिधि दिनेश कुमार राय के नेतृत्व में टुंडी के कदमाहरा छठ तालाब का सुनीता फाउंडेशन नामक संस्था के द्वारा घेराबन्दी के विरुद्ध में सफल वार्ता की गई, टुंडी के ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत पिछले दिन सोमवार को आभार प्रकट करने आए दुलारी साव नव निर्वाचित माननीय सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी से किया गया था जिस पर कि एकमात्र छठ तालाब कदमाहरा तालाब को कृषि विभाग द्वारा अधिकृत किए गए सुनीता फाउंडेशन एनजीओ के द्वारा घेराबंदी किया जा रहा है घेराबंदी को रोक लगाने की मांग पर सांसद ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया था इसी संबंध में उपायुक्त व संबंधित विभाग से वार्ता कर इसका समाधान किया जाएगा इसी संदर्भ में जिला सांसद प्रतिनिधि भास्कर ओझा एवं सांसद प्रतिनिधि दिनेश कुमार राय के नेतृत्व में धनबाद जिला कृषि पदाधिकारी शिवकुमार राम से सफल वार्ता की गई जो कदमाहरा छठ तालाब में छठ पूजा, काली पूजा, दुर्गा पूजा, श्राद्ध कर्म इत्यादि के लिए भारी असुविधा होती है, इस तालाब में रोज स्नान ध्यान में हजारों की संख्या में महिला पुरुष उपयोग करते हैं। मौके पर सांसद प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि विक्रम भारद्वाज, नंदकिशोर सोनार, कुंदन सिंह, सुखदेव भगत, कोंग्रेस नेता शंकर प्रजापति, आनंद मोदक शामिल रहे।

जेबीकेएसएस का साथ देने व विश्वास बनाये रखने के लिए धन्यवाद : धीरन महतो

लोयाबाद (धनबाद) : झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के द्वितीय वर्ष पूर्ण होने पर जेबीकेएसएस युवा मोर्चा के धनबाद जिला संगठन मंत्री धीरन महतो ने सभी कार्यकर्ताओं और झारखंडवासियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जेबीकेएसएस का दूसरा स्थापना दिवस 18 जून को हैं ।आज ही के दिन 2 वर्ष पहले संगठन की स्थापना की गई थी और लोगों का साथ व विश्वास भरपूर मिला। साथ ही कार्यकर्ताओं ने भी निःस्वार्थ भाव से मेहनत और लगन के साथ जेबीकेएसएस के लिए कार्य किया। जिसके लिए उन्होंने सभी को बधाई दी व धन्यवाद दिया ।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से विगत दो वर्षों से विश्वास और साथ बना हुआ है। यह साथ और विश्वास आगे भी बनाए रखना है और केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो के हाथों को मजबूत करते हुए झारखंड नवनिर्माण का सपना पूरा करना हैं ।जो सपना झारखंड के लिए हमारे वीर शहीद आंदोलनकारियों व महापुरुषों ने देखा हैं ।उसे सभी को मिल कर पूर्ण करना हैं। शहीद भगत सिंह ने कहा था कि असली आजादी सिर्फ अंग्रेजों से नहीं बल्कि पूंजीपतियों के हाथों से भी लेनी हैं। ठीक उसी प्रकार हमारे पूर्वजों ने संघर्ष और बलिदान देकर झारखंड अलग राज्य का निर्माण तो कर लिया ।लेकिन,आज भी झारखंड वासी अपने अधिकारों से वंचित हैं ।आदिवासी मूलवासियों का सिर्फ और सिर्फ शौषण हुआ हैं ।जिसके लिए हमें एकजुट होकर जयराम महतो का साथ देना,ताकि झारखंड नवनिर्माण का अधूरा सपना पूरा हो।

लोकसभा चुनाव में जेबीकेएसएस के प्रति लोगों का रुझान देखकर विरोधियों में भय का माहौल है ।जिस प्रकार से लाखों की संख्या में मत प्राप्त हुए हैं ।उम्मीद की जा रहीं हैं और आंकड़ों से स्पष्ट होता हैं कि विधानसभा चुनाव में भारी सीटों की संख्या में जेबीकेएसएस की जीत होगी।

धीरन महतो के साथ बधाई और धन्यवाद देने वालों में राहुल महतो ,अमृत महतो ,योगेंद्र महतो ,चंदन महतो ,आशीष महतो ,अमित महतो ,सुजीत महतो ,महेश कुमार महतो , मो. नसीम आदि हैं।

विसन गर्मी को देखते हुए मनोज सिंह ने रागिरीयो को 50 किलो चीनी का शरबत पिलाया

एग्यारकुंड। एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र के गोपीनाथपुर पंचायत के अंतर्गत मंगलवार को जेठ महीना के लास्ट मंगलवार को शिवडंगाल रेलवे फाटक के पास विसन गर्मी को देखते हुए मनोज सिंह ने राहगिरीयो को 50 किलो चीनी का शरबत पिलाया ।शरबत पिलाने मे प्रभंश सिंह,महेश सिंह,दिनेश बाउरी, राजू पंडित के अलावे अनेलो ग्रामीण थे।

कतरासगढ़ स्टेशन परिसर में लगे हरा भरा विशाल कई पेड़ को काट दिया गया: विजय झा

- धीमी गति से चल रहा कार्य, पेड़ कटने से गर्मी से है परेशान,जल्द मिलेंगे डीआरएम से
- वन विभाग के अधिकारियों से मिलेंगे: उमेश ऋषि

कतरास न्यूज:-करोड़ों रुपये की लागत से कतरासगढ़ स्टेशन का सौदर्यीकरण किया जा रहा है. इसको लेकर कतरासगढ़ परिसर में कार्य जारी है. इस दौरान स्टेशन परिसर की कई पेड़ो (वृक्ष) को काट कर दिया गया है. जनता के शिकायत पर मामले को लेकर रेल आंदोलनकारी टीम कतरासगढ़ स्टेशन पहुंचे. चल रहे कार्य का जायजा लिया. रेल आंदोलनकारी सह पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय कुमार झा ने कहा कि इस भीषण गर्मी में लोग पेड़ की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं. कतरासगढ़ स्टेशन में रेल ठीका कंपनी द्वारा स्टेशन परिसर में लगे दर्जन भर से अधिक पेड़ों को काटकर गिरा दिया. जिससे आने-जाने वाले यात्रियों को इस भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इसमें सबसे कष्ट दायक पहलु यह है कि स्टेशन गेट के ठीक सामने व बगल में बरगद-पीपल का विशाल पेड़ था. जिसे काटकर गिरा दिया गया. जबकि इस दिशा में अभी काम भी शुरू नही हुआ हैं. लेकिन पेड़ काट दिया गया. श्री झा ने कहा कि यह पेड़ किसके आदेश पर काटा गया, क्या वन विभाग से अनुमति लेडर पेड़ काटा गया ? अगर अनुमति नही लिया गया तो ठीकेदार पर मुकदमा होना चाहिए. पेड़ काटना मानव हत्या के बराबर है. श्री झा ने कहा कि पेड़ को बचा कर भी कार्य किया जा सकता था. या फिर अनुमति मिलने पर गर्मी पार होने क बाद भी पेड़ को काट कर काम किया जा सकता था. उन्होंने रेल विभाग से मांग किया है कि कतरासगढ़ स्टेशन पर चल रहे कार्यों का रेलवे निगरानी करें. अन्यथा यहां कार्य में कोताही, लापरवाही देखा जा रहा है. कतरासगढ़ स्टेशन पर बन रहे नाला पर पानी का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है.

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत शारीरिक प्रशिक्षण वर्ग में हुए शामिल

उज्जवल दुनिया

बोकारो : मंगलवार को आरएसएस प्रमुख सेक्टर तीन बी स्थित सरस्वती विद्यामंदिर में आयोजित विकास वर्ग के शारीरिक प्रशिक्षण वर्ग में शमिल हुए। ज्ञात हो सोमवार रात 9 बजे राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत सड़क मार्ग से बोकारो पहुंचे । वो 21 जून तक बोकारो प्रवास में रहेंगे। सेक्टर तीन सरस्वती विद्या मंदिर में उत्तर पूर्व क्षेत्र झारखंड-बिहार के स्वंय सेवकों का प्रशिक्षण वर्ग 6 जून से चल रहा है जो 26 जून तक चलेगा। इस कार्यकर्ता विकास वर्ग, संघ शिक्षा वर्ग झारखंड प्रांत, घोष वर्ग झारखंड प्रांत में सरसंघचालक शामिल होकर स्वयंसेवकों को अपना मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इस प्रशिक्षण वर्ग में 600 स्वंयसेवक भाग ले रहें है। अगले पांच दिनो तक राष्ट्र, जीवन, आध्यात्म व अन्य जीवनस्पर्शी विषयों पर सरसंघचालक का संबोधन होना है। जिससे सभी स्वंयसेवक लाभांवित होगे। 26 जून को होने वाले कार्यकर्ता विकास वर्ग के समापन सत्र में मुख्य वक्ता आरएसएस के सरकार्यवाह आलोक कुमार होगे। 27 जून के सवेरे दीक्षा समारोह के बाद सत्र का समापन होगा.

ट्रैक्टर ने मारी पलटी, नीचे तालाब के पास जा गिरा

कतरासः सोमवार को श्यामडीह पेट्रोल पंप के पास हीरक रोड के किनारे एक पुराना ट्रैक्टर पलट गया तथा सड़क से लगभग 30 फिट नीचे जा गिरा. घटना लगभग 3 बजे के आसपास की बताई जा रही है. घटना के संबंध में कुछ लोगों ने बताया कि कुछ लोगों को चोट भी लगी है लेकिन मौके से वो लोग गायब हो गए. देखने से ट्रैक्टर बहुत पुराना लग रहा था. हालांकि ये जाँच पड़ताल के बाद ही पता चलेगा कि गाड़ी का इंश्योरेंस, पॉल्युशन एवं अन्य कागजात कितना सही है. ट्रैक्टर में नम्बर प्लेट भी नही देखा गया. सूचना मिलने पर कतरास पुलिस मौके पर पहुँची तथा घटना की जाँच पड़ताल की. इसके बाद किरान की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को ऊपर खींचा तथा अपने कब्जे में लिया. इस संबंध में कतरास थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया है. ट्रैक्टर मालिक से वाहन के कागजात मंगवाकर कागजात की जाँच पड़ताल की जा जायेगी. लिखित शिकायत के बाद पुलिस आवश्यक कार्रवाई करेगी. दुर्घटना कैसे हुई इस संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नही हुआ है. बता दे कि इन दिनों कतरास एवं आसपास के क्षेत्र में बिना नम्बर प्लेट के कई ट्रैक्टर धड़ल्ले से चल रहे हैं जिससे बालू एवं आउटसोर्सिंग कंपनियों के ओबी पत्थरों की धड़ल्ले से तस्करी की जा रही है. हालांकि ऐसे वाहनों पर कतरास पुलिस की कार्रवाई भी लगातार जारी है.

सभी अंचल कार्यालयों में विशेष राजस्व शिविर 20 जून से

- उपायुक्त के निर्देश पर सभी अंचल कार्यालयों में होगा आयोजन
- आपसी बंटवारा के आधार पर दाखिल - खारिज के मामलों का होगा आन स्पाट निष्पादन

उज्जवल दुनिया

बोकारो : उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर आगामी 20 जून से जिले के सभी अंचल कार्यालयों में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर 29 जून 2024 तक जारी रहेगा। इसको लेकर सभी अंचलाधिकारियों को जरूरी दिशा - निर्देश दे दिया गया है। उपायुक्त ने आमजनों से अपील किया है कि वह उक्त तिथियों को अंचल कार्यालय में जरूरी दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपने खतियानी रैयत के उत्तराधिकारियों एवं आपसी बंटवारा के आधार पर दाखिल झ खारिज के लिए आवेदन करेंगे। जानकारी हो कि, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा ऐसा करने को लेकर पूर्व में ही निदेश दिया गया है। सभी अंचलाधिकारियों को अपने स्तर से शिविर का व्यापक प्रचार झ प्रसार करने को कहा गया है।

शिविर में इन दस्तावेजों के साथ पहुंचें आमजन

शिविर में खतियानी रैयतों के वंशजों की पहचान करते हुए ऑनलाइन दाखिल झ खारीज का आवेदन अपलोड किया जाएगा।

इसके लिए शिविर में शामिल होने वाले आमजनों को (८) आपसी पारिवारिक बँटवारा का ठङ्ग३ै१८ ढ४ु॑ द्वारा निर्गत शपथ पत्र, (८) न्यायालय द्वारा ढ१३३ङ्गल्ल र४३ में पारित आदेश की प्रति (यदि लागू हो तो), (८) निबंधित बँटवारा के दस्तावेज की प्रति (यदि लागू हो तो) एवं संबंधित राजस्व ग्राम प्रधान/मुखिया द्वारा सत्यापित प्रतिवेदन आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। शिविर में आमजनों से प्राप्त आवेदनों को क्रमवार पंजी में संधारित करते हुए उन्हें पावती रसीद निर्गत करेगी।

भूमि सुधार उप समाहर्ता चास एवं बेरमो (तेनुघाट) अपने अनुमण्डल अंतर्गत आयोजित होने वाले विशेष राजस्व शिविर की निगरानी करेंगे। सभी अंचलाधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों (मुखिया, उपमुखिया, प्रमुख, जिला परिषद, अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सदस्य एवं माननीय विधायकों एवं सासदों) की सहभागिता से शिविर का सफल आयोजन करने का निर्देश दिया है.

हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का द्वितीय वार्षिकोत्सव आयोजित

उज्जवल दुनिया

जैनामोड़ : हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का द्वितीय वार्षिकोत्सव समारोह जैनामोड़ स्थित परिसर में धूमधाम से मनाया गया । मंदिर कमेटी के नेतृत्व में एक दिवसीय भजन कीर्तन एवं यज्ञ का आयोजन आचार्य के मंत्रोच्चारण के साथ किया गया । यज्ञ के बाद बृहद स्तर पर खीर , पूरी , सब्जी , बुंदिया का सामुहिक महाप्रसाद का वितरण देर रात तक किया गया । संध्या आरती के बाद भक्ति जागरण का कार्यक्रम सुप्रसिद्ध गायिका पम्मी शांडिल्य के देर रात तक श्रद्धालुओं का मनोरंजन कायम रहा । भक्ति जागरण में श्रद्धालु झुमते रहे । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अध्यक्ष अशोक कुमार मंडल , उपाध्यक्ष रामापति पांडेय , सचिव विकास बरनवाल , कोषाध्यक्ष नीलकंठ मंडल , अभय सिंह , सजन गोयल ,हीरालाल साव , सत्यनारायण भगत , छोटू तिवारी , संजय साव , पप्पू सिंह , राजू बुद्धिमान , सतीश दत्ता , कविशरण बरनवाल , सुरेश बरनवाल , नवीन गर्ग , रामविलास मंडल , ओम भगत , ववीता कुमारी क्ष, कुसुम कुमारी , मालती देवी आदि ने सहयोग किया.

भू-मापी (सीमांकन) के लंबित मामलों को लेकर सभी अंचलाधिकारियों को शोकॉउज

- उपायुक्त ने दिया निर्देश, 30 दिन एवं उससे ज्यादा दिनों से सभी अंचलों में भू-मापी (सीमांकन) के लंबित है कुल 170 आवेदन
- अंचलाधिकारियों द्वारा झारखंड राज्य सेवा देने की गारांटी अधिनियम 2011 का नहीं हो रहा अनुपालन, उपायुक्त ने जताई नाराजगी

उज्जवल दुनिया

बोकारो : जिले के विभिन्न अंचलों में भू-मापी (सीमांकन) से संबंधित मामलों के निष्पादन में अंचलाधिकारियों (सीओ) की सुस्ती/लापरवाही पर उपायुक्त विजया जाधव ने नारजगी व्यक्त की है। उन्होंने जिले के सभी 09 अंचलों के अंचलाधिकारियों को शोकॉउज (स्पष्टीकरण) किया है। इस बाबत पत्र जारी कर दिया है।

उपायुक्त द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि, समीक्षा क्रम में यह पाया गया है कि सभी अंचलों में भू-मापी (सीमांकन) से संबंधित आवेदन काफी समय से लंबित है। 30 दिन एवं उससे ज्यादा दिनों से सभी अंचलों में भू-मापी (सीमांकन) के कुल 170 आवेदन लंबित है। झारखंड राज्य सेवा देने की गारांटी अधिनियम 2011 के अनुपालन को लेकर स्पष्ट निर्देश दिया गया है। बावजूद इसके भू-मापी (सीमांकन) से संबंधित आवेदनों का ससमय निष्पादन नहीं करना, कार्य निष्पादन में आपकी सुस्ती/लापरवाही को दशार्ता है।

इसी को लेकर डीसी ने सभी नौ अंचलाधिकारियों को शोकॉउज (स्पष्टीकरण) किया है।

शोकॉउज (स्पष्टीकरण) में पूछा गया है कि क्यों नहीं झारखंड सेवा देने की गारांटी अधिनियम 2011 अंतर्गत विलंब के लिए दोषी मानते हुए अधिनियम की सुसंगत धारा के तहत अर्थदण्ड अधिरोपित करते हुए उक्त राशि की कटौती आपके वेतन से की जाएं। उन्होंने सभी को ससमय शोकॉउज (स्पष्टीकरण) का जवाब जिला को समर्पित करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय हो कि, भू-मापी (सीमांकन) से संबंधित 30 दिन एवं उससे ज्यादा दिनों बेरमो अंचल में 12, चंदनकियारी अंचल में 07, चंद्रपुरा अंचल में 01, चास अंचल में 29, गोमिया अंचल में 66, जरीडीह अंचल में 19, कसमार अंचल में 19, नावाडीह अंचल में 07 एवं पेटरवार अंचल में 10 मामले लंबित हैं.

आउटसोर्सिंग में बंदी के खिलाफ ढुलू व जलेश्वर समर्थक आमने-सामने

- ढुलू समर्थकों ने 70 युवाओं को नौकरी की मांग की
- जलेश्वर समर्थकों ने कागजात होने पर कानूनी लड़ाई लड़ने को कहा

उज्जवल दुनिया

लोयाबाद थानांतर्गत बांसजोड़ा की साकार मास ज्वाइंट वेंचर आउटसोर्सिंग में 18 जून को आहूत बंदी को लेकर सांसद ढुलू महतो व पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो के समर्थक आमने-सामने हो गये हैं रविवार को ढुलू समर्थकों ने प्रेसवार्ता कर नियोजन की मांग को लेकर कंपनी का चक्का जाम करने की बात कही. दूसरी ओर जलेश्वर समर्थकों ने बैठक कर किसी भी कीमत पर काम को बंद नहीं होने देने का संकल्प जताया.

अपराधी दहशत फैला चुके हैं : कहा जा रहा है कि दोनों पक्षों की तैयारी को देखते हुए पुलिस-प्रशासन चौकस नहीं रहा तो संघर्ष की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है. गुरुवार की रात आउटसोर्सिंग में अपराधी बम विस्फोट व फायरिंग कर दहशत फैला चुके हैं.

रैयत होने का दावा करनेवालों ने मांगी नौकरी : ग्रामीण सूरज महतो ने रविवार को प्रेसवार्ता कर कहा कि कंपनी जिस जमीन पर उत्पादन कर रही है, वह जमीन उनकी रैयती है. कंपनी 70 युवाओं को रोजगार नहीं देगी, तो कंपनी को चलने नहीं दिया जायेगा. सूरज महतो व अन्य उपस्थित लोगों ने कहा कि सांसद उनके साथ हैं. मांगों पर विचार हुआ तो आंदोलन वापस ले लेंगे. उन्होंने बंदी के दिन पुलिस से सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है. वातामें उनके साथ विकास सिंह, गौतम महतो, प्रकाश सिंह, मोहन रवानी, जय नारायण सिंह, अभिषेक सिंह, उपेन्द्र सिंह,

रोहित रवानी, सुनील रवानी, प्रदीप रवानी, आकाश सिंह, भगीरथ सिंह मौजूद थे.बंदी नेता के इशारे पर हो रही : इधर, पूर्व मंत्री जलेश्वर समर्थक कंपनी में कार्यरत मजदूरों ने बांसजोड़ा शिव मंदिर प्रांगण में बैठक कर कहा कि वे रैयतों के खिलाफ नहीं हैं. जमीन के कागजात हैं तो कानूनी लड़ाई लड़ें. हम उनके साथ हैं. कहा कि कंपनी पर वर्चस्व के लिए अपने नेता के इशारे पर यह बंदी की जा रही है. नौकरी छीनने का प्रयास हुआ तो वे लोग अंतिम सांस तक लड़ेंगे. वे लोग जलेश्वर समर्थक हैं. कहा कि यह कंपनी 2014 से संचालित है तो उस समय से ये लोग कहां थे. उन्होंने पुलिस प्रशासन से बंदी के दिन मजदूरों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है. बैठक में गौतम रजक, सिराज मंसूरी, शमशाद अंसारी, अनिल यादव, सोनु महतो, अनिल रवानी, अरविंद महतो, एहतेशाम अंसारी, जमील अंसारी, विकास चौहान, गणेश, विष्णु आदि उपस्थित थे.

टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो मृतक पारा शिक्षक लूथरू टुड्डू के परिजनों से मिल दिया हर सम्भव सहयोग का आश्वासन

- जिप सदस्या-04 मीना हेम्ब्रम मृत पारा शिक्षक के परिजनों से मिलकर वस्तुस्थिति को जाना

उज्जवल दुनिया

टुंडी : टुंडी प्रखण्ड के पश्चिमी टुंडी मछियारा पंचायत के पोखरिया गांव निवासी 53 वर्षीय पारा शिक्षक लूथरू टुडू की निधन की सूचना पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो मृतक के आवास पहुंचे जहां परिजनों से मिलकर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। ज़िप सदस्या -04 मीना हेम्ब्रम के अनुसार लूथरू टुडू पिछले करीब पांच सालों से लकवा जैसी बिमारी से ग्रस्त थे एवं जीवन और मौत से जूझ रहे थे। फिलहाल लूथरू टुडू प्राथमिक विद्यालय नारों में सहायक शिक्षक के पद पर आसीन थे। निधन की खबर मिलते ही अपने सभी कार्यकताओं के साथ टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो पहुंचे और इस दुःख की घड़ी में परिजनों के साथ खड़े होकर हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। वैसे भी टुंडी विधायक हर दुखियों के साथ संकटों में साथ खड़े होकर मदद करने में पूरे विधानसभा में अलग पहचान सा बना हुआ हैं । मौके पर जिला परिषद सदस्या - 04 मीना हेंब्रम एवं सुनील सोरेन के अलावा उनके समर्थक एवं झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

न्यायालयों में लंबित वादों से संबंधित तथ्य विवरणी ससमय समर्पित करें अधिकारी : उपायुक्त

- विभागवार लंबित मामलों की अगली तारीख, मामले की अद्यतन स्थिति की क्रमवार ली जानकारी

उज्जवल दुनिया

बोकारो : समाहरणालय सभागार में उपायुक्त विजया जाधव ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय, अवमानना वाद एवं अन्य न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा बैठक की। मौके पर डीपीएलआर निदेशक मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा वंदना शेजवलकर, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो अशोक कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

उपायुक्त ने क्रमवार उच्च न्यायालय, झारखंड रांची में जिले के विभिन्न विभागों/पदाधिकारी से संबंधित लंबित वादों की जानकारी ली। प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा ने बताया कि विभिन्न विभागों से संबंधित जिले में लंबित वादों की संख्या 162 है। उन्होंने विभागवार सभी मामलों के अद्यतन स्थिति पर समीक्षा की। संबंधित पदाधिकारियों को वादों से संबंधित तथ्य विवरणी विभाग द्वारा विधि शाखा को ससमय समर्पित करने का निर्देश दिया। कहा कि वादों से संबंधित प्रतिवेदन समर्पित करने में किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। ऐसे मामलों में पदाधिकारी तेजी लाएं।

उपायुक्त ने उच्च न्यायालय झारखंड रांची में लंबित अवमानना वादों पर भी समीक्षा की। उन्होंने विभागवार लंबित मामलों और उसकी अद्यतन जानकारी संबंधित पदाधिकारियों से प्राप्त की। वादों से संबंधित तथ्य विवरणी को अविलंब विधि शाखा को समर्पित करने का निर्देश दिया। समीक्षा क्रम में लंबित अवमानना वादों के सर्वाधिक मामले जिला शिक्षा अधीक्षक बोकारो से संबंधित थे।

उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित जिला शिक्षा अधीक्षक को मामलों से संबंधित तथ्य-विवरणी जल्द उपलब्ध कराने को कहा। वहीं, उप विकास आयुक्त से 01, अनुमंडल पदाधिकारी चास से 02, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बोकारो से 03, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग से 01, जिला कृषि पदाधिकारी से 01, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चंदनकियारी से 01 एवं विशेष कार्य पदाधिकारी से संबंधित 01 मामला अवमानना वाद से संबंधित था। उधर, उच्च न्यायालय, झारखंड रांची में जिले के विभिन्न विभागों/पदाधिकारी से संबंधित लंबित वादों में पुलिस अधीक्षक से 05, वन प्रमंडल पदाधिकारी से 07, उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद से 01, क्षेत्रीय निदेशक जियाडा से 06, अनुमंडल पदाधिकारी चास से 08, भूमि सुधार उप समाहर्ता बेरमो (तेनुघाट) से 01, निदेशक परियोजना भूमि एवं पुर्नवास बोकारो से 05, अपर नगर आयुक्त चास नगर निगम से 03, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बोकारो से 08, विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी बोकारो से 01, स्थापना उप समाहर्त्ता बोकारो से 01, जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी बोकारो से 01, जिला आपूर्ति पदाधिकारी बोकारो से 03, जिला अवर निबंधक चास बोकारो से 01, जिला शिक्षा पदाधिकारी बोकारो (नीति निर्धारण से संबंधित मामले) से 01, जिला शिक्षा पदाधिकारी बोकारो से 06, जिला शिक्षा अधीक्षक बोकारो (नीति निर्धारण से संबंधित मामले) से 03, जिला शिक्षा अधीक्षक बोकारो से 10, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चास से 01, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पेटरवार से 01, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बेरमो 01, अंचल अधिकारी चास से 22, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी धनबाद कैम्प कार्यालय बोकारो से 01, अंचल अधिकारी चन्दनकियारी से 04, अंचल अधिकारी जरीडीह से 04, अंचल अधिकारी चन्द्रपुरा से 05, अंचल अधिकारी कसमार से 02, अंचल अधिकारी बेरमो से 02, अंचल अधिकारी पेटरवार से 19, अंचल अधिकारी गोमिया से 06, अंचल अधिकारी नावाडीह से 01, कार्यपालक अभियन्ता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल बोकारो से 03, जिला खनन पदाधिकारी बोकारो से 11, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चन्दनकियारी से 01, कार्यपालक अभियन्ता विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल चास से 01 एवं जिला समादेष्टा झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी बोकारो से 04 *्लंबित वाद शामिल हैं।

इसके अलावा उपायुक्त ने निलाम पत्र वाद से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित मुख्यालय डीएसपी को लंबित वारंटों के विरूद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया। जिला निलाम पत्र पदाधिकारी कुमार कनिष्क को नियमित निलाम वाद मामलों की सुनवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने कई अन्य जरूरी दिशा झ निर्देश दिया। मौके पर संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी/कर्मी आदि उपस्थित थे.

बिजली कटौती को लेकर पूर्व विधायक ने विद्युत विभाग के खिलाफ खोला मोर्चा, सौंपा मांगपत्र

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

तिसरी संवाददाता : इस भीषण गर्मी में धनवार विधानसभा क्षेत्र में हो रही बिजली कटौती को लेकर धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने विधुत विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पूर्व विधायक ने क्षेत्र के तिसरी, गांवा व राजधनवार में पूर्व में आपूर्ति किए जा रहे 11 मेगावाट बिजली के जगह पर मात्र 4 मेगावाट बिजली सप्लाई देने समेत अन्य मांगो को लेकर मंगलवार को विद्युत विभाग को मांगपत्र सौंपा है। साथ ही अल्टीमेटम देते हुए अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है।

4 सूत्री मांगों को लेकर 24 जून तक का अल्टीमेटम

श्री यादव ने मुन्ना राणा, मुन्ना गुप्ता, छोटू यादव, राजेश यादव आदि कार्यकर्ताओं के साथ तिसरी विधुत सब स्टेशन के कर्मचारी के हाथों झारखंड बिजली वितरण लिमिटेड के महाप्रबंधक के नाम मांगपत्र सौंपते हुए धनवार,गांवा और तिसरी में 12 मेगावाट बिजली सुनिश्चित करने, तिसरी में एसडीओ और गांवा में कनीय अभियंता के रिक्त पदों पर पोस्टिंग करने,गांवा के गदर पावर ग्रिड को चालू करने और तमाम गांवों में जले हुए ट्रांसफर्मर और जर्जर हुए तारों को 24 जून तक बदलने की मांग की है। अन्यथा 24 जून के बाद विद्युत सबस्टेशन का घेराव करने और अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी है।

मौके पर श्री यादव ने कहा कि 139 करो? की लागत से बना पावर ग्रिड वन विभाग द्वारा एनओसी नहीं देने के कारण अब तक चालू नहीं किया है। इस मामले को लेकर उन्होंने उपायुक्त को भी जानकरी दी है।उन्होंने कहा कि यदि जिला प्रशासन और विद्युत महाप्रबंधक ने इसका समाधान नहीं निकला तो 24 जून से विद्युत सब स्टेशन में अनिश्चितकालीन घेरा डालो - डेरा डालो व धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

विधायक और सांसद गंभीर रहते तो आज समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता

साथ ही पूर्व विधायक ने स्थानीय विधायक और सांसद पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यहां के वर्तमान स्थानीय विधायक और सांसद को जनता से कोई सरोकार नहीं है, वे लोग धर्म, जाति व पैसे की बदौलत वोट लेते हैं और चुनाव जीतने के बाद जनता को भूल जाते हैं।

यदि वे गंभीर रहते तो आज इन समस्याओं का सामना न करना पता। कहा कि भाकपा माले साल के 365 दिन जनता के सवालों को लेकर लड़ाई लड़ेगी।

उच्च न्यायालय, झारखंड के आदेश का अनुपालन नहीं कर रहे राजस्व अधिकारी

गिरिडीह अमित सहाय : रजिस्टर टू का प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध कराने हेतु किसी प्रकार का आदेश निर्देश मिलने से इंकार किए जाने संबंधी अंचल अधिकारी बेंगाबाद का बयान अखबार में सोमवार को छपने के बाद मंगलवार को किसान जनता पार्टी के संस्थापक सदस्यों की एक बैठक झंडा मैदान गिरिडीह में हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए किसान जनता पार्टी के केंद्रीय कमिटी के अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि माननीय झारखंड उच्च न्यायालय ने रिट याचिका संख्या 5925/2022 में 27 फरवरी 2024 को झारखंड सरकार, उपायुक्त गिरिडीह और अपर समाहर्ता गिरिडीह को निर्देश देते हुए कहा है कि वे याचिकाकर्ता के आवेदन करने के चार सप्ताह के अंदर रजिस्टर टू का प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध कराएं। मैं स्वयं भी निबंधित डाक के माध्यम से

अलग अलग तिथियों को सात बार माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का प्रति तथा उपायुक्त कार्यालय से निर्गत पत्र की प्रति अंचल अधिकारी बेंगाबाद को भेज चुका हूं। उसके बाद भी अंचल अधिकारी महोदय द्वारा आदेश मिलने से इंकार करना समझ से परे है।

तिसरी में 32 मौजा के किसानों से रुपैया जमा लेकर नही दी गई रजिस्टर टू

तिसरी में 32 मौजा के किसानों से रुपैया जमा ले लिया और अब रजिस्टर टू मांगने पर अंचल अधिकारी द्वारा आवेदकों के साथ गाली गलौज करते है। थाना जाने पर थाना प्रभारी कहते हैं मैं अंचल अधिकारी पर केस नहीं कर सकता। बैठक में तिसरी अंचल अधिकारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाने हेतू एसपी को सभी पीड़ति किसान ने अलग अलग आवेदन देने का निर्णय लिया।

आवेदन का एक एक रिसीविंग एसपी कार्यालय के कर्मचारियों ने रिसीविंग नहीं दिया। .

महाराजा मिष्ठान भंडार की संचालिका चेतना कुमारी ने लगाई इंसाफ की गुहार

गिरिडीह : गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र के अंबेडकर चौक पर एक विवादित जमीन पर दो पक्षों में झड़प हो गयी। इस दौरान काफी देर तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला। जिसके कारण आधा घंटा तक सड़क जाम हो गया। जाम में एंबुलेंस समेत कई वाहन फंस गए। जाम की सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर मामला को शांत करवाया और सड़क जाम को भी खत्म किया।विदित हो कि बस स्टैंड स्थित महाराजा मिष्ठान भंडार की संचालिका चेतना कुमारी, पिता स्व0 श्रीरामावतार शर्मा ने बताया कि रंजीत स्वर्णकार, विकास स्वर्णकार, पिता भीम लाल स्वर्णकार तथा उसके अन्य परिवार के सदस्यों के द्वारा हमारे महाराज मिष्ठान भण्डार के पश्चिमी दिशा की दिवाल जो बस स्टैण्ड की सड़क

की तरफ है। उसको जे0सी0बी0 या कुछ और तरीके से जबरन गिरा देने की धमकी तथा कामगार स्टाफ को फिर से अपहरण करने व मारने की धमकी दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अपने दादाजी के समय से पिछले 40 वर्षों से दुकान चला रही हूँ। 2 से 3 दिन पहले हमारे दुकान के पीछे से रंजीत स्वर्णकार अन्य सदस्यों द्वारा अपने अर्द्धनिर्मित मकान में काम पर लगाए हुए गुण्ड़ों को भेजकर उपरोक्त अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। चेतना ने पुलिस अधीक्षक, नगर निगम व नगर थाना प्रभारी अभियुक्तो के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। वहीं दूसरा पक्ष भीम ज्वेलर्स के मालिक विकास स्वर्णकार ने कहा कि अंबेडकर चौक पर एक जमीन है जो मेरा है। विकास स्वर्णकार ने बताया कि महाराजा मिष्ठान भंडार की चेतना कुमारी द्वारा जबरजस्ती काम लगवा दिया गया। 21 साल से भाड़ा नहीं दिया है।

एनसीसी कैडेट्स का प्रशिक्षण शिविर में झारखण्ड कॉलेज डुमरी ने लहराया परचम

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

डुमरी–जवाहर नवोदय वि?द्यालय बोंगा (हजारीबाग) में 9 से 17 जून 2024 तक आयोजित एनसीसी कैडेट्स को नौ दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में झारखण्ड कॉलेज डुमरी का परचम लहराया है।ज्ञात हो कि इसप्रक्षिक्षण शिविर में कुल 5 बटालियन (22 झारखण्ड बटालियन हजारीबाग,45 झारखण्ड बटालियन कोडरमा,36 झारखण्ड बटालियन धनबाद,4 गर्ल्स बटालियन धनबाद, एवं 05 गर्ल्स बटालियन,दुमका के कैडेट्स संयुक्त रूप से भाग लिया था।22 झारखड बटालियन हजारीबाग अन्तर्गत झारखण्ड कॉलेज के 15 कैडेट्स में से 7 गर्ल्स एवं 8 ब्वॉयज ने भाग लिया था।प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताओं में कुल 454 (चार सौ चौवन) कैडेट्स में झारखण्ड कॉलेज डुमरी के कैडेट्स को कुल सात पुरस्कार प्राप्त हुए। कॉलेज के अण्डर ऑफिसर आलीशान अंसारी का ऑल ओवर कैम्प सीनियर एवं ऑल ओवर डीएफएस प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।वहीं कॉलेज के कारपोरलशाम सिन्हा को ऑल ओवर जेडीएफएस द्वितीय पुरस्कार कैडेट पूनम कुमारी को ड्रील में द्वितीय पुरस्कार,कैडेट सिया कुमारी फायरिंग में प्रथम पुरस्कार एवं बॉलीबाल में पुरस्कार तथा कॅडेट ललिता कुमारी को बॉलीबॉल में बेस्ट प्लेयर पुरस्कार मिला है। कैडेट्स के द्वारा इतनी बडी सफलता प्राप्त करने एवं अपने कॉलेज का नाम गौरवान्ति करने वाले सभी कैडेट्स को कॉलेज के प्राचार्य प्रो प्रमोद कुमार सिन्हा एनसीसी पदाधिकारी प्रो राजेश प्रसाद,डा मुनिलाल ठाकुर,डा सुजीत माथुर एनएसएस के पीओ क्रमशः प्रो मनोज सिंह व प्रो शंकर ठाकुर,प्रो बी एन प्रसाद,प्रो उमाशंकर राय सहित सभी शिक्षक।

ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर किया सड़क जाम

गावां : गांवा प्रखंड अंतर्गत गदर पावर ग्रिड के सामने सैकड़ों ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन एवं सड़क जाम किया। मिली जानकारी के अनुसार गदर पावर ग्रिड होने के बाद भी यहां के ग्रामीणों को बिजली कटौती कर दिया जाता है, जिससे यहां के ग्रामीणों को काफ़ी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जिससे यहां के बच्चों को पढ़ने, एवम कृषि से संबंधित सिंचाई एवं गर्मियों के मौसम काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कटौती को लेकर 15 6.2024 को बिजली विभाग तीसरी को समझ आवेदन सौंपा गया था।

इसकी जानकारी मिलने के बाद अंचल अधिकारी गावां अविनाश रंजन एवं थाना प्रभारी दलबल के साथ पहुंचे और समझा बुझा कर धरना प्रदर्शन को हटा दिया और10 दिनों के अंदर आपका समस्या हल किया जाएगा। मौके पर उपस्थित मृत्युंजय कुमार प्रजापति, शंकर कुमार, गौतम कुमार, राम लखन यादव ,सुरेश यादव ,ललन यादव, गोपी यादव, किशन यादव ,रवि किशन यादव ,सचिन यादव ,रामेश्वर यादव, सुरेश समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।.

दुर्घटना में एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग घायल

तिसरी प्रतिनिधि। झारखण्डधाम मंदिर से पूजा कर लौट रहा एक परिवार मंगलवार की सुबह सक दुर्घटना का शिकार हो गया।जिसमें कार में बैठे एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।दुर्घटना तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत तिसरी - मंडरो मुख्य मार्ग का है।वहीं घायल परिवार थाना क्षेत्र के ही धोवापाट गांव का रहने वाला है।मिली जानकरी के अनुसार सिंघो पंचायत के धोवापाट के रहने वाले लेखराज यादव के पुत्र दिलीप यादव वैगेनार कार से अपने परिवार के साथ निर्जला एकादशी व्रत के अवसर पर पूजा करने झारखण्डधाम मंदिर गए थे। वापसी के दौरान खिजुरी क्रेशर मो के समीप वाहन असंतुलित होने से स?क किनारे स्थित पे से जा टकराई। जिसमें एक बच्चा सहित

परिवार के 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हालांकि मौके पर कार में लगा एयरबैग खुलने से बी दुर्घटना टल गई। जिसके बाद आस - पास के लोग मौके पर जुटे और दुर्घटना की जानकरी 108 एम्बुलेंस सेवा और तिसरी पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस व लोगों ने सभी घायलों को तिसरी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहाँ डॉ. महेश्वरम,डॉ. जैनेन्द्र समेत मेडिकल टीम ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया।

जिसके बाद सभी को बेहतर इलाज के लिए उच्च अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में दिलीप यादव उनका 12 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार, उनकी माता 60 वर्षीय सरस्वती देवी, 50 वर्षीय शिला देवी, फूलमंती देवी और बुधन यादव शामिल हैं।

पानी एवम बिजली के बिना तरस रहे हैं लक्ष्मी बथान गांव के लोग

आजादी के 75 साल बाद भी सरकारी मूलभूत सुविधाओं का नहीं मिला लाभ

गिरिडीह : जिले के तीसरी प्रखंड का एक गांव लक्ष्मी बाथान है जहां आजादी के 75 वर्ष बाद भी किसी भी तरह का सरकारी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं पहुंच सका है, यहां पर लगभग तीस घर से अधिक लोग इस गांवनिवास करते है, लेकिन अभी तक बिजली नहीं पहुची है पीने के लिए पानी का एक मात्र जरिया एक चापाकल है जो गर्मी के दिनों में सुख जाता है, ग्रामीण नाले और नदी के चुवा से पानी लाकर पीने को मजबूर हैं, ग्रामीणों ने बताया कि चुनाव के समय प्रतिनिधि आते हैं बिजली

पानी की समस्या को दूर करने की बात करते हैं, और दोबारा देखने भी नहीं आते हैं यहां निवास करने वाले लोगों को खासकर पानी और बिजली की भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने झारखंड सरकार , एवम विभाग और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगायी है कि इस गांव पर जल्द ही ध्यान दिया जाय और इनकी समस्याओं को दूर किया जाय ढ्ढ मौके पर बालेश्वर तुरी, छोटू हांसदा, सेवली देवी, ।

एक-नजर

टायर ब्लास्ट होने के कारण वाहन असंतुलित होकर बिजली पोल के खंभे से टकराई, एक की मौत

गावां : गावां सतगावां मुख्य मार्ग पर सवारी वाहन दुर्घटना हो जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि चार लोग गंभिर रूप से घायल हो गए। मृत व्यक्ति की पहचान अमतरो मुसहरिया निवासी 42 वर्षीय मनोज मुशहर पिता माहो मुशहर के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मनोज मुसहर अपनी बेटी की शादी के लिए पैसा पहुंचाने बिहार जा रहा था वह अम्तरो में ही सवारी वाहन पर बैठा था। और मल्हेत में जाकर सवारी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया ।वहीं दुर्घटना में घायल हुए व्यक्तियों के नाम महिला का नाम बेबी देवी पति संजय रजक, उमेश यादव पिता लूरक महतो, प्रीति देवी पति राजन रजक, बीजो देवी पति संतोष रजक ,उक्त सवारी वाहन गावां से नवादा जा रही थी। मल्हेत के पास अचानक वाहन का टायर फट जाने के कारण जिससे वाहन असंतुलित होकर सड़क के किनारे बिजली खम्भा व रेलींग से टकराकर सड़क के नीचे गिर गया। घटना में चार लोगों के गंभिर रूप से घायल होने की भी सूचना है। घायलों को इलाज हेतु गांवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद परिजन बाहर ले गये है।घटना के बाद वाहन चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना पर गावां थाना प्रभारी महेश चंद्र दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया ।शव को पोस्टमार्टम करने के लिए गिरिडीह भेज दिया गया है।

नक्सलियों की मदद करने व लेवी वसूलने वाला एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

गिरिडीह : नक्सलियों की मदद करने वाला व लेवी वसूलने वाला एक अपराधी को गिरिडीह पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी चुन्नू लाल मुर्मू, पिता फिनी लाल मांझी, गांव बिसाय, थाना टाटीझरिया, जिला हजारीबाग का निवासी है। इसके पास से पुलिस ने नक्सलियों से संबंधित पर्चा, रसीद, एक मोबाईल समेत एक मोटरसाईकिल बरामद की। एसपी दीपक कुमार शर्मा को गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के बगोदर थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधि को अंजाम देने को लेकर दो अंजान व्यक्ति गेंडा संतरूपी जंगल के आस-पास में एक मोटरसाईकिल से घूम रहा है। एसपी ने एसडीपीओ बगोदर सरिया के नेतृत्व में एक टीम गठित कर टीम जब जंगल में प्रवेश किया तो उसे देखते ही दोनो आपराधी भागने लगे।

इस दौरान एक नक्सली भागने में सफल रहा। जबकि दूसरा अपराधी चुन्नू लाल को पुलिस ने पकड़ लिया। पुछताछ के दौरान दबोचे गये अपराधी चुन्नू लाल ने नक्सलियों से अपनी सांठ गांठ होने की बात स्वीकार किया है। वहीं पुलिस ने उसके विरुद्ध एक कांड दर्ज कर लिया है। वहीं उसके दुसरे साथी अपराधी की तलाश में जुट गई है।

चोरी करने के प्रयास में जुटे एक चोर को पुलिस ने पकडा, भेजा जेल

बगोदर थाना क्षेत्र के बगोदरडीह में चोरी करने के प्रयास में जुटे एक चोर को पुलिस ने पकडा लिया है। जो हजारीबाग जिले के विष्णुगढ थाना क्षेत्र के बराय गांव निवासी सुरज कुमार है। वहीं पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

गुप्त सुचना के आधार पर बगोदरडीह में चोरी करने के प्रयास में एक चोर को पुलिस द्वारा पकडा गया। पूछताछ के दौरान पक?ये चोर की निशानदेही पर पुलिस ने उसके द्वारा पुर्व में चोरी किये गये एक चांदी की सिकडी और एक मोबाईल बरामद किया है।

तिसरी पुलिस ने अवैध ढिबरा लदे ट्रक को किया जब्त

तिसरी पुलिस ने अवैध ढिबरा परिवहन के विरुद्ध कार्यवाई करते हुए ढिबरा लदे एक ट्रक को जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गिरिडीह एसपी ने निर्देश पर यह कार्यवाई की गई है। बताया जाता है कि अवैध बिरा परिवहन की गुप्त सुचना मिली थी जिसके बाद तिसरी थाना प्रभारी संजय नायक के नेतृत्व में केंवटाटांड के पास से अवैध बिरा लदे एक दस पहिया ट्रक न. जेएच 12 सी 3819 को जब्त किया गया है। जिसके बाद पुलिस ने उक्त ट्रक को थाना लाया।

बताया जाता है कि उक्त ट्रक में बिरा लोड कर बाहर भेजने की तैयारी थी। लिहाल पुलिस मामले में संलिप्त लोगों की पहचान करने में जुटी है।.

शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से करने हेतु सौंपा ज्ञापन

गिरिडीह : गिरिडीह नगर में विद्युत आपूर्ति की कमी के कारण भयंकर गर्मी में बढ़ते तापमान में नागरिकों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है, इस संबंध में सेवानिवृत्ति इंजीनियर विनय कुमार सिंह प्रदेश प्रवक्ता ओबीसी मोर्चा भाजपा के द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला मंत्री श्री सुनीत सिंह के साथ महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता विद्युत आपूर्ति विभाग डाडींडीह गिरीडीह से मुलाकात कर उन्हें संबंधित ज्ञापन देते हुए विस्तृत रूप से वार्ता किया गया, वार्ता के बाद इंजीनियर विनय कुमार सिंह द्वारा बताया गया की वार्ता बहुत संतोषजनक हुई और विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से करने का आश्वासन प्राप्त हुआ, साथ ही उनके द्वारा बताया गया की कृष्णा नगर में कार्मल स्कूल के चाहरदिवारी के पास लगे ट्रांसफार्मर से ज्यादा लोड होने के कारण विद्युत आपूर्ति में हो रही कठिनाइयों के चलते नया ट्रांसफार्मर लगाने की बात की गयी ।

,इसके संबंध में मुख्य अभियंता द्वारा ट्रांसफार्मर लगाने हेतु संबंधित कनीय अभियंता को निर्देशित किया गया ,उसके बाद श्री सिंह, शिवपुरी मोहल्ले के पास नाली में लीकेज होने के कारण आ रहे गंदे पानी को रोकने के संबंध में उपयुक्त गिरिडीह ,सहायक नगर आयुक्त नगर निगम एवं कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग से वार्ता कर इसके शीघ्र निदान हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु वार्ता की गई, उपायुक्त महोदय गिरिडीह द्वारा शीघ्र इस पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु बताया गया, नगर निगम के वार्ड संख्या 6 लखारी में जलापूर्ति समस्या से भी सिंह के द्वारा सहायक नगर आयुक्त नगर निगम गिरीडीह को अवगत कराया गया,।

आजसू पार्टी के दोबारा नवनिर्वाचित सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को मंत्री बनाना आवश्यक

डुमरी–आजसू पार्टी के जिला प्रधान सचिव छक्कन महतो ने मंगलवार को एक प्रेस बयान जारी करके कहा है कि सभी एनडीए घटक दल को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की अधिमानता के तहत् आजसू पार्टी के दुबारा नवनिर्वाचित सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को मंत्री बनाना आवश्यक है।क्योंकि आजसू पार्टी पुरे झारखंड प्रदेश में 01सीट के एवज में 13 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी को तन मन धन के साथ समर्थन समर्पित किया है।इसके साथ ही हर बार राज्य सभा सदस्य के चुनाव में आजसू पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को समर्थन करके विजय दिलवाया है।जब भाजपा के शीर्ष नेतृत्व एनडीए के सभी घटक दल को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया है, तो आजसू पार्टी के साथ अनदेखा क्यों किया जा रहा है। इसीलिए प्रधानमंत्री से आजसू के दुबारा नवनिर्वाचित सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया जाय।

कीटनाशक दवा खाने से महिला की हुई मौत

राजमहलः तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतुलिया गांव में बीते रात एक महिला ने कीटनाशक दवाई खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मिली जानकारी के अनुसार तेतुलिया निवासी स्व. मनोज दास की 44 वर्षीय पत्नी करुणा देवी गलती से बीते रात्री घर में रखा कीटनाशक पदार्थ खा लिया था जिससे उसकी हालत बिगड़ने से मौत हो गई। उधर मंगलवार की सुबह तीनपहाड़ थाना पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर शव को पुलिस अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया। वही मामले को लेकर तीनपहाड़ थाना प्रभारी मो. शाहरुख ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

मंगलहाट निवासी विवाहिता महिला के साथ शराबी पति ने की मारपीट, सदर अस्पताल में भर्ती

साहिबगंजः राजमहल थाना क्षेत्र के मंगलहाट निवासी विवाहिता महिला पुतुल देवी के साथ उसके ही शराबी पति ने शराब के नशे में धुत होकर हथौड़ी, कचिया व दाव से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जहां गंभीर रूप से घायल महिला को परिजनों की मदद से बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका चिकित्सक की देखरेख में इलाज किया जा रहा है। वही इसको लेकर विवाहिता महिला के परिजनों ने बताया कि उसकी बेटी के साथ आए दिन उसका दामाद शराब के नशे में चूर होकर रोजाना मारपीट किया करता है। वही इसके पहले भी कई बार उसकी बेटी के साथ बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर चुका है। उधर इस मारपीट की घटना में विवाहिता महिला के सिर पर 10 टांके व दोनों हाथों के हथेलियों पर कई जगह चोट आई है।

गिट्टी लोड हाइवा सड़क किनारे मारी पलटी, चालक व खलासी बाल बाल बचे

साहिबगंजः सदर प्रखंड क्षेत्र के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत करमटोला से रक्सी स्थान जाने वाली सड़क पर तेज रफ्तार गिट्टी लोड दस चक्का हाइवा ट्रक रोड़ से नीचे गढ्ढे में पलटी मार गई। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इस घटना में चालक व उपचालक बाल बाल बच गए। वही इस हाइवा ट्रक में लगे नंबर प्लेट पर अंकित नंबर साफ साफ नहीं दिख रहा था यह भी एक चिंतनीय विषय है। इस तरह के लगे नंबर प्लेट पर जिला प्रशासन को कार्यवाही करने की जरूरत हैं यदि कोई बड़ी घटना को अंजाम देकर भाग जाती है तो कैसे गाड़ी के नंबर से पहचान होगी। उधर घटना की सूचना पाकर मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस घटनास्थल पर पहुँचकर मामले की जाँच में जुट गई है।

1932 खतियान के मुद्दे पर युवाओं ने किया बैठक

बरहेटः प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सोनाजोड़ी में जल, जंगल जमीन एवं 1932 खतियान के मुद्दे पर युवाओं ने एक अहम बैठक की। जहां इस बैठक की अध्यक्षता समाज सेवी अर्जुन महतों ने किया। उधर बैठक में दर्जनों युवाओं ने भाग लिया। इस बैठक में झारखंड खतियान संघर्ष समिति का विस्तार हेतु एक मत होकर बरहेट क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव में समिति के विचार धाराओं पर चलने का निर्णय लिया गया कि 1932 एवं जल, जंगल व जमीन का हक के लिए लड़ने वाले मात्र एक ही युवा नेता टाइगर जयराम महतो के विचार से प्रभावित होकर यह बैठक किया गया। इस मौके पर नाजिद शाहजहां, अमजद सलाम, विश्वास कर्मकार, रास्का मरांडी, मैनुल अंसारी, कासिम अंसारी सहित अन्य दर्जनों युवा उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में गर्भवती महिला हुई गंभीर रूप से घायल, सदर अस्पताल में इलाज जारी

साहिबगंजः बोरियो थाना क्षेत्र के मठियो गांव निवासी गर्भवती महिला मार्शिला सोरेन मंगलवार को अपने पति के साथ बाईक पर सवार होकर अपने ससुराल बरहेट थाना क्षेत्र के डुमरांव गांव जा रही थी। जहां बीच रास्ते में ही बाईक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई जिससे गर्भवती महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसके कारण उसके कान से खून निकलने लगी। उधर आनन फानन में परिजन उसे प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां चिकित्सक ने उसका इलाज करते हुए बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल रेफर कर दिया। उधर सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार ने गंभीर रूप से घायल महिला का इलाज करते हुए उसके परिजनों को सीटी स्कैन करवाने की सलाह दी। फिलहाल महिला का सदर अस्पताल में इलाज जारी है।

लौटरी रेगुलेशन एक्ट में फरार अभियुक्त के घर जिरवाबाड़ी पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार

साहिबगंजः जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र की पुलिस ने मंगलवार को नगर थाना क्षेत्र के कुलीपाड़ा निवासी फरार अभियुक्त मकसूद अकरम पिता स्व. जाफर अंसारी के घर ढोल नगाड़े बजाकर कोर्ट से जारी इश्तिहार को चिपकाया। इसको लेकर प्रभारी थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि लौटरी रेगुलेशन एक्ट में दर्ज कांड संख्या 19/24 के प्राथमिक अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा है जिसको लेकर कोर्ट से तामिला जारी किया गया था जिसे उसके घर पर चिपकाया गया है। वही परिजनों से कहा गया है कि आरोपी जल्द से जल्द कोर्ट में अपना आत्म समर्पण कर दें अन्यथा आगे की कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर एएसआई मनोज शर्मा सहित अन्य पुलिस जवान मौजूद थे।

हिंदू धर्म रक्षा मंच ने की माता विंध्यवासिनी मंदिर में गंगाजल का छिड़काव

उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरहरवाः हिंदू धर्म रक्षा मंच बरहरवा इकाई के द्वारा मंगलवार को संगठन के जिला महामंत्री सोनू कुशवाहा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं ने राजमहल स्थित उत्तरवाहिनी मां गंगा में स्नान ध्यान कर पुरोहित द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना करवाकर भारी मात्रा में गंगाजल लेकर बरहरवा पहुंचे। जहां हिंदू धर्म रक्षा मंच के कार्यकताओं ने संध्या बरहरवा स्थित माता विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचकर मंदिर के पुरोहित गंगा बाबा के हाथों सर्वप्रथम माता विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण के चारों ओर गंगाजल छिड़कवाया। इसके बाद हिंदू धर्म रक्षा मंच के कार्यकताओं ने माता विंध्यवासिनी मंदिर के संपूर्ण प्रांगण सहित मंदिर के ऊपरी सिरे में विराजमान करीब 32 फीट की हनुमान मंदिर के समक्ष संपूर्ण स्थानों में गंगाजल का छिड़काव किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बजरंगदल के पूर्व बरहरवा नगर संयोजक आनंद भगत शामिल हुए। वहीं हिंदू धर्म रक्षा मंच के संरक्षक मेवालाल साव ने कहा कि पूर्व से नियोजित यह कार्यक्रम तय था। आगे उन्होंने कहा कि मंगलवार का दिन हिंदू धर्म के लोगों के लिए हनुमान जी का शुभ दिन भी माना जाता हैं। इस दौरान मंदिर परिसर में कई तरह के लोगों का आवागमन बना रहता है यही कारण है कि हिंदू धर्म रक्षा मंच के कार्यकताओं ने यह निर्णय लिया है कि प्रत्येक मंगलवार को माता विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण व हनुमान मंदिर के समक्ष गंगाजल का छिड़काव करने का कार्य करेगी क्योंकि हिंदू धर्म में गंगाजल को पवित्र जल माना जाता है। यूं कहें तो हिंदू धर्म के लोग गंगाजल को साक्षात देवी के रूप में देखते हैं। यही कारण है कि इसे गंगा माता भी कहा जाता है।

वही हिंदू धर्म रक्षा मंच के जिला महामंत्री ने सभी हिंदुत्व भाइयों से अधिक से अधिक संख्या में मंगलवार को विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचकर हनुमान जी की महाआरती कार्यक्रम में शामिल होने का अपील किया है। इस मौके पर संदीप चौधरी, मिथुन, शुभों शुक्ला, मेवालाल साव, अमित भगत, जयंतो दास सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थें।

सीआईएसएफ जवान ने पत्नी की हत्या कर खुद भी कर ली आत्महत्या

- पत्नी की हत्या के उपरांत खुद फांसी लगाया सीआईएसएफ जवान ने सेक्टर 11 प्लस टू स्कूल के पास पेड़ से लटकता हुआ मिला जवान का लाश

उज्जवल दुनिया संवाददाता

बोकारो : पारिवारिक विवाद में सीआईएसएफ में कार्यरत पति संजीत मंडल द्वारा पत्नी विनीता मंडल को गला दाब के मारने का मामला प्रकाश में आया है। इसके बाद सीआईएएफ जवान ने भी खुद पेड़ पर लटक कर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल, पुरूलिया के उरमा ग्राम निवासी संजीत मंडल की पोस्टिंग बंगाल के हल्दीया में थी। गत तीन दिनों से वो अपने परिवार के पास सेक्टर 8बी, स्ट्रीट-41 क्वाटर संख्या 2368 में आया हुआ था। सोमवार देर शाम पति पत्नी में विवाद हुआ जिसको लेकर दोनों में हाथापाई हुई। इस क्रम में पत्नी को चोट लगने के कारण बेहोश हो गई। संजीत सास ससुर के साथ अपनी पत्नी को इलाज के लिए बोकारो जनरल हॉस्पिटल अस्पताल ले गया परंतु इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई थी।

उसी क्रम में मृतक संजीत रात 9 बजे के बाद बोकारो जनरल हॉस्पिटल से लापता हो गया। रातभर प्रशासन द्वारा उसे खोजा गया। मंगलवार सुबह सूचना मिली कि सेक्टर 11डी, बीएसएल हाई स्कूल के पास एक 43 वर्ष व्यक्ति का शव स्कूल कैंपस के अंदर पेड़ से झूलता पाया गया है। पुलिस मौके पर पहुँचकर लाश को कब्जे में लिया। मुतक की शिनाक्त सीआईएसएफ जवान संजीत मंडल के रूप में किया गया। पुलिस मामले की अुनसंघान कर रही है.

महादेववरण चार नंबर गोचर सड़क पर भारी वाहनों के परिचालन से होने वाली समस्याओं को लेकर मिर्जाचौकी के ग्रामीणों ने उपायुक्त को दिया आवेदन

उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के महादेववरण के रहने वाले दर्जनों ग्रामीणों ने मंगलवार को उपायुक्त हेमंत सती से उनके कार्यालय कक्ष में मिलकर महादेववरण चार नंबर गोचर सड़क पर चौबीस घंटे चलने वाले भारी व ओभरलोड वाहनों के परिचालन से होने वाली समस्याओं को लेकर एक आवेदन देते हुए इस दिशा में उचित कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। जहां दिए गए आवेदन पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि महादेववरण चार नंबर गोचर सड़क पर दिन रात हर समय क्रेशर से निकलने वाली भारी वाहनों का परिचालन होता रहता है जिसके कारण इस सड़क के किनारे निवास करने वाले लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। वही वर्ष 2013 में तत्कालीन एसडीओ व बोरियो विधायक की उपस्थिति में संबंधित क्रेशर मालिक के साथ इस बात पर सहमति बनी थी कि क्रेशर की ओर जाने के लिए बड़े वाहनों के लिए एक अलग रास्ता बनाते हुए उसी रास्ते से सभी भारी वाहनों का परिचालन होगा मगर आज 10 साल गुजर जाने के बाद भी स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। वही वाहन चालकों से कुछ भी कहने पर संबंधित क्रेशर क्षेत्र के मालिक देख लेने की बात ग्रामीणों से करते हैं जहां स्थानीय ग्रामीणों ने उपायुक्त से इस दिशा में कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

14वीं झारखंड राज्य सीनियर तैराकी प्रतियोगिता के लिए डीपीएस बोकारो में चयन शिविर 23 को

उज्जवल दुनिया संवाददाता

बोकारो : तैराकी के क्षेत्र में खेल प्रतिभा को तलाशने और तराशने के उद्देश्य से झारखंड स्विमिंग एसोसिएशन की ओर से 14वीं झारखंड राज्य सीनियर तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में बोकारो जिले की टीम गठित करने को लेकर आगामी 23 जून को नगर के सेक्टर- 4 स्थित डीपीएस (दिल्ली पब्लिक स्कूल) बोकारो में सेलेक्शन ट्रायल कैंप (चयन शिविर) आयोजित किया जा रहा है। इसमें महिला व पुरुष, दोनों ही वर्गों के खिलाड़ी भाग लेंगे।

मंगलवार को इस आशय की जानकारी बोकारो जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष -सह - डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय के स्विमिंग पूल में अनुभवी प्रशिक्षकों की देखरेख में योग्य प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा।

उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में एनएच 80 एवं भू अर्जन के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में एनएच 80 एवं भू अर्जन के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जहां उपायुक्त ने जिले में चल रहे एनएच 80 एवं भू अर्जन के विकासशील कार्यों की समीक्षा क्रमबद्ध रूप से करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अंचल अधिकारी भूमि अधिग्रहण के मामलों की समीक्षा 20 जून तक सुनिश्चित करें एवं बैठक की कार्यवाही को अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करेंगे। वही पथ निर्माण विभाग से संबंधित प्रोजेक्ट से भुगतान राशि अंचल विभाग एवं भू अर्जन पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर पूरी तरह रिपोर्ट अगले माह 18 तारीख को अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करेंगे। इस बैठक में भू अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर कुमार दास, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार, अंचल अधिकारी तालझारी सलखू हेंम्ब्रम, अंचल अधिकारी राजमहल अशोक कुमार सिंह, परियोजना निदेशक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार साहिबगंज शरद कुमार सिंह उपस्थित रहे।

अंबाडीहा मुस्लिम टोला में बच्चों के विवाद में युवती को 4 लोगों ने मारपीट कर किया घायल

उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के अंबाडीहा मुस्लिम टोला कादिर नगर में बच्चों के बीच हुए विवाद में एक युवती को 4 लोगों ने बुरी तरह से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जहां इस मारपीट की घटना में घायल युवती को परिजनों की मदद से बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने फौरन इलाज किया। वही इस मारपीट मामले को लेकर घायल युवती की मां ने बताया कि उसका छोटा बेटा साइकिल चला रहा था जहां पास के ही एक घर के बच्चें पर गलती से साइकिल चढ़ गया जिसके बाद उस परिवार के सभी लोगों ने गाली गलौज करने लगे। वही गाली गलौज करने से मना करने पर सभी लोगों ने घर में अकेली उसकी बेटी जरीना खातून पिता स्व. मो. मंजूर आलम के साथ लाठी डंडे व पत्थर से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। फिलहाल गंभीर रूप से घायल युवती का सदर अस्पताल में इलाज जारी है।

जब तक क्षेत्र के ग्रामीण आदिवासी सुखी संपन्न एवं समस्याओं से मुक्त नहीं होंगे, तब तक विकास की कल्पना बेकार है-तबारक खान

सिद्धार्थ पाण्डेय /चाईबासा।। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं की आकस्मिक बैठक गुवा बाजार मे झामुमों जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र वरीय नेता मो तबारक खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।

आहूत बैठक में वर्तमान सांसद जोबा माझी की जीत के प्रति प्रतिक्रिया एव मेहनत के साथ -साथ मतदाताओं के प्रति . एक सच्ची भावना जगाने वाले कार्यकताओं एवं पदाधिकारी को तहे दिल से धन्यवाद दिया गया। सहयोग देने वाले कार्यकर्ताओ को मोहम्मद तबारक खान ने बधाई दी ।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसद जोबा मांझी से क्षेत्र के लोगोंको बहुत सारी उम्मीदें हैं । इसके लिए क्षेत्र के विकास के लिए अग्रणी रूप से सभी को कंधे से कंधे मिलाकर काम करना है ।

हर घर जल नल मिशन के तहत संवेदक यथाशीघ्र करें पेयजल की आपूर्तिः बरकत खान

उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरहरवाः बरहरवा विधायक कक्ष में प्रखंड के विभिन्न पंचायत से आए ग्रामीणों ने हर घर जल नल मिशन के तहत संवेदकों के द्वारा बोरिंग किए जाने के उपरांत पेयजल की आपूर्ति नहीं किए जाने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान से शिकायत किया। जहां बहुत सारे पंचायत में लगभग एक वर्ष पूर्व बोरिंग कर दिया गया है लेकिन अभी तक ना स्टेकचर बनाया गया है और ना ही मोटर लगाकर पाइपलाइन द्वारा पेयजल का आपूर्ति किया गया है। इसको लेकर विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने विभाग के कार्यपालक अभियंता गोविंद कच्छप से वातालाप कर उक्त योजना कार्य में तेजी लाने की बात कही। साथ ही बरहरवा प्रखंड एवं उधवा प्रखंड में बिजली के लो वोल्टेज की शिकायत मिलने पर बिजली विभाग के एसी नथन रजक से वातालाप कर लो वोल्टेज की समस्या को सुधार करने की बात कही। वही बहुत सारे गौ पालक के इच्छुक किसान भी विधायक कक्ष में आए थे जहां विधायक प्रतिनिधि ने पशु चिकित्सक को विधायक कक्ष में बुलाकर गौ पालन योजना के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बताया कि जुलाई अगस्त माह में ग्राम सभा के माध्यम से लाभुकों का आवेदन प्राप्त कर योग्य लाभुकों को गाय की आपूर्ति कर दी जाएगी। इसके अलावा जमीन एवं थाना से संबंधित समस्याएं भी लोगों ने बरकत खान के पास रखा जहां उन्होंने विभाग के पदाधिकारी से यथाशीघ्र निदान करने का आग्रह किया। इस मौके पर पशु चिकित्सक डॉ. दिनेश कुमार एवं एहतेशामुल हक, जिला महासचिव मिथुन कुमार मंडल, मुखिया समुद्री बास्की, अनारूल खान, आलमगीर आलम, आफताब आलम के अलावा दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

सिरासीन गांव में बीस सूत्री अध्यक्ष ने किया दो दिवसीय कबड्डी टूनार्मेंट का उद्घाटन

उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरहरवाः प्रखंड क्षेत्र के सिरासीन गांव स्थित अजंता ब्रिक्स फील्ड पर मंगलवार को दो दिवसीय कबड्डी टूनार्मेंट का उद्घाटन कांग्रेस बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने फीता काटकर किया। इस दौरान मंच का संचालन पंचायत समिति सदस्य नासिर अली ने बारी बारी से किया। वही आयोजन की जानकारी देते हुए कालू पंचायत के पंचायत समिति सदस्य नासिर अली ने बताया कि इस टूनार्मेंट में कुल 8 टीम भाग ले रही है। वही फाइनल मैच की तिथि का निर्धारण अभी तक नहीं हो सका है। उधर उद्घाटन मुकाबले में शिकारपुर और सिरासीन गांव की टीमें आमने सामने हुई जिसमें सिरासीन टीम 1 अंक से जीत दर्ज की।

कबड्डी खेल से आज के युवा होते जा रहे विमुख

इस मौके पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास ने कहा कि आज के दौर में युवा कबड्डी के खेल से विमुख होते जा रहे हैं जबकि पूर्वजों के जमाने से गांव देहात में कबड्डी खेले जाने का प्रचलन रहा है। आगे उन्होंने कहा कि आज के दौर में बच्चे खेल से ज्यादा टीवी एवं इंटरनेट से चिपके रहते हैं जिससे शारीरिक एवं मानसिक विकास करने में वे सक्षम नही है। जहां सिरासीन ग्राम के युवा कमेटी द्वारा कबड्डी टूनार्मेंट आयोजित किया जाना एक सराहनीय कदम है। इस मौके पर जोहरूल शेख, अब्दुल मालेक, वसीम अकरम, मासूम आलम, नोवी शेख, महरुल शेख सहित सैकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

अटल स्मृति उधान तालाब के सौंदर्यकरण व गहरीकरण के कार्यों का राजमहल विधायक ने किया निरीक्षण

उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः नगर परिषद क्षेत्र के पुरानी साहिबगंज में अमृत सरोवर योजना के तहत बनाए जा रहे अटल स्मृति उद्यान तालाब के गहरीकरण व सौंदर्यकरण के कार्यों का मंगलवार को राजमहल विधायक अनंत कुमार ओझा ने निरीक्षण किया। जहां पिछले दिनों ग्रामीणों द्वारा नाली निर्माण की मांग की गई थी। इस योजना की प्राक्कलित राशि एक करोड़ सैंतीस लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य चल रहा है। वही स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उपयोग किए जा रहे गंदा पानी का बहाव तालाब में नहीं हो इसलिए अविलंब नाली का निर्माण कराया जाय। उधर निरीक्षण के क्रम में उपस्थित सहायक अभियंता, सीटी मैनेजर, कनीय अभियंता को निर्देशित करते हुए राजमहल विधायक ने कहा कि नगर क्षेत्र में नगर परिषद के द्वारा काफी अनियमितता व योजनाओं के प्रति उदासीनता देखा जा रहा है इसपर श्री ओझा ने उपायुक्त से दूरभाष पर बात कर असंतोष वयक्त किया। वही उपायुक्त ने विधायक को आश्वस्त किया कि जल्द ही समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्यवाही किया जाएगा। वही श्री ओझा ने नप कार्यपालक पदाधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ शीघ्र बैठक कर नगर परिषद क्षेत्र की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस मौके पर उपस्थित सहायक अभियंता ने आश्वस्त किया कि 15 दिनों के अंदर नाली निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। आगे श्री ओझा ने बताया कि नप क्षेत्र में शहरी पेयजलापूर्ति का कार्य चल रहा है जिसके कारण कई सड़कों को काटा जा रहा है जिससे आमजनों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

वही विधायक ने विभागीयकर्मी को निर्देशित किया कि अविलंब काटे गए सड़कों का मानक के अनुरूप मरम्मती कर सभी विभागों से समन्वय बनाकर कार्यों का निष्पादन करें। इस निरीक्षण के क्रम में निवर्तमान नप उपाध्यक्ष रामानन्द साह, निवर्तमान वार्ड पार्षद कौशल किशोर ओझा, सहायक अभियंता रवि शेखर, सीटी मैनेजर वीरेश कुमार, कनीय अभियंता बालेश्वर मुर्मू, अमीन कन्हाई रजक, गौतम यादव, पंकज चौधरी, गौतम पंडित, डब्लू ओझा, महेश तिवारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

स्वामी वी.आई. एंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवम प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह,द्वारा वृंदा मीडिया प्राइवेट लिमिटेड,प्लॉट संख्या-342,344 चिरौंदी-बोरया रोड,रांची-8 झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः मानवेन्द्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, आरएनआई संख्या.-JHAHIN/ 2014/ 59794

उत्तराखंड में आग उगल रहा सूरज, पहाड़ों पर झुलसाने वाली गर्मी, पारा 40 पार

देहरादून,(एजेंसी)

- भीषण गर्मी से लोगों की हालत खराब, अब बारिश का इंतजार

उत्तराखंड भी मैदानी क्षेत्रों की तरह भीषण गर्मी का सामना कर रहा है। इस वजह से प्रदेश के लोगों की हालत खराब है। कई इलाकों का तापमान 40 डिग्री से अधिक चला गया है। ऐसे में लोग अब बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

उत्तराखंड में मैदान से लेकर पहाड़ तक तपिश के कारण जनजीवन प्रभावित है। मैदानी क्षेत्रों में पारे ने सारे रिकार्ड ध्वस्त कर दिए हैं। लू के थपेड़ों से आमजन बेहाल हैं। लगातार 10 दिनों से मैदानी क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जा रहा है, जो कि सामान्य से छह से नौ डिग्री सेल्सियस अधिक है। मंगलवार दोपहर तीन बजे दून में अधिकतम तापमान 41 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश में भीषण गर्मी से राहत मिलने के बजाय पारा लगातार बढ़ता जा रहा है। मैदानी क्षेत्रों में लू चलने को लेकर चेतावनी जारी की गई है।

राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने उत्तराखंड में 19 जून को बारिश की संभावना जताई है। उत्तराखंड के कई क्षेत्रों में तापमान छह से नौ डिग्री सेल्सियस ऊपर चल रहा है। इतना ही नहीं, मैदानी इलाकों में

भी लोग भीषण गर्मी की मार झेल रहे हैं और बारिश के लिए तरस रहे हैं। फिलहाल के लिए मौसम विभाग ने देहरादून, हरिद्वार, उधम सिंह नगर, पौड़ी और नैनीताल में हीटवेव की संभावना जताई है। ऐसे में लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। लोगों को दोपहर में 12 से 4 के बीच घरों से बाहर निकलने से बचना चाहिए। साथ ही खुद को हाइड्रेटिड रखने के लिए पानी का सेवन करते रहना चाहिए। इसके अलावा खाने में हल्की और ठंडी चीजों का सेवन करना चाहिए।

दिन में भीषण गर्मी, रात को भी सुकून नहीं

भीषण गर्मी से बेहाल उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में दिन में जीना मुहाल है तो रात को भी सुकून नहीं मिल रहा है। दून में अधिकतम तापमान जहां सामान्य से नौ डिग्री सेल्सियस अधिक है, वहीं न्यूनतम तापमान भी पांच डिग्री सेल्सियस अधिक है। जबकि इन दिनों में दून का अधिकतम तापमान 34-35 और न्यूनतम तापमान 22-23 डिग्री सेल्सियस रहता है। ऐसे में रात को भी गर्म हवा के थपेड़े और उमसभरी गर्मी महसूस की जा रही है।मंगलवार दोपहर तीन बजे दून में अधिकतम तापमान 41 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश में भीषण गर्मी से राहत मिलने के बजाय पारा लगातार बढ़ता जा रहा है।

चुनाव नतीजों के बाद सुक्खू सरकार ने खोला नौकरियों का पिटारा, पुलिस कांस्टेबल भर्ती में आयु सीमा में एक साल की छूट

शिमला, (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने तीन महीने बाद सोमवार को बुलाई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम फैसले लिए। लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के नतीजों के बाद मंत्रिमंडल ने बेरोजगार युवाओं के लिए सरकारी विभागों में हजारों नौकरियों का एलान किया है। इसके अलावा पुलिस कांस्टेबल भर्ती में आयु सीमा में एक साल की छूट देने का बड़ा निर्णय लिया गया है।

मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने की।

एक सरकार प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस विभाग में आरक्षी (कांस्टेबल) के 1226 पदों पर भर्ती के लिए उम्मीदवारों की अधिकतमत आयु सीमा में एक वर्ष की छूट देने को स्वीकृति प्रदान की गई।

इस छूट के साथ अब सामान्य वर्ग के उम्मीदवार 18 से 26 वर्ष की आयु तक, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, गोरखा, प्रतिष्ठित खिलाड़ी 18 से 28 वर्ष तक और होमगार्ड 20 से 29 वर्ष की आयु तक पुलिस विभाग में कांस्टेबल पद की भर्ती के लिए पात्र होंगे।

प्रवक्ता ने कहा कि मंत्रिमण्डल ने नौनिहालों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षा विभाग में 6297 प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा प्रशिक्षकों की नियुक्ति सहित विभिन्न सरकारी विभागों में 6630 से अधिक पद भरने को मंजूरी दी है।

बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में चिकित्सा अधिकारियों के 200 पद सृजित करने और भरने का निर्णय लिया गया।

इसके अतिरिक्त, मंत्रिमण्डल ने राज्य के विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रोफेसर, एसोशिएट प्रोफेसर तथा सहायक प्रोफेसर के 22 पद भरने को मंजूरी प्रदान की। लोगों को घर-द्वार के निकट बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नाहन में प्रोफेसर के तीन तथा एसोशिएट प्रोफेसर के दो पद, श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नैरचौक, मंडी में प्रोफेसर के दो तथा एसोशिएट प्रोफेसर का एक पद, पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय चंबा में विभिन्न विभागों में प्रोफेसर के चार तथा एसोशिएट एवं सहायक प्रोफेसर के पांच-पांच पद भरे जाएंगे।

युद्ध स्तर पर कराई जाए ललतारौ नदी की सफाईः भाटी

हरिद्वार,(एजेंसी)। कचरे व मलबे से भरी पड़ी ललतारौ नदी की सफाई की मांग को लेकर भाजपा नेताओं व क्षेत्रवासियों ने क्षेत्र के निवर्तमान पार्षद विनीत जौली के संयोजन में विधायक मदन कौशिक, जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, उपजिलाधिकारी मनीष सिंह को ज्ञापन देकर ललतारौ नदी की सफाई की मांग की।

इस अवसर पर भाजपा नेता अनिरुद्ध भाटी ने कहा कि शिवालिक पर्वत मालाओं से निकलने वाले बरसाती नालों व ब्रह्मपुरी व बिल्केश्वर कालोनी, झलकारी बस्ती, वाल्मीकि बस्ती, निर्मला छावनी का समूचा बरसाती पानी ललतारौ नदी के माध्यम से गंगाजी में जाता है। वर्तमान में सफाई न होने के चलते ललतारौ नदी में मलबा, पत्थर, मिट्टी जमा हो गई है। इससे इसका भूस्तर काफी ऊंचा हो गया है तथा यह

मुख्य सड़क के लेवल तक आ गया है। इसके कारण बरसाती पानी गंगाजी तक नहीं जा पा रहा है। विगत वर्ष भी वर्षकाल में क्षेत्र में जल भराव हो चुका है। ऐसे में वर्तमान वर्षाकाल के दृष्टिगत बरसात का पानी ब्रह्मपुरी, बिल्केश्वर कॉलोनी, झलकारी बस्ती, बाल्मीकि बस्ती, निर्मला छावनी, ललतारौ पुल, श्रवणनाथ नगर के आबादी क्षेत्र में जान-माल का भारी नुकसान पहुंचा सकता है। इससे निजात पाने के लिए युद्धस्तर पर ललतारौ नदी की सफाई आवश्यक है।

निवर्तमान पार्षद विनीत जौली ने कहा कि ललतारौ नदी में अतिक्रमण व विगत पांच वर्षो से सफाई न होने के चलते मलबे के ऊंचे-ऊंचे ढेर लग गये हैं। इससे बरसाती पानी की निकासी अवरुद्ध हो चुकी है। बरसात में गंगा जी का जलस्तर बढ़ने पर ललतारौ नदी का बरसाती पानी बैक होकर आबादी वाले क्षेत्र को जलमग्न कर देगा।

छात्र की मौत की जांच सीबीआई को सौंपने के लिए डॉ सरमा ने ममता बनर्जी को लिखा पत्र

गुवाहाटी,(एजेंसी)। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने पश्चिम बंगाल की अपनी समकक्ष ममता बनर्जी से अनुरोध किया कि वे असम के तिनसुकिया के रहने वाले आईआईटी खड़गपुर के छात्र फैजान अहमद की रहस्यमयी मौत की सच्चाई को उजागर करने के लिए मामले की जांच में सीबीआई को शामिल करें।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को 17 जून को भेजे गए पत्र में डॉ. सरमा ने पारदर्शी और निष्पक्ष जांच के लिए मामला सीबीआई को सौंपने का अनुरोध किया है। डॉ. सरमा ने अपने पश्चिम बंगाल समकक्ष से अनुरोध किया कि वे सच्चाई का पता लगाने और शोकाकुल माता-पिता को न्याय दिलाने के लिए इस मामले की जांच में केंद्रीय एजेंसी सीबीआई को शामिल करने की अपील की है। इससे पहले 10 अक्टूबर, 2022 को भी डॉ. सरमा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर फैजान की मौत की गहन जांच का अनुरोध किया गया था।उल्लेखनीय है कि अक्टूबर, 2022 को फैजान अहमद का शव उसके छात्रावास में मिला था। हालांकि, उसकी मौत को आईआईटी प्राधिकरण ने आत्महत्या बताया था, लेकिन उसके शोकाकुल माता-पिता ने फैजान के शरीर पर चोट के निशान देखे थे। इसके बाद हाई कोर्ट के निर्देश के मद्देनजर दिवंगत फैजान के शव को कब्र से निकालकर दूसरी बार पोस्टमार्टम कराया गया था। पोस्टमार्टम के दौरान फैजान की गर्दन के ऊपरी बाएं हिस्से पर गोली लगने का निशान और गर्दन के दाहिने हिस्से पर चाकू से वार का निशान पाया गया।

नैनीताल में फिर 'चायवाला' के रूप में दिखे सीएम धामी

नैनीताल, (एजेंसी)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार सुबह सरोवरनगरी में सुबह की सैर पर निकले। इस दौरान वह नगर के पंत पार्क क्षेत्र में लगने वाले एक चाय के ठेले पर ह्यचायवालाह्ल के रूप में भी नजर आये। इस दौरान उन्होंने अदरक कूटकर चाय बनायी। डीएसए मैदान में बच्चों के साथ हॉकी, फुटबॉल व बास्केटबॉल खेले। स्थानीय लोगों व सैलानियों से मिले और जिला चिकित्सालय में रोगियों की कुशलक्षेम व चिकित्सालय के हालातों की जानकारी ली।

हुआ यह कि पिछली बार भी वह यहां दीवान राम नाम के एक फड़ पर चाय बनाने वाले के चाय के ठेले पर चाय बनाते हुऐ और सैलानियों व स्थानीय लोगों से फीड बैक लेते देखे गये थे। उन्हें स्थानीय भाजपा नेता हरीश राणा ने बातों-बातों में बताया था कि

दीवान राम की इस बीच मौत हो गयी है। इस पर आज वह पुनः इस ठेले पर पहुंचे और स्वर्गीय दीवान राम के पुत्र संतोष कुमार से मिलकर परिवार का हाल जाना और अपनी संवेदना व्यक्त की। इसके अलावा उन्होंने बीडी पांडे जिला चिकित्सालय जाकर वहां भर्ती आम रोगियों व बच्चों के वार्ड में जाकर रोगियों की कुशल क्षेम जानी और चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को भी परखा।

उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए। साथ ही डीएसए मैदान में बच्चों के साथ हॉकी, फुटबॉल व बास्केटबॉल भी खेली और बच्चों के साथ फोटो भी खिंचवाईं। उन्होंने मैदान में खेल रहे खिलाड़ियों के पास जाकर उनकी समस्याएं भी पूछीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके अलावा उन्होंने नगर के आम आदमियों से सीधा संवाद भी किया।

सांसद भट्ट दो दिवसीय दौरे पर नैनीताल में, योग दिवस पर होंगे मुख्य अतिथि

नैनीताल-ऊधम सिंह नगर के सांसद व पूर्व मंत्री अजय भट्ट अपने 2 दिवसीय दौरे पर नैनीताल आ रहे हैं। वह आगामी 20 जून को हल्द्वानी से चलकर 10 बजे भुजियाघाट, 11 बजे ज्योलीकोट तथा 12 बजे नैनीताल पहुंचेंगे।सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत ने बताया कि इस दौरान भट्ट की प्रचंड जीत पर जगह-जगह भव्य स्वागत किया जाएगा। भट्ट 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नैनीताल में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

पीएम मोदी के स्वागत के लिए काशी का दशाश्वमेधघाट दुल्हन की तरह सजा

वाराणसी,(एजेंसी)। केन्द्र में लगातार तीसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार शाम अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आएंगे। वाराणसी दौरे में प्रधानमंत्री दशाश्वमेधघाट पर विश्वप्रसिद्ध सांयकालीन गंगा आरती में भी शामिल होंगे। गंगा आरती में प्रधानमंत्री मोदी के मौजूदगी के पूर्व दशाश्वमेधघाट को दुल्हन की तरह सजाया गया है।

घाट पर फूलों के वंदनवार,गेट के बीच प्रधानमंत्री मोदी के बैठने के स्थान को फूलों से सजाया गया है। इसमें सूरजमुखी,रजनीगंधा,बेला और गेंदा के फूलों का इस्तेमाल किया गया है। फूलों के भीनी-भीनी सुगंध और गंगा की लहरों के बीच से आने वाली शीतल बयार के बीच प्रधानमंत्री यहां 55 मिनट तक रुकेंगे। प्रधानमंत्री गंगा पूजन के बाद घाट की मणि पर बैठेंगे।

प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए पूरे शहर को सजाया गया

पुलिस लाइन से दशाश्वमेध घाट तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ढोल नगाड़े, शंखनाद, डमरू दल के साथ पुष्प वर्षाकर भव्य स्वागत होगा। भाजपा काशी क्षेत्र के पदाधिकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत एवं अभिनंदन के लिए छोटी बड़ी सैकड़ों होर्डिंग्स लगाई गयी है। दशाश्वमेध घाट पर माँ गंगा का आशीर्वाद लेने के बाद पीएम वहां से काशी विश्वनाथ मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे। यहां भी उनके यात्रा मार्ग में गाजे बाजे संग गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा कर जोरदार स्वागत किया जायेगा। गौरतलब हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 घंटे के काशी प्रवास पर मंगलवार अपराह्न 4.30 बजे बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से मोदी वायुसेना के चॉपर हेलीकाप्टर से महेंदीगंज जाएंगे। यहां किसान संवाद कार्यक्रम में भाग लेने के बाद हेलीकाप्टर से पुलिस लाइन आएंगे। पुलिस लाइन से सड़क मार्ग से कड़ी सुरक्षा के बीच दशाश्वमेध घाट की गंगा आरती में शामिल होंगे। आरती के बाद काशी विश्वनाथ धाम पहुंचेंगे। वहां बाबा विश्वनाथ का पूजन अर्चन के बाद सड़क मार्ग से बरेका गेस्ट हाउस जाएंगे। वह गेस्ट हाउस में ही रात्रि विश्राम करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार सुबह 9 बजे बिहार के नालंदा रवाना होंगे।

मानसून सीजन में अधिकारी फोन पर उपलब्ध रहें: सतपाल महाराज

देहरादून, (एजेंसी)। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने मंगलवार को निर्देश दिया कि रोड सेफ्टी एवं डैम सेफ्टी को लेकर लोक निर्माण विभाग और सिंचाई विभाग संयुक्त रुप से सेमिनार का आयोजन करवायें। मानसून सीजन में भारी वर्षा की संभावनाओं को देखते हुए जल भराव वाले स्थानों का औचक निरीक्षण करें। भूस्खलन के दौरान सड़कों से मलबा हटाने और जेसीबी की व्यापक उपलब्धता के साथ-साथ पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित सड़कों के कलमटों एवं नालियों की सफाई समय से की जाए।सतपाल महाराज ने यमुना कालोनी स्थित लोक निर्माण विभाग कार्यालय में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक दौरान ये निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मॉनसून सीजन के दौरान अधिकारी फोन पर अपनी उपलब्धता सुनिश्चित करें और जनता को होने वाली सभी समस्याओं का समय से निराकरण करें। उन्होंने कहा कि मानसून सीजन हेतु मशीनों और नोडल अधिकारियों की तैनाती की जा चुकी है। स्मार्ट सिटी के कार्यों के तहत देहरादून के आरा घर चौक मार्ग पर 34.80 करोड़, घंटाघर दिल्ली राम चौक मार्ग पर 36.15 करोड़ और कृष्ण नगर घंटाघर चौक मार्ग पर 38.79 करोड़ के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं। विभिन्न योजनाओं के तहत प्रदेश में 28 सीटों का नवनिर्माण किया गया है जब 211 करोड़ सड़कों के नवीनीकरण का कार्य किया जा चुका है।सतपाल महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क सुरक्षा के अंतर्गत 759.19 करोड़ के 273 कार्य स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से 72 कार्य पूर्ण कर लिये गए हैं

संक्षिप्त खबरें

फायरिंग में मारे गए युवक के परिजनों का धरना, हत्यारोपितों को फांसी देने की मांग

देहरादून, (एजेंसी)। डोभाल चौक पर गोलीकांड का मामला गरमाता जा रहा है। मृतक के परिजन और स्थानीय लोग डोभाल चौक पर धरने पर बैठ गए। डोभाल चौक के स्थानीय लोगों ने सभी दुकानें की बंद कर प्रदर्शनकारियों को अपना समर्थन दिया।

मंगलवार को स्थानीय लोग सड़क जाम कर प्रदर्शन कर रहे हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि आरोपित को गिरफ्तार कर, मुख्य आरोपित सोनू भारद्वाज के घर पर बुल्डोजर चलाया जाए और आरोपितों को फांसी दी जाए। दरअसल, जबरन गाड़ी देने पर हुए विवाद के बाद भारद्वाज के साथियों ने फायरिंग की थी। इस फायरिंग में एक युवक रवि बडोला की मौत हुई और दो युवक मनोज नेगी और सुभाष घायल हुए थे।

रंगापानी रेल दुर्घटना : मौतों का आंकड़ा बढ़कर हुआ 11, घायल बच्ची ने तोड़ी दम

सिलीगुड़ी, (एजेंसी)। रंगापानी रेल दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। मंगलवार को एक घायल बच्ची की मौत हो गई है। बच्ची का नाम स्नेहा मंडल है।

सोमवार को रंगापानी में कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। घटना में 6 की मौत हो गई थत। जबकि 47 यात्री घायल हो गए थे। घायलों को उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं, सिलीगुड़ी से अपने परिजनों के साथ अपने घर मालदा लौट रही स्नेहा मंडल हादसे में घायल हो गई थी। बच्ची को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। आज सुबह इलाज के दौरान घायल बच्ची की मौत हो गई।

मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संदीप सेनगुप्त ने कहा कि ट्रेन हादसे में कई घायलों को छुट्टी दे दी गई है। हालांकि, जो लोग भर्ती हैं उनकी हालत स्थिर है। वहीं, सुबह घायल एक बच्ची की मौत हो गई है। दुर्घटना में अब तक 11 लोगों की मौत हो गई है।

किसान के सामने बदमाशों ने लूटी फसल, चली कई राउंड गोलियां

भागलपुर, (एजेंसी)। जिले के औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना क्षेत्र के विक्रमशिला पुल के नीचे मंगलवार को बदमाशों ने हथियार के बल पर मकई के फसल को लूट लिया। विरोध करने पर किसान के ऊपर बदमाशों ने तीन राउंड फायरिंग की है। इधर, घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दिया है। पिछले तीन घंटे से पुलिस वहां पर कैंप कर रही है।

उल्लेखनीय है कि गणेश यादव ने विक्रमशिला पुल के नीचे अपने खेत पर मकई का फसल लगाया था। बदमाशों ने जबरदस्ती फसल उनके सामने लूट लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद पीड़ित किसान गणेश यादव वहां से जाने बचाते भागने में सफल रहा। इसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

घटना की जानकारी मिलने के बाद औद्योगिक क्षेत्र थाना अध्यक्ष मुरलीधर शाह अपने सदल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। सूचना के बाद अंचलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। फिलहाल, पुलिस मामले को लेकर छानबीन में जुटी हुई है।

पीड़ित किसान गणेश यादव का कहना है कि बरारी के ही रहने वाले प्रदीप यादव, बोका यादव और पुनपुन यादव अपने सहयोगियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। तीनों ने मेरे ऊपर तीन राउंड फायरिंग की है। मेरे आंख के सामने फसल लूट कर फरार हो गया। उन्होंने पुलिस पर भी आरोप लगाया कि इसको लेकर पहले कई बार शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं किया गया।

मामले को लेकर थाना अध्यक्ष मुरलीधर शाह ने बताया कि घटनास्थल पर हम लोग कैंप कर रहे हैं। फायरिंग की बात अभी स्पष्ट नहीं हो पा रही है। ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। अर्धसैनिक बलों के साथ कैंप की जा रही है।

अररिया में बकरा नदी पर बन रहा पड़रिया पुल गिरा

फारबिसगंज/अररिया, (एजेंसी)। बिहार के अररिया जिले के सिखटी और कुसार्काटा प्रखंड को जोड़ने वाला पड़रिया पुल निर्माण के दौरान ही बकरा नदी में समा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि विभागीय अधिकारी के आंखों पर संवेदक की मेहरबानी का पर्दा नहीं पड़ता तो आज बकरा नदी पर बन रहा पड़रिया पुल नदी के गर्भ में नहीं समाता।

लोगों ने कहा कि इस पुल पर आवागमन के लिए वर्षों से लोग प्रतीक्षारत हैं। यह पुल जब बना तो पहली बार नदी का किनारा बाढ़ के कारण दूर हो गया था। इसके बाद 12 करोड़ रुपये की लागत से नदी के किनारे तक को जोड़ने के लिए पुल का निर्माण शुरू हुआ लेकिन विभागीय लापरवाही और संवेदक की अनियमितता से पुल गिर गया और करोड़ों रुपये के साथ लोगों को उम्मीदें भी नदी में बह गईं।

मंदिर में पूजा कर भाजपा सांसद के घर जा पहुंची सीएम ममता, उत्तरीय पहनाकर स्वागत

कोलकाता, (एजेंसी)। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कूचबिहार के मदन मोहन मंदिर में मंगलवार को पूजा की है। वहां भाजपा के राज्यसभा सांसद अनंत महाराज का घर है। पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री भाजपा सांसद अनंत महाराज के घर जा पहुंची। अपने दरवाजे पर अनंत महाराज ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का स्वागत किया और राजवंशी समुदाय का शाही उत्तरीय पहना कर घर के अंदर ले गए।

कूचबिहार लोकसभा क्षेत्र पर तृणमूल का कब्जा हो गया लेकिन लड़ाई शुरू से ही बहुत कठिन थी। कूचबिहार लोकसभा क्षेत्र में महत्वपूर्ण राजवंशी वोटों का एक हिस्सा तृणमूल के साथ था, लेकिन दूसरे समूह के नेता अनंत महाराज खुले तौर पर भाजपा के साथ थे। भाजपा ने उन्हें सांसद बनाकर राज्यसभा भी भेजा है। लेकिन भाजपा के साथ अनंत के रिश्ते हमेशा अच्छे नहीं रहे। अनंत कई कारणों से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से 'नाराज' हैं। इसलिए ममता बनर्जी के इस दौरे के बाद इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि अनंत महाराज पार्टी बदल सकते हैं।

संयोग से, फरवरी 2022 में मुख्यमंत्री ममता और अनंत को बीर चिल्ला राय नामक एक कार्यक्रम में एक ही मंच पर देखा गया था। लेकिन बाद में अनंत को तत्कालीन केंद्रीय राज्य मंत्री और कूचबिहार के पूर्व सांसद निशीथ प्रमाणिक से मिलते देखा गया था।

लेखपाल से मारपीट के खिलाफ कार्य बहिष्कार और धरना, रजिस्ट्रार कानूनगो ने भी किया समर्थन

हरिद्वार, (एजेंसी)। राजस्व लेखपाल अंजू कुमार के साथ खनन माफिया द्वारा हुई मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। लक्सर तहसील के सभी लेखपालों ने कार्य का बहिष्कार कर आरोपित प्रधान की गिरफ्तारी को लेकर पिछले आठ दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। लेखपालों का कहना है कि पुलिस राजनीतिक दबाव के कारण प्रधान को गिरफ्तार नहीं कर रही है। जिला हरिद्वार के सभी लेखपाल व रजिस्ट्रार कानूनगो पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार कर धरने पर बैठे गए हैं।

उल्लेखनीय है कि बीती 11 जून को प्रतापपुर के ग्राम प्रधान द्वारा अवैध खनन की शिकायत पर जांच करने पहुंचे राजस्व लेखपाल अंजू कुमार के साथ मारपीट की गई थी, जिसके बाद लेखपाल की ओर से लक्सर कोतवाली में मामला दर्ज कराया गया और आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की गई लेकिन लक्सर पुलिस द्वारा अभी तक किसी भी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं की गई है। 12 जून को सांकेतिक धरना देने के बाद लेखपाल संघ ने कार्य बहिष्कार करते हुए अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया था।